रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 12 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-259 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### चौंथे चरण का चुनाव प्रचार थमा, सोमवार को 96 लोक सभा सीटों पर होगा मतदान

**नयी दिल्ली।** लोक सभा चुनाव के चौंथे चरण में दस राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान थम गया। चौंथे चरण का मतदान सोमवार को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। कुल सात चरणों के इस चुनाव में चौंथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा।

### साहित्य अकादमी ने जताया सुरजीत पातर के निधन पर शोक

**नयी दिल्ली।** पंजाबी के प्रख्यात कवि, गद्यकार, अनुवादक और शिक्षाविद् सुरजीत पातर के निधन पर साहित्य अकादमी ने गहरा शोक



व्यक्त किया है। पातर का निधन हो गया। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने एक शोक संदेश में कहा कि 79 वर्ष के जीवनकाल में उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से पंजाबी भाषा और साहित्य को देश-विदेश में प्रतिष्ठा दिलाई। उनका पहला काव्य-संग्रह 'कोलाज' था और पहला गजल संग्रह 1978 में 'हवा विच लिखे हरफ' के नाम से प्रकाशित हुआ। उनकी कविता और गद्य की 10 से अधिक किताबें प्रकाशित हुई हैं। उन्होंने आठ विश्व प्रसिद्ध काव्य-नाटकों का पंजाबी में रूपांतरण किया।

### ड्रोन दीदी के लिये महिंद्रा और कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय की साझेदारी



**नयी दिल्ली।** कृषि उपकरण निर्माता कंपनी और ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने ड्रोन दीदी योजना के तहत दो पायलट परीक्षण करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साल के आरंभ में शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य 15,000 महिलाओं को उर्वरक बुआई, फसल निगरानी और बीज बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा हो सके।

# बीजेडी सरकार ने ओडिशा में मोदी सरकार की जनहितैषी योजनाओं को रोका : विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के कालाहांडी में ली दो जनसभा

पायनियर संवाददाता < नुआपाड़ा/कालाहांडी
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उड़ीसा में दो सभाएं ली। यहां उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पंद्रह साल तक भाजपा की सरकार थी, लेकिन पांच साल के लिए कांग्रेस ने सत्ता संभाली तो भ्रष्टाचार को जमकर बढ़ावा मिला। लेकिन अब फिर छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। जिसके कारण प्रदेश में दुंगति से विकास हो रहा है। इसी तरह के विकास के लिए उड़ीसा में भी डबल इंजन की सरकार होनी चाहिए। साय ने कहा कि यहां चौबीस वर्षों से नवीन पटनायक की सरकार है, मगर दुर्भाग्य कि कि वो यहाँ के किसान, मजदूर, गरीबों की भावनाओं को समझने में विफल रहे हैं। लोग कहते हैं कि ओडिशा की सरकार को नवीन बाबू नहीं कोई पांडियन चला रहा है। यह बड़ी विचित्र बात है। कालाहांडी लोकसभा के नुआपाड़ा और जूनागढ़ में जनता के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री साय ने बीजेडी सरकार को घेरते हुए कहा कि ओडिशा में खनिज सम्पदा, वन सम्पदा भरपूर है। यहाँ की मिट्टी उर्वरा शक्ति से भरपूर है, यहां मेहनतकश किसान हैं। लेकिन ओडिशा का जैसा विकास होना था, उन्नति होना था वैसा नवीन बाबू की सरकार ने नहीं किया। उल्टे केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को यहाँ लागू होने रोका। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ आम आदमी को न मिलने का आरोप लगाया और कहा बीजेडी सरकार ने केंद्र की योजना का नाम बदलकर बीजू स्वास्थ्य योजना कर दिया। लेकिन राज्य के प्राइवेट हॉस्पिटल में इसका लाभ गरीबों को नहीं मिलता है। यह दुर्भाग्यजनक है। छत्तीसगढ़ की अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सीएम ने कहा कि मात्र 4 महीने में उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी, 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी और अंतर की राशि 13,320 करोड़ रुपए 24.72 लाख किसानों को देने का काम किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने के पहले सप्ताह में 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों के खातों में एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि देने की भी बात भी कही। विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस और बीजद ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। जबकि भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। आज आपके ओडिशा की एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व नरेंद्र मोदी ने मुझे सौंपा है।

# जगन मोहन रेड्डी ने अपने भ्रष्टाचार के मामलों के कारण केंद्र से समझौता किया : राहुल गांधी

वार्ता < कडप्पा
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अपने भ्रष्टाचार के मामलों के कारण केंद्र में भारतीय जनता पार्टीनीत सरकार के साथ समझौता कर लिया। गांधी ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वाईएस शर्मिला की अध्यक्षता में एक चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए कहा, आंध्र प्रदेश को 'बी' टीम द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें कहा गया है कि 'बी' का मतलब 'बाबू', 'जे' का मतलब 'जगन' है। 'और 'पी' के लिए 'पवन कल्याण' चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और पवन कल्याण का रिमोट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है, जो सीबीआई और ईडी को नियंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि तीनों नेताओं ने भाजपा के लिए आंध्र प्रदेश के स्वाभिमान से समझौता किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी का नाम केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी में शामिल करने में कांग्रेस पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा,÷वाईएस राजशेखर रेड्डी ने आजीवन भाजपा का विरोध किया लेकिन उनके पुत्र जगन मोहन रेड्डी ने भाजपा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

# मोदी सरकार बनना अब मुश्किल, इसलिए विकास पर बात करने की बजाय हिंदू-मुस्लिम कर रहे : खड़गे

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि तीन चरणों के चुनाव के बाद साफहो गया है कि केंद्र में अब नरेंद्र मोदी की सरकार बन पाना अत्यंत मुश्किल है, इसलिए वह देश के विकास के बारे में बात करने की बजाय वोट के लिए हिंदू-मुस्लिम को बांटने की कोशिश में लगे हुए हैं। खड़गे ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस के नेताओं के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन चरणों का चुनाव हो चुका है। इससे साफ हो गया है कि मोदी के लिए अब सरकार बना पाना अत्यंत मुश्किल है। इसलिए, वह अब अपनी चुनावी सभाओं में विकास को लेकर कुछ नहीं बोलते हैं।

# महादेव सट्टा ऐप मामले में अर्जुन यादव से पूछताछ जारी, 14 मई तक पुलिस रिमांड पर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा महादेव सट्टा ऐप मामले में बर्खास्त आरक्षक अर्जुन यादव को पचमढ़ी से हिरासत में लेकर रायपुर लाया गया था और पूछताछ के बाद आरोपी की महादेव ऐप में संलिप्तता पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार करके ब्यूरो द्वारा पूछताछ के लिये उसे 05 दिवस की पुलिस रिमाण्ड में लिया गया है। आरोपी ने पूछताछ में अब तक 20 से अधिक महादेव ऐप के पैनल का संचालन करना स्वीकार किया है जिसमें से वर्तमान में 4 पैनल श्रीलंका और 1 पैनल कोलकाता में चलना बताया। आरोपी से प्राप्त पैनलों के संबंध में जानकारी के आधार पर रायपुर पुलिस की टीम द्वारा कोलकाता में कार्यवाही की जा रही है। आरोपी अर्जुन यादव के मोबाइल फोन में महादेव ऐप से जुडे हुए बहुत से वाट्सअप ग्रुप भी मिले हैं जिनमें से कुछ ग्रुप आरटीजीएस एकाउन्ट से और कुछ ग्रुप फेक एकाउन्ट से संबंधित हैं। ब्यूरो की टीम द्वारा ग्रुप्स से प्राप्त जानकारी के आधार पर 200 से अधिक ऐसे बैंक एकाउन्ट को चिन्हांकित करके लगभग 03 करोड रूपये की राशि इन बैंक खातों में सीज करवाया गया है। आरोपी से महादेव ऐप के पैसे से खरीदी गई एक फॉर्च्यूनर गाड़ी भी जप्त की गई है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

# सुरक्षाबलो और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़, एक नक्सली ढ़ेर

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले मे सुरक्षाबलो और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ मे एक नक्सली के मारे जाने की भी खबर है। बताया जा रहा है की जंगल मे सर्चिंग जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना नगरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भैसामुंडा के जंगल मे पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, भैसामुंडा के जंगल में मैनपुर नुआपाडा संयुक्त डिवीजन के माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी धमतरी, डीआरजी गरियाबंद की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी जहां एक नक्सली के ढ़ेर होने की खबर है वही मुठभेड़ अभी लगातार जारी है।

## आईईडी की चपेट में आने से युवती की मौत

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक आदिवासी युवती शांति पुनेम की मौत हो गई। घटना गंगालूर थाना क्षेत्र के मल्लूर गांव की है। मिली जानकारी अनुसार 20 वर्षीय युवती शांति पुनेम बुरजी से मल्लूर अपने रिश्तेदार के यहां तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। रात लगभग 8-9 बजे अपने घर बुरजी वापस जा रही थी, उसी वक्त शांति का पैर प्रेशर आईईडी की जद में आ गया और पैर के दबाव से आईईडी में ब्लास्ट हो गया। शांति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। प्रेशर आईईडी से उक्त युवती के दोनों पैरों के चिथड़े उड़ गए।

# पुलवामा धारा-144: महबूबा ने प्रशासन पर चुनाव 'फिक्सिंग' करने का लगाया आरोप

वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने पुलवामा जिले में धारा 144 लागू करने पर सवाल उठाया और प्रशासन पर लोकसभा चुनाव को 'गड़बड़ी' करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। महबूबा ने कहा कि अधिकारियों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में अपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत 6.30 बजे से 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। गौरतलब है कि पुलवामा श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां पर सोमवार को मतदान होना है। उन्होंने श्रीनगर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, यह अभूतपूर्व है और ऐसा पहले नहीं हुआ है कि जहां चुनाव होने हैं, वहां प्रतिबंध लगाए गए हैं और वह भी चुनाव प्रचार के समापन के समय में।' उन्होंने कहा, 'ये प्रतिबंध पुलवामा को लक्षित करके लगाए गए हैं। उधर, महबूबा के के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पुलवामा के उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए चुनाव आयोग के पिछले 72 और 48 घंटों से संबंधित विशिष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत इसे अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा, ईसीआई दिशानिर्देश पिछले 72 घंटों और पिछले 48 घंटों के लिए विशिष्ट एसओपी को अनिवार्य करते हैं।

## कांग्रेस नस्लभेद की राजनीति से समाज को बांटने की कर रही है कोशिश : भजनलाल

**खड़केश्वर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस पर समाज को बांटने की कोशिश करने का आरोप



लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और उनके सिद्धांतों की बातें करने वाली यह पार्टी जातिवाद, क्षेत्रवाद और प्रांतवाद के बाद अब नस्लवाद की राजनीति पर उतर आई है। शर्मा महाराष्ट्र के खडकेश्वर में आयोजित प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता द्वारा देश के अलग-अलग क्षेत्रों के निवासियों के बारे में नस्लभेद संबंधी टिप्पणी करना समाज को बांटने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, आतंकवाद और नक्सलवाद का बोलबाला था। तुष्टिकरण के आधार पर सरकारें चलती थीं, जिससे देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा।

# मोदी को वापस गुजरात भेजें, उद्धव ने किया आह्वान

**छत्रपति संभाजीनगर।** शिवसेना प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें झूठा बताया है और उन्हें वापस गुजरात भेजने का आह्वान किया है। ठाकरे ने औरंगाबाद संसदीय सीट से पार्टी उम्मीदवार चंद्रकांत खैरे के समर्थन में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर जमकर हमला



बोला। उन्होंने कहा, मोदी के इंजन को बदलने की जरुरत है इसलिए उन्हें वापस गुजरात भेज दें। पिछले 10 सालों में मोदी के इंजन ने झूठ उगलने के अलावा कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा, भाजपा हमारी (भारत अघाड़ी) लोचना करती है, लेकिन हमारे पास 'चेहरे' हैं। हर कोई अब कह रहा है कि इंडिया समूह में सभी दावेदार प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी कर सकते हैं, जबकि भाजपा के पास केवल एक ही चेहरा है। इसलिए उन्हें अब एक नया चेहरा ढूंढना चाहिए। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, राजग के पास अब कोई चेहरा भी नहीं है। क्या आप ऐसे व्यक्ति को फिर से अपना प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं जिसने देश को गड्ढे में डालने की कोशिश की? इसलिए उन्हें वापस गुजरात भेज दें। मोदी को चुनौती देते हुए ठाकरे ने कहा, मोदी मुझे खत्म करने जा रहे थे और अब वह चले गये।

# मोदी की मंशा है एक राष्ट्र एक नेता के खतरनाक मिशन को पूरा करना : केजरीवाल

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव जीत गई तो विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में डालकर एक राष्ट्र एक नेता के खतरनाक मिशन को पूरा किया जाएगा। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'आप' को कुचलने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। पार्टी के चार सबसे बड़े नेता को जेल में भेजने के बाद भी उनकी पार्टी और मजबूती से उभरी है। प्रधानमंत्री 'आप' को कुचलना चाहते हैं। यह जनतंत्र नहीं है इसे देश की जनता नहीं पसंद करती है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि वह भ्रष्टाचार से लड़ रहे हैं लेकिन उन्होंने देश के सबसे भ्रष्ट लोगों को अपने पार्टी में शामिल कर लिया है। उन्हें अगर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़नी है तो केजरीवाल से सीखनी होगी। प्रधानमंत्री देशवासियों को बेवकूफ समझने की भूल न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बेहद खतरनाक मिशन शुरु कर रखा है। वह एक राष्ट्र एक नेता की राह पर चल रहे है। इसमें सभी विपक्ष को खत्म कर देंगे। अगर वह चुनाव जीत गये तो विपक्ष के बाकी सारे नेता जेल के अंदर होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी पार्टी के नेताओं की भी राजनीति खत्म करने पर लगे हैं। इस बार अगर चुनाव जीत गये तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी बदल देंगे। इससे पहले उन्होंने कई राज्यों में भाजपा के दिग्गज नेताओं को किनारे लगाने का काम किया है। केजरीवाल ने कहा, एक तानाशाह देश के जनतंत्र को खत्म करना चाहता है। वह 140 करोड़ देशवासियों से अग्रह करते हैं कि देश के जनतंत्र को बचायें। उन्होंने कहा कि वह देश को बचाने के लिए पूरे देश में जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी अपने लिए वोट नहीं मांग रहे बल्कि वह गृहमंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं क्योंकि अगले साल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री 75 साल के हो जाएंगे। केजरावाल ने कहा कि चार जून के बाद भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। सभी राज्यों में भाजपा की सीटें कम हो रही हैं। इनकी एक भी राज्य में सीटें नहीं बढ़ रही है। देश में इंडिया समूह की सरकार बनेगी और उसमें 'आप' भी भागीदार होगी। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलायेंगे।

## जगन्नाथ मंदिर के खजाने के रिकॉर्ड को बनाये रखने में विफलता के लिए राज्य सरकार की भी आलोचना की

# बिना कागज की मदद के ओडिशा के जिलों के नाम बताएं पटनायक : मोदी

वार्ता < फुलबनी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर जमकर हमला बोला और उन्हें कागज की मदद के बिना राज्य में जिलों और उसके मुख्यालयों के नाम बताने की चुनौती दी। मोदी ने फुलबनी के स्टेडियम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्हें जिम्मेदारी संभालने वाले किसी भी व्यक्ति की आलोचना या बदनाम करने की आदत नहीं है, लेकिन ओडिशा की मौजूदा स्थिति को देखकर उन्हें बहुत दुख हो रहा है। उन्होंने कहा नवीन पटनायक कई वर्षों से राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। मैंने उन्हें कागज के टुकड़े के बिना जिलों और उसके मुख्यालयों का नाम बताने की चुनौती दी है। उन्होंने पटनायक पर तंज कसते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री अपने राज्य के जिलों और उसके मुख्यालयों का नाम तक नहीं बता सकते, वे यहां लोगों की दुर्दशा और पीड़ा को कैसे समझ सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात के पास नमक के अलावा कुछ भी नहीं है, फिर भी यह ओडिशा की तुलना में विकास में बहुत आगे है, जो वन और खनिज संसाधनों में समृद्ध होने के बावजूद अभी भी पिछड़ा हुआ है तथा जहां लोग अभी भी गरीबी की मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा, हम एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो राज्य के लोगों से जुड़ा हो। ओडिया के गौरव, संस्कृति और परंपरा को समझता हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को पांच साल तक ओडिशा की सेवा करने का मौका दें, ताकि राज्य को देश में नंबर एक राज्य के रूप में विकसित किया जा सके। प्रधानमंत्री ने जगन्नाथ मंदिर के खजाने के रिकॉर्ड को बनाये रखने में विफलता के लिए राज्य सरकार की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, करीब 70 साल पहले नियम बनाये गये थे कि मंदिर के खजाने का रिकॉर्ड रखा जायेगा। रत्न भंडार की आखिरी सूची लगभग 45 साल पहले बनायी गयी थी। मंदिर का रत्न भंडार पिछले 40 साल से नहीं खुला है और पिछले छह साल से रत्न भंडार की चाबियां गायब हैं। राज्य सरकार रत्न भंडार की चाबियां नहीं रख सकी और डुप्लीकेट चाबी लेकर आयी, जो चाबी के गायब होने से भी अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को यह जानने का पूरा अधिकार है कि चाबियों का क्या हुआ और चाबी किसने ली तथा डुप्लीकेट चाबी किसने तैयार की। मोदी ने कहा कि मामले की जांच के लिए आयोग का गठन किया गया था।

### लोकसभा चुनाव में भाजपा बनायेगी रिकॉर्ड, मोदी ने किया दावा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड बनायेगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 400 का आंकड़ा पार करेगा। मोदी ने ओडिशा में अपने अभियान के दूसरे चरण में यहां चुनावी रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला किया। उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा शहजादे 2024 के चुनाव में वही भाषण दे रहे हैं जो उन्होंने 2014 और 2019 के चुनावों में दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस लोकसभा में कुल सीटों का 10 प्रतिशत भी हासिल नहीं कर पायेगी और 50 से भी कम सीटें प्राप्त करेगी, जिससे वह लोकसभा में विपक्ष के दर्जे से वंचित हो जायेगी।' अटलबिहारी वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में परमाणु परीक्षण किये जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कांग्रेस ने बार-बार यह कहकर देश को डराया है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

## तीसरे चरण के मतदान का नया संशोधित आंकड़ा 65.68 प्रतिशत के पहले स्तर पर

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग की ओर से जारी संशोधित आंकड़ों के अनुसार लोक सभा चुनावों के तीसरे चरण में सात मई को 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ। आयोग की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि




भारतीय चुनाव आयोग के सात और आठ मई को जारी दो प्रेस विज्ञप्तियों के क्रम में इस समय चल रहे आम चुनाव 2024 के चरण-3 में 93 निर्वाचन क्षेत्रों में 65.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीसरे चरण के चुनाव में सात मई को वोट डाले गए थे। अयोग द्वारा आठ मई को जारी विज्ञप्ति में भी मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत दिया था। सात मई को रात 11 बजे जारी विज्ञप्ति में मतदान का प्रतिशत 64.4 प्रतिशत बताया गया था। आयोग की ताजा विज्ञप्ति के अनुसार तीसरे चरण में पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 66.89, महिलाओं का 64.41 प्रतिशत और लिंग-वर्ग तृतीय (उभयलिंगी) के मतदाताओं का प्रतिशत 25.2 था। तीसरे चरण में असम के चार संसदीय क्षेत्रों में सर्वाधिक 85.45 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर सबसे कम सबसे कम 57.55 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनावों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को हुए पहले और दूसरे चरण में क्रमशः 66.1 प्रतिशत और 66.7 प्रतिशत वोट पड़े थे।

# सरकार बनने पर एक करोड़ नौकरी दी जायेगी : तेजस्वी

एजेंसी < दरभंगा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त को एक करोड़ लोगो को सरकारी नौकरी दी जाएगी साथ ही सभी महिलाओं को साल में एक लाख रुपया नकद दिया जायेगा। यादव चौंथे चरण के चुनाव के अंतिम दौर में चुनावी प्रचार में विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के साथ दरभंगा के सोनकी गांव पहुंचे। इस दौरान तेजस्वी यादव और मुकेश साहनी ने दरभंगा के राजद प्रत्याशी ललित यादव के पक्ष में प्रचार किया। तेजस्वी यादव ने जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला बोला। उन्होंने अपनी चोट को पहले लोगो को दिखाया फिर चोट के बहाने लोगो को बताया की डाक्टर उन्हें तीन सप्ताह का बेड रेस्ट बताया। उन्होंने कहा उन्हें नहीं बल्कि मोदी को बेड रेस्ट में जाने की जरुरत है। राजद नेता ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो 15 अगस्त को एक करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी। साथ ही सभी महिला को साल में एक लाख रुपया नकद दिया जायेगा है। इसके अलावा सभी घर में दो सौ यूनिट बिजली फ्री के साथ गैस सिलेंडर का दाम पांच सौ रुपये फिक्स किया जायेगा। सहनी ने चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह उनका गृह जिला है। यहां ललित यादव राजद के उम्मीदवार है ,उन्हें वोट देकर जिताये। आप लोगों ने हमसे कहा था आप मलाह का बेटा आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है अब समय आ गया है आपलोग हमारे साथ हो हम आपके मान सम्मान की रक्षा करेंगे।

# सैलजा ने टोहाना के गांवों का दौरा कर वोट की अपील की

एजेंसी < चंडीगढ़/ टोहाना
www.dailypioneer.com



हरियाणा के सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने टोहाना विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा किया और सभाओं को संबोधित करते हुये वोट की अपील की। सैलजा ने कहा कि जिसने भी अन्नदाता को दुःखी किया, उससे तो ऊपर वाला दाता भी नाराज हो जाता है, इस भारतीय जनता पार्टी सरकार ने तो किसानों के उत्पीड़न और शोषण की सारी हदें पार कर दी हैं। इसके कार्यकाल में अपना हक मांगने वाले किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सरपंचों ने सरकार के लट्ठ खाये हैं, पीठ पर पड़े एक-एक लट्ठ का अब वोट की चोट से जवाब देने का समय आ गया है। बदलाव का समय है, देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने का समय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों, महिलाओं, युवाओं से किया गया एक-एक वायदा पूरा किया जायेगा, यह कांग्रेस की गारंटी है। उन्होंने जांडली गांव में एक सभा को संबोधित करते हुये कहा, अब से चुनाव मेरा नहीं रहा इस चुनाव को तो आपने अपना बना लिया है। अब बदलाव का समय है। देश एक ही बात सोच रहा है कि इन भाजपा नेताओं को क्या हो गया है, ये अपने आप को विश्व का सबसे बड़ा नेता मानने लगे हैं। सैलजा ने मतदाताओं से कहा, दो बार गलती कर ली है, तीसरी बार गलती मत करना, वर्ना कोई नहीं बचेगा, न संविधान बचेगा, न लोकतंत्र बचेगा, न किसान, न मजूदर बचेगा। सभी से बोलने तक का अधिकार छीन लिया जायेगा।

# मध्यप्रदेश में आठ संसदीय क्षेत्रों में थमा चुनावी शोरगुल

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत मध्यप्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों में आज शाम चुनाव प्रचार अभियान की समय सीमा समाप्त होने के साथ ही चुनावी शोरगुल थम गया। देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा में चुनाव प्रचार अभियान की समय सीमा शाम छह बजे समाप्त हो गयी। अब प्रत्याशी घर घर जाकर संपर्क कर सकेंगे और इन क्षेत्रों में कोई बाहरी व्यक्ति भी नहीं रुक सकेगा। इन क्षेत्रों में 13 मई को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रचार अभियान के तहत अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और अन्य नेताओं ने तथा कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने प्रचार कार्य में हिस्सा लिया। प्रदेश भाजपा के अनुसार राज्य में लोकसभा चुनाव के तहत मुख्यमंत्री डॉ यादव ने चार चरणों में 139 सभाओं को संबोधित किया। इसके साथ ही 49 रोड शो किए। मुख्यमंत्री ने सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया और इस दौरान उन्हें 178 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचने का अवसर मिला। डॉ यादव 25 प्रत्याशियों के नामांकनपत्र दाखिले के समय भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रचार अभियान के दौरान 13 जिलों में रात्रि विश्राम भी किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घंटे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के उन व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सघन निगरानी अभियान भी चलाया जाता है। निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार इन आठों संसदीय क्षेत्रों पर कुल 74 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें देवास और मंदसौर में आठ-आठ, खंडवा में 11, खरगोन में पांच, रतलाम में 12, धार में सात, इंदौर में 14 और उज्जैन में नौ प्रत्याशी शामिल हैं।

# भाजपा ने चंडीगढ़ में मास रैपिड पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के नाम पर लोगों को किया गुमराह: कांग्रेस

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

चंडीगढ़ कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के उम्मीदवार संजय टंडन और अन्य पार्टी नेताओं पर शहर में यातायात की भीड़ को कम करने के लिये किसी उपयुक्त मास रैपिड पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के प्रावधान के मुद्दे पर चंडीगढ़ के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। जारी एक बयान में, चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव शर्मा ने कहा कि शहरवासियों के हित में सही निर्णय लेने में भाजपा की बार-बार नाकामियों के कारण शहर में ऐसी स्थिति पैदा हो गयी है, जहां वाहन चालकों को शहर की अधिकांश सड़कों पर लंबे-लंबे ट्रैफिक जामों में फंसना पड़ता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सांसद किरण खेर ने अपने पहले कार्यकाल के शुरुआत में शहर के लिये पिछ्ले सांसद के मेट्रो रेल लाने के प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया था और फिर अगले चार साल तक कोई वैकल्पिक प्रस्ताव भी सामने नहीं रखा। इस दौरान शहर में यातायात बढ़ता रहा और भाजपा नेता हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। हालांकि, लोकसभा चुनाव से ठीक पहले फरवरी 2019 में प्रशासनिक सलाहकार परिषद
की बैठक में किरण खेर ने पहली बार चण्डीगढ़ शहर के लिए मोनोरेल की वकालत की थी, लेकिन इसके केवल तीन महीने बाद ही उन्होंने अपना रुख फिर से बदल लिया। उन्होंने कहा कि मई 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करते समय, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने चंडीगढ़ के लोगों से एक चुनावी वादा किया था कि अगर किरण खेर दूसरी बार सांसद चुनी गईं, तो शहर में डबल डेकर स्काई बसें शुरू की जाएंगी। किरण खेर ने इस बात पर भी सहमति जताई कि स्काई बसों के परिचालन शुरू होने के बाद चंडीगढ़ में परिवहन में एक क्रांति सी आ जायेगी, लेकिन मई 2019 में उनकी जीत के बाद, गडकरी और खेर दोनों शहर में स्काई बसों को शहर की सड़कों पर लाने के अपने वादे को बिलकुल भूल गये। इसके बाद, नवंबर 2022 में केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में, खेर और संजय टंडन दोनों ने शहर में मेट्रो के प्रस्ताव का जमकर विरोध किया, हालांकि रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में मेट्रो रेल की सिफारिश की थी। तब संजय टंडन ने सुझाव दिया था कि मेट्रो के बजाय, शहर को डबल डेकर स्काई बसें प्रदान की जानी चाहिये।

# यूपी में चौथे चरण की 13 सीटों पर चुनाव प्रचार खत्म

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में इतने ही जिलों की 13 संसदीय सीटों के लिए जोरदार प्रचार अभियान समाप्त हो गया। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बताया कि इन 13 सीटों पर 13 मई (सोमवार) को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा, ''जिन 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा उनमें शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराईच शामिल हैं।
इसके अलावा, ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। '' उसी तिथि को शाहजहांपुर जिले का भी मतदान होगा। उन्होंने कहा कि चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों में से 8 सीटें सामान्य वर्ग की और 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने कहा, ''ये 13 सीटें राज्य के 13 जिलों में फैली हुई हैं, जिनमें शाहजानापुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रुखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज और बहराईच शामिल हैं। सीईओ ने कहा कि इस चरण में कुल 16,334 मतदान केंद्र और 26,588 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां मतदान होगा। इस चरण में 1.31 करोड़ पुरुष और 1.15 करोड़ महिलाओं सहित 2.46 करोड़ मतदाता 130 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए पात्र हैं। प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत विभिन्न दलों के प्रमुख नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टियों के उम्मीदवारों के समर्थन में जमकर प्रचार किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र 'टेनी' समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। कन्नौज सीट पर हाई प्रोफाइल मुकाबला देखने को मिल रहा है, जहां सपा प्रमुख अखिलेश यादव मौजूदा सांसद और भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार सुब्रत पाठक को चुनौती दे रहे हैं। गौरतलब है कि अखिलेश मैनपुरी जिले की करहल सीट से मौजूदा विधायक हैं और यूपी विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। कन्नौज में सपा ने पहले तो अखिलेश के भतीजे तेज प्रताप यादव को अपना उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन बाद में तय हुआ कि पार्टी प्रमुख खुद इस सीट से चुनाव लड़ेंगे। कभी सपा का गढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र से अखिलेश 2000, 2004 और 2009 समेत तीन बार सांसद चुने गए। 2012 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रूप में चुने जाने के बाद, अखिलेश ने सीट खाली कर दी और उनकी पत्नी डिंपल यादव निर्विरोध चुनी गईं। सपा की जीत का सिलसिला 2019 तक जारी रहा जब भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक ने डिंपल को लगभग 12,000 वोटों के मामूली अंतर से हराया। इस बार सपा अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। एक और सीट जहां कुख्यात तिकोनिया कांड के बाद भी भाजपा की लोकप्रियता की परीक्षा होगी वह है खीरी संसदीय क्षेत्र, यहां से मौजूदा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र 'टेनी' फिर मैदान में हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं ने टेनी के पक्ष में बड़े पैमाने पर प्रचार किया। खीरी सीट पर सपा ने टेनी के खिलाफ अपेक्षाकृत नये चेहरे उत्कश वर्मा को मैदान में उतारा है। शाहजहांपुर में भाजपा के अरुण कुमार सागर, सपा के राजेश कश्यप और दाउदराम वर्मा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। यहां भाजपा का पलड़ा थोड़ा भारी है क्योंकि उसके विधायक लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा की मानी जाने वाली धौरहरा सीट पर पार्टी ने दो बार की सांसद रेखा वर्मा को दोबारा मैदान में उतारा है, उन्हें पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया से चुनौती मिलेगी, जो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाते हैं। भदौरिया ने 2014 की लोकसभा सीट पर उसी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए और तीसरे स्थान पर रहे। सीतापुर सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद राजेश वर्मा पर भरोसा जताया है, जिन्हें अपेक्षाकृत नए उम्मीदवार और कांग्रेस उम्मीदवार राकेश राहौर से चुनौती मिल रही है।

# किसान संगठनों में छिपे आप, कांग्रेस, अकाली दल के कार्यकर्ता दे सकते हैं अप्रिय घटना को अंजाम: जाखड़

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शनिवार को आरोप लगाया कि पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों को प्रचार करने से रोकने के लिए आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। जाखड़ ने कहा कि तीनों दलों के कार्यकर्ता किसान संगठनों के आंदोलन की आड़ लेकर भाजपा उम्मीदवारों का रास्ता रोक रहे हैं। उन्होंने आशंका जतायी कि प्रदर्शनकारी किसानों में घुसपैठ कर चुके आप और कांग्रेस के ये कार्यकर्ता भाजपा उम्मीदवारों को बदनाम करने के लिए किसी भी हद तक जा सके हैं। यहां तक कि वास्तविक किसानों के खिलाफ अप्रिय घटनाओं को भी अंजाम दे सकते हैं।

उन्होंने कहा, जब से भाजपा ने लोकसभा सीटों के लिये अपने प्रत्याशी घोषित किये हैं, तब से आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अकाली दल के लोग किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं के रूप में अलग-अलग जगह जाकर हमारे उम्मीदवारों का रास्ता रोक रहे हैं। परनीत कौर, हंसराज हंस, दिनेश सिंह बब्बू, सुशील रिंकू, तरनजीत संधू, रवनीत बिट्टू, अनीता सोमप्रकाश या परमपाल कौर सबको प्रचार नहीं करने दिया जा रहा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, पंजाब की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी परमपाल कौर के इस्तीफे को भगवंत मान सरकार लगातार नामंजूर कर रही है।

# देवास में 33 पेटी देशी मदिरा जप्त

**देवास।** मध्यप्रदेश के देवास जिले में टिगरिया सांचा गांव में एक खेत पर बने मकान से आबकारी टीम ने आज 33 पेटी देशी मदिरा जप्त की। आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर आबकारी टीम ने जिले के टिगरिया सांचा गांव में एक खेत पर बने मकान की तलाशी ली। इस दौरान मौके से 33 पेटी देशी मदिरा बरामद हुई। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अवैध रूप से मदिरा संग्रह करने आरोप में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग एक लाख 21 हजार रूपए बताया गया है।

# तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री के कपाट अक्षय तृतीया खुले

**बदरीनाथ धाम।** उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार यानी 12 मई को प्रातः छह बजे ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे। इससे पूर्व, राज्य के अन्य तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री के कपाट बीते शुक्रवार, अक्षय तृतीया, 10 मई को खुल चुके हैं। बदरी नाथ के कपाट खुलने की बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। इसके लिए मंदिर को बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति, ऋषिकेश के सहयोग से पुष्पों से भव्य रूप से सजाया जा रहा है। रात्रि तक मंदिर को सजाने का कार्य चलता रहेगा।

# हाईकोर्ट-जिला न्यायालयों के रिकॉर्ड का शीघ्र होगा डिजिटलीकरण: न्यायमूर्ति राव

वार्ता < धर्मशाला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामाचंद्रा राव ने शनिवार को देहरा में ज्यूडिशियल कोर्ट कांप्लेक्स की आधारशिला रखी। इस अवसर पर बचत भवन देहरा में आयोजित कार्यक्रम में न्यायमूर्ति राव ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय लोगों को उनके घर-द्वार के समीप तीव्र एवं किफायती न्याय सुनिश्चित बनाने के लिए समर्पित प्रयास कर रहा है। जनता के लिए न्याय व्यवस्था को अधिक सुगम और सुलभ बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। न्यायमूर्ति राव ने कहा कि उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालयों में उचित भवन बुनियादी ढांचा विकसित करने के साथ साथ सभी हितधारकों को सेवाओं के वितरण में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर आईटी का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य की जिला न्यायपालिका के लिए ई-भुगतान की सुविधा लाइव कर दी गई है, जिससे अदालती शुल्क, जुर्माना, दंड और न्यायिक जमा का ऑनलाइन भुगतान संभव हो गया है, जिसमें से अदालती शुल्क को स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफइंडिया के साथ एकीकृत किया गया है और अन्य भुगतान सीधे हिमकोश के साथ एकीकृत किए गए हैं। उच्च न्यायालय में अदालती शुल्क के भुगतान के लिए ई-भुगतान व्यवस्था भी शुरू किया गया है। जिला बिलासपुर, किन्नौर, हमीरपुर, शिमला, सोलन और सिरमौर के लिए वर्चुअल कोर्ट सफलतापूर्वक लागू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात, पर्यटक और रेलवे विभाग के साथ-साथ मोबाइल ट्रैफिक मजिस्ट्रेट और कोर्ट स्टाफको प्रशिक्षण दिया गया है। गत 31 जनवरी 2024 तक, 7247 ट्रैफिक चालानों का निपटारा किया गया है और वर्चुअल कोर्ट एप्लिकेशन के माध्यम से एक करोड़ दस लाख 89 हजार 853 रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट तथा जिला न्यायालयों के रिकॉर्ड का शीघ्र डिजिटलीकरण शुरू किया जाएगा। उच्च न्यायालय और जिला अदालतों में सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# किशनगढ़ हवाईअड्डे पर पायलट बनने का प्रशिक्षण शुरू

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ हवाईअड्डे पर पायलट बनने का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षण देने के लिये अमेरिका से दो विशेष विमान सिक्स पाइपर एवं आर्चर डीएक्स अहमदाबाद के रास्ते किशनगढ़ हवाईअड्डे पर पहुंच गये हैं, जहां वाटर कैनन सैल्यूट के जरिये हवाईअड्डे पर स्वागत किया गया। किशनगढ़ हवाईअड्डे पर फ्लाइंग 'इंस्टिट्यूट अव्याना एविएशन' में विद्यार्थीयों को पायलट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। हवाई सेवा के दक्ष प्रशिक्षक विद्यार्थियों को एयरक्राफ्ट उड़ने का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। पायलट विद्यार्थियों के अभिभावक इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिये किशनगढ़ एयरपोर्ट विमान के साथ सेल्फी भी ली। अभिभावकों की उत्सुकता को देखते हुये फोटो सेशन भी कराया गया। इस मौके पर फ्लाइंग इंस्टीट्यूट अव्याना एविएशन के डायरेक्टर शार्दूल सेठ, भारवि भारद्वाज ने परिवार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। किशनगढ़ हवाईअड्डे के निदेशक बी.एल. मीणा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि देश के विभिन्न राज्यों से किशनगढ़ पहुंचे विद्यार्थी करीब 10 माह में पायलट बनने का प्रशिक्षण लेकर विमान उड़ाने में निपुणता हासिल करेंगे।

# बेईमानों का कभी साथ नहीं देती देवभूमि की जनता: सुक्खू

वार्ता < कुपवी (शिमला)
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देवभूमि हिमाचल की जनता बेईमानों का कभी साथ नहीं देती। हिमाचल देवी देवताओं की भूमि है, यहां के लोग ईमानदार हैं। वर्तमान चुनाव यह तय करेगा कि ईमानदारी जीतनी और बेईमानी हारनी चाहिए। सुक्खू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के छह पूर्व व तीन निर्दलीय विधायकों ने खुद को भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक मंडी में बेचा है, इसलिए उन्हें जनता सबक सिखाएगी। यह चुनाव मुख्यमंत्री की कुर्सी या सरकार बचाने का नहीं, लोकतंत्र को बचाने का है। जनता का वोट एक जून को यह तय करेगा कि लोकतंत्र की ताकत जनबल है या धनबल है। मुख्यमंत्री ने चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कुपवी में लोकसभा उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के लिए वोट की अपील करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यह साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव से भविष्य की राजनीति की दशा और दिशा तय होगी। हिमाचल से एक जून को धनबल की राजनीति करने वालों के खिलाफ पूरे देश में संदेश जाना चाहिए। नोटतंत्र के आगे जनबल जीतना चाहिए। अगर हिमाचल प्रदेश पूरे देश को लोकतंत्र बचाने के लिए दिशा दिखा सकता है तो 1 जून का समय बिल्कुल सही है। जनता के वोट से चुनकर आये विधायकों को दिल्ली में बैठी सरकार नोट के दम पर खरीद ले तो वोट का क्या मूल्य है। चुने हुए विधायकों को खरीदना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। यह चुनाव सत्य व असत्य के बीच है। झूठ बार-बार सच के साथ टकराता है, लेकिन अंत में जीत सच की होती है। इस समय सवाल किसी पार्टी का नहीं, उनको सबक सिखाने का है, जिन्होंने जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। सरकारें आती-जाती रहेंगी, इस बार नोट से वोट खरीदने वालों को सबक सिखाना है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सत्ता के भूखे होने के साथ ही प्रदेश के कर्मचारियों और महिलाओं के विरोधी भी हैं। कर्मचारियों के ओपीएस मांगने पर लाठियां बरसाई व वाटर कैनन चलवाई। कर्मचारियों को चुनाव लड़ने के लिए कहा और जब कांग्रेस सरकार ने ओल्ड पेंशन दे दी तो सरकार व कर्मचारियों के एनपीएस अंशदान के 9000 करोड़ रुपये रुकवाने के लिए दिल्ली पहुंच गए।

केंद्र सरकार ने ओपीएस देने पर हिमाचल सरकार की कर्ज सीमा में कटौती कर दी और एनपीएस अंशदान की राशि भी नहीं दे रहे।



# पीडिया मुठभेड़ में 12 माओवादी ढेर 2 जवान एवं 1 ग्रामीण भी घायल

## पालनार एवं मुतवेंडी कैम्प पर हमला करने की योजना थी माओवादियों की

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



पीड़िया के जंगल में प्रतिबंधित भाकपा माओवादियों के पश्चिम बस्तर डिवीज़न एसजेडसी लेंगू , पापा राव, दरभा डिवीज़न स्टेट चैतू, पीएलजीए कंपनी नम्बर 02 के कमांडर वेल्ला, प्लाटून नम्बर 13, प्लाटनू नम्बर 12, मलांगिर एरिया कमेटी प्लाटून नम्बर 24, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोड़ियम एवं अन्य 100-150 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बलो की कार्यवाही। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् 8 मई 2024 को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत पीड़िया के जंगलों में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के एसजेडसी सदस्य चैतु, लेंगु एवं पापाराव, पीएलजीए कंपनी नम्बर 02 कमांडर वेल्ला, डीवीसी सचिव हुंगा, प्लाटून नम्बर 13 कमांडर झीतरू, प्लाटून नम्बर 12 कमांडर सुखराम, मलांगिर एरिया कमेटी प्लाटून नम्बर 24 कमांडर जयलाल, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोड़ियम एवं अन्य 100-150 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी सुकमा, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 210, 202 , केरिपु 230, 85 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान दिनांक 10/05/2024 के सुबह 06.00 बजे पीड़िया के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच अलग-अलग स्थानों पर 09 बार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ सुबह 06 बजे से शाम 05 बजे तक लगभग 12 घंटे तक चली। माओवादी अपने को घेराबंदी में घिरता देख माओवादी वर्दी उतारकर सिविल कपड़े पहन लिये। मुठभेड़ के बाद कार्डन एवं सर्च कार्यवाही के दौरान घटनास्थल से 12 माओवादियों के शव के साथ बीजीएल लॉंचर , 12 बोर बंदूक, कंटरी मेड रायफल, बीजीएल सेल, भारी मात्रा में विस्फोटक, माओवादी वर्दी, पिटठू, दवाईया प्रतिबंधित माओवादी संगठन का प्रचार प्रसार की सामग्री एवं माओवादी साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। इस मुठभेड़ में और भी कई माओवादी के घायल हुए है एवं मारे गये है जिनके शव एवं हथियार माओवादी जंगल एवं पहाड़ का फायदा उठाकर लेजाने में सफल हुए।

कार्डन एवं सर्च कार्यवाही में कई माओवादी पकड़े गये है, जिसमें से मुठभेड़ में 03 माओवादी घायल अवस्था में एवं इस दौरान क्रास फायरिंग में 01 ग्रामीण घायल अवस्था में मिले है। जिनका घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है, जो खतरे से बाहर है। माओवादियों के द्वारा मुठभेड़ के दौरान 3 बार एम्बुश लगाकर पुलिस पार्टी को घेरने का प्रयास किया गया, सुरक्षा बलों के द्वारा माओवादियों के प्रयास को विफल करते हुऐ 12 माओवादियों को मार गिराने मे सफलता अर्जित की गई। सुरक्षा बलो द्वारा अभियान के दौरान पीड़िया के जंगल में माओवादियों द्वारा स्थापित अस्थाई कैम्प को ध्वस्त किया गया। घटना में मारे गये माओवादियों की पंचनामा, पीएम एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मेकाहारा के डॉक्टरों ने अत्यधिक रक्तस्राव की समस्या से पीड़ित 30 वर्षीय महिला को दिलाया मातृत्व सुख

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने 30 वर्षीय महिला को गर्भाशय की दुर्लभ एंडोवैस्कुलर बीमारी एवी मालफॉर्मेशन नामक समस्या से निजात दिलाने में मदद की। महिला को कई महीनों से अत्यधिक रक्तस्राव की समस्या हो रही थी जिसके कारण उसका हीमोग्लोबिन काफी कम हो गया था। रेडियोलॉजी विभाग में डॉ. पात्रे के नेतृत्व में बिना सर्जिकल प्रक्रिया के गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन प्रक्रिया के द्वारा एवीएम में असामान्य रक्त वाहिकाओं को ब्लॉक कर दिया गया। इस प्रक्रिया के आठ महीने बाद महिला गर्भवती हो गई एवं उसने 2 (जुड़वां) स्वस्थ्य बच्चों को जन्म देकर मातृत्व सुख प्राप्त किया। डॉ. विवेक पात्रे के अनुसार, बच्चेदानी का एवी मालफार्मेशन बहुत दुर्लभ होता है। सक्ति जिला की रहने वाली मरीज को बिलासपुर से अम्बेडकर अस्पताल रिफर किया गया। मरीज अम्बेडकर अस्पताल के स्त्री रोग विभाग में डॉ. रूचि किशोर गुप्ता की ओपीडी में आई थी, जहां पर डॉ. रूचि किशोर गुप्ता ने मरीज की समस्या को ध्यान में रखते हुए उसकी सभी प्रकार की जांच की और उस जांच में यह पता चला कि मरीज को एवी मालफार्मेशन की समस्या है जिसके लिए उन्होंने रेडियोलॉजी विभाग में डॉ. विवेक पात्रे के पास भेजा। डॉ. पात्रे ने मरीज की कलर डॉप्लर सिटी स्कैन एवं इसके बाद एमआरआई की जिसमें इस बीमारी का सटीक पता चला। कमर के नीचे बेहोश करके दाहिने जांघ के फिमोरल आर्टरी में एक पतली सी तार और कैथेटर डालकर पिन होल तकनीक से एवी मालफॉर्मेशन को खून सप्लाई करने वाली बायीं और दायीं धमनी को एम्बोलिक एजेंट डालकर बंद कर दिया गया। इससे मालफॉर्मेशन में खून का बहाव रुक गया। वहीं महिला का कहना है कि मातृत्व सुख, एक माँ के लिए सबसे बड़ा सुख होता है। गर्भावस्था में विभिन्न प्रकार की तकलीफों के बाद भी मातृत्व सुख असीम आनंद देने वाला होता है और अम्बेडकर अस्पताल के रेडियोलॉजी एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों के उपचार की मदद से मुझे भी मातृत्व सुख प्राप्त हुआ। इस बार मातृत्व दिवस मेरे लिए दो बच्चों के साथ बेहद सुखद अहसास लेकर आया है।

# किरंदुल में डेंगू मलेरिया के रोकथाम के लिए किया गया छिड़काव

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



डेंगू मलेरिया के रोकथाम के लिए किरन्दुल नगरपालिका परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों में छिड़काव कार्य करवाया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार किरन्दुल वार्ड क्रमांक 03 एवं वार्ड क्रमांक 04 के नालियों में के ऑथरीन फ्लो दवा का छिड़काव किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने बताया कि नगर के अलग अलग वार्डों में छिड़काव व फॉगिंग करवाया जा रहा हैं साथ ही अपने आसपास गली मौहल्ला को स्वच्छ रखने की आम नागरिकों से अपील की।

# ग्रीष्मकालीन भीड़ के दौरान भी यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है मंडल रेल प्रशासन

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान गाड़ियों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ का बेहतर प्रबंधन कर यात्रियों को सहज व निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। मंडल से गुजरने वाली सभी गाड़ियों में भीड़ की निगरानी की जा रही है साथ ही प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के उचित कार्यान्वयन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। बढ़ती गर्मी के मद्देनजर मंडल के प्रमुख स्टेशनों में अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टाफ तैनात करने के हेतु निर्देशित किया गया ताकि स्टेशन में यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान की जा सके। स्टेशन के प्रवेश/निकास द्वार पर प्लेटफार्मों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए निर्देशित किया गया है। लाइन व भीड़ से बचने हेतु जरनल टिकटिंग के लिए यूटीएस मोबाइल एप जैसे डिजिटल प्लेटफार्म का प्रयोग करने का सुझाव भी दिया जा रहा है। यात्रियों को बुकिंग काउंटर से टिकट प्राप्त करने के लिए कतार में व्यवस्थित रहने के लिए उद्घोषणाएं भी की जा रही है। इसी संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा मंडल के प्रमुख स्टेशनों के टिकट चेकिंग स्टाफ की मीटिंग लेकर सभी को स्टेशन परिसरों व गाड़ियों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने तरीकों का विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। आरक्षित कोचों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश नहीं देने का निर्देश भी दिया गया। स्टेशन परिसरों व गाड़ियों में यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए यात्रियों से सदाचार व्यवहार करने के लिए भी उन्होंने निर्देशित किया।

## तीन कारोबारियों के यहां करोड़ों की जीएसटी चोरी, 4.5 करोड़ की वसूली

**रायपुर।** स्टेट जीएसटी की टीम ने रायपुर के तीन कारोबारियों के यहां छापा मार कर करोड़ो की जीएसटी चोरी पकड़ी। जीएसटी अधिकारियों ने ड्रीम डेकोरटर्स, फ्लावर स्टोरी और टेंट फैक्ट्री नाम से संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानो की जांच की। इन प्रतिष्ठानो ने अपनी त्रुटि स्वीकार करते हुए 4.5 करोड़ जीएसटी मौके पर ही जमा किया। अफसरों के अनुसार विभाग द्वारा इनके लेन देन पर लंबे समय से नज़र रखी जा रही थी। इन व्यवसायियों द्वारा एक बड़े होटल में शादियों तथा कॉर्पोरेट आयोजनों मे डेकोरेशन का काम किया जाता है। मे. ड्रीम डेकोरटर्स तथा फ्लावर स्टोरी द्वारा अपने जीएसटी रिटर्न मे इन डेकोरेशन के आयोजनो को केवल ताजे फूलों का विक्रय दर्शाया जा रहा था जो जीएसटी मे कर मुक्त है जबकि ये जीएसटी के अंतर्गत कम्पोसीट सप्लाई है और इस पर 18 प्रतिशत से जीएसटी लगता है। इन दोनों प्रतिष्ठानो ने 2.75 करोड़ रु का टैक्स अधिकारियों के समक्ष जमा किया। इसी प्रकार एक अन्य व्यवसायी टेंट फैक्ट्री द्वारा अपने टर्न ओवर को कम दर्शा कर कर चोरी की जा रही थी। इनका व्यवसाय टेंट, पर्दे तथा अन्य डेकोरेशन सामाग्री तैयार करने का है। इनके द्वारा दुर्ग स्थित व्यवसाय स्थल को अपने रजिस्ट्रेशन मे नहीं दिखाया गया था जांच के दौरान वहां भारी मात्रा मे अघोषित स्टॉक मिला जिस पर अधिकारियों द्वारा टैक्स और ब्याज लगाया गया। इस व्यवसायी द्वारा अधिकारियों के समक्ष 1.75 करोड़ रु टैक्स जमा किया।

## आत्मानंद स्कूल, कालेज का नाम बदलने राज्य सरकार के निर्णय का कांग्रेस ने किया विरोध

**बिलासपुर।** आत्मानन्द अंग्रेजी स्कूल एवं कालेज के नाम बदलने के छत्तीसगढ़ सरकार के निर्णय को शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि भाजपा को छत्तीसगढ़ के गरीब, सुविधाविहीन छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा रास नही आ रही है, भाजपा सरकार चाहती है कि छत्तीसगढ़ की जनता अनपढ़ रहे और आगे न बढ़े, विजय पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए आत्मानन्द अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के स्कूल और कॉलेज खोला, जिसका नियन्त्रण ज़िलाधीश (कलेक्टर) के पास थी, ताकि पढ़ाई का स्तर में कमी न आये और स्कूल /कालेज को किसी भी प्रकार की समस्याओ का सामना न करना पड़े, पर भाजपा की सरकार बनते ही सभी आत्मानन्द स्कूल/कालेजो के नियंत्रण छीनकर डीइओ को सौंप दिया। और अब आत्मानन्द स्कूल के नाम भी बदला जा रहा है स्वामी आत्मानन्द एक सन्यासी थे जिन्होंने रामकृष्ण मिशन से जुड़कर छत्तीसगढ़ में धर्म, संस्कृति और शिक्षा का प्रसार-प्रचार किया, स्वामी आत्मानन्द जी मूल रूप से छत्तीसगढ़िया थे, जिनका रामकृष्ण मिशन में बड़ा नाम था।

## एस्पिरेशनल ब्लॉक का हो सम्पूर्ण विकास : आनंद शेखर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



एस्पिरेशनल ब्लॉक का सम्पूर्ण विकास हो इसके लिए ब्लॉक स्तर के शिक्षा जगत और समाज कार्य करने वाले मिलकर पुरजोर प्रयास करें तो ये ब्लॉक भारत के विकसित ब्लॉक से कदमताल करेंगे। उक्त बातें नीति आयोग के मिशन डायरेक्टर आनद शेखर ने एनआईटी रायपुर में आयोजित नज सम्मिट 2 के अवसर पर आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह एक अभूतपूर्व समय है जब भारत में नागरिक-केंद्रित पहल के लिए उच्च स्तर की इच्छाशक्ति है, जहां समुदाय अपने कार्यक्रम को डिजाइन करने का मालिक है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नागरिकजनों, सरकार और शिक्षा जगत के बीच तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया। छत्तीसगढ़ के प्रमुख कंपनी राज्य में सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए काम करेंगे। इन कंपनियों के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड का उपयोग कुपोषण, एनीमिया और बाल मृत्यु दर को कम करने के साथ-साथ परिवारों और समुदायों के बीच महत्वपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा देने में सरकार का समर्थन करने के लिए किया जाएगा। कॉरपोरेट्स, यूनिसेफ और एनआईटी की संयुक्त पहल के रूप में भारत में अपनी तरह का पहला अभिनव मंच, थिंक-सो लॉन्च किया गया। फोरम का उद्देश्य ज्ञान साझा करने की सुविधा, बेहतर कार्निति को बढ़ावा देना, सक्रिय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निकायों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना और बुनियादी ढांचे से परे समाधान बनाने के लिए कार्यक्रमों की पुनर्कल्पना करके सकारात्मक सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देना है।

# नवनिर्मित श्री जगन्नाथ मंदिर में की गई विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा





पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल श्री राघव मंदिर प्रांगण में जगन्नाथ मंदिर की स्थापना व गुरुवार रात्रि 11.30 बजे भगवान जगन्नाथ प्राण प्रतिष्ठा पुरी से पहुंचें पंडाओं द्वारा विधिवत रूप से की गई तथा मध्यरात्रि को पुराने विग्रहों की पाताली की गई।शनिवार दोपहर 02 बजे नूतन विग्रह भगवान जगन्नाथ सिंघासन विराजमान संध्या 05 बजे पूणार्हुति संध्या 07 बजे नगर भ्रमण करवाई गई। इस दौरान बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक, प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा मृणालिनी नाईक भी पूजा में सम्मिलित हुए। मौके पर मुख्य पुजारी मनोरंजन दास, जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर सी नाहक, सचिव देवराज लेंका, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक मोहंती, विपिन महाराणा, शैलेश रथ, ब्रजेश मिश्रा एवम भक्तजन उपस्थित थे।

## केन्द्र सरकार से इस पर कोई जवाब नहीं मिल सका है

# बिलासपुर में नियमित फ्लाइट सेवा को विमान कंपनियां बहाना बनाकर बंद कर रही

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर एयरपोर्ट में सभी सुविधाओं की व्यवस्था सही तरीके से हो इसके लिए हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई जारी है। शुक्रवार को एयर कंपनी अलांयस एयर द्वारा कहा गया कि राज्य सरकार उड़ानों के संबंध में बैठक हुई है। इसमें बिलासपुर से दिल्ली, बिलासपुर से कोलकाता, बिलासपुर से प्रयागराज, बिलासपुर से जबलपुर और बिलासपुर रायपुर अंबिकापुर से रांची तक की फ्लाइट जल्द शुरू की जा सकती है। इसके साथ ही नाइट लैंडिंग के लिए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अनुमति के लिए केन्द्र सरकार को दो पत्र लिखे गए हैं लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। हाईकोर्ट ने मामले में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और डीजीसीए से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 19 जून को होगी। बिलासपुर एयरपोर्ट मामले में शुक्रवार को एविएशन विभाग के एडिशनल डायरेक्टर पंकज जायसवाल और बिलासपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन विरेन सिंह पेश हुए। दोनों ने बताया कि छग सरकार ने नाइट लैंडिग के लिए केन्द्र सरकार के डीजीसीए से नई टैक्नालाजी पीबीएन का उपयोग करने की अनुमति मांगी है। याचिकाकर्ता के वकील सुदीप श्रीवास्तव ने कोर्ट को बताया कि ये अनुमति पिछले 4 महीने से लंबित है। केन्द्र सरकार से इस पर कोई जवाब नहीं मिल सका है। इस कारण काम पिछड़ रहा है। इसे रिकार्ड में लेते हुए हाईकोर्ट ने डीजीसीए और केन्द्र सरकार से इस पर जवाब मांगा है। साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह केन्द्र को लिखे हुए दोनों पत्र हाईकोर्ट में पेश करे। राज्य की ओर से कहा गया कि यह पत्र 17 जनवरी 2024 और 29 जनवरी 2024 को भेजे गए हैं। ज्ञात हो कि पीबीएन नई टैक्नालाजी है जबकि अभी तक डीवीएआर टैक्नालाजी उपयोग की जा रही है। इसके साथ ही नाइट लैंडिंग के बारे में बतया गया कि पश्चिम दिशा में पुरानी फैंसिंग को तोड़ने की अनुमति एविएशन विभाग से नहीं मिल रही है। इसे भी रिकार्ड में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान अलायंस एयर ने यात्रियों की कमी के कारण जबलपुर और प्रयागराज की फ्लाइट रद्द करने की बात कही थी। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से पैसेंजर चार्ट प्रस्तुत कर दोनों फ्लाइट के लिए पर्याप्त पैसेंजर होने की जानकारी दी गई। इसमें जबलपुर की फ्लाइट से आने-जाने वाले पैसेंजर की औसत संख्या 38 और 56 बताई गई है। इसी तरह प्रयागराज आने जाने वाले यात्रियों की संख्या औसत 50 और 58 बताई गई है। कोर्ट ने इस पर अलायंस एयर को जवाब देने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को अलांय एयर की ओर से बताया कि राज्य सरकार से इस बारे में चर्चा हुई है और पांच शहरों में उड़ान चालू करने पर सहमति बनी है। इसमें इसमें बिलासपुर से दिल्ली, बिलासपुर से कोलकाता, बिलासपुर से प्रयागराज, बिलासपुर से जबलपुर और बिलासपुर रायपुर अंबिकापुर से रांची तक की फ्लाइट जल्द शुरू की जा सकती है। सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि पांच शहरों में उड़ान चालू करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अलांयस एयर कंपनी को सब्सिडी भी दी जाएगी। इस पर याचिकाकर्ता के एडवोकेट सुदीप श्रीवास्तव की ओर से कहा गया कि सब्सिडी मिलने पर दूसरी एयर कंपनियों को भी टेंडर में शामिल किया जा सकता है।

# थाना परिसर में बनेगा पंचमुखी हनुमान मंदिर, हुआ भूमि पूजन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल स्थित नए पुलिस थाना परिसर में पंच मुखी हनुमान मंदिर के निर्माण हेतु किरंदुल नगर के धार्मिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं के सदस्यों एवं सर्व हिन्दू समाज किरंदुल के तत्वावधान में मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कपिल चंद्रा, किरंदुल थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, वरिष्ठ समाज सेवी सुरेंदर नायर, पंकज सिन्हा, अतुल सिंह, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आज़ाद सक्सेना, जिला संयोजक राजेन्द्र सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकृष्ण बैरागी, जिला सह सचिव रवि दुर्गा, किशोर जाल,शैलेंद्र सिंह, गौतम धर ,विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता, बैलाडीला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज छलिवाल, मोहित धवन, नितिन दुबे, राम छलिवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# सींखचों के पीछे, कृषक विश्रामगृह तपती धूप में छांव की तलाश



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भूतल में एक बड़ा हॉल। प्रथम तल में चार कमरे लेकिन कृषक विश्राम गृह के नाम से पहचाने जाने वाले, इस भवन में ताला लगा हुआ है। यह तब, जब तेज धूप और भीषण गर्मी के दिन हैं। फ्लतः यहां-वहां बैठने के लिए विवश हैं किसान। कृषि उपज मंडी भाटापारा। पहचानी जाती है कृषि उपज की वाजिब कीमत दिलाने के लिए लेकिन प्रांगण में जैसी सुविधाएं किसानों को मिलनी चाहिए, उसका अभाव अब सामने नजर आने लगा है। मौसम जैसा उतार-चढ़ाव ले रहा है, उसके बाद कृषक विश्रामगृह को फौरन खोले जाने की जरूरत समझी जा रही है।

### पेड़ों की छांव या गाड़ियों की ओट

तेज धूप और भीषण गर्मी से बचने के लिए किसान प्रांगण में लगे वृक्ष और खड़ी गाड़ियों की ओट का सहारा ले रहे हैं लेकिन बोरियों के स्टेक और उपज की ढेर की वजह से, छांव वाली जगह तक पहुंचना कठिन हो रहा है। शेड तो है लेकिन उसके नीचे भी भंडारित उपज, सुकून की राह कठिन कर रही है। ऐसे में, उपज लेकर आने वाली भारी वाहनों की ओट लेने के लिए विवश हैं किसान।

### ध्यान में है लेकिन...

तेज धूप, भीषण गर्मी और गर्म हवाएं। किसानों को झुलसता तो देख रहा है मंडी प्रशासन लेकिन व्यवस्था बहाली को लेकर दिलचस्पी नजर नहीं आती। माहौल ठीक नहीं है आसपास का, जैसे तर्क रखने वाले अधिकारी इस सवाल का जवाब देने में पीछे हटते नजर आए कि स्टॉफतो भरपूर है फिर भी क्यों नहीं बनाई जा रही व्यवस्था? ऐसी स्थितियों में किसान विवशता में छांव की तलाश कर रहा है।

### सींखचों के पीछे

प्रदेश की बड़ी कृषि उपज मंडियों में शुमार की जाने वाली भाटापारा कृषि उपज मंडी में सत्र 2004-05 में कृषक विश्राम गृह बनवाया गया था। दो मंजिला इस भवन के भूतल में एक बड़ा हॉल और प्रथम तल में चार कमरे बनवाए गए। हर जरूरी सुविधाओं से लैस इस भवन के मुख्य द्वार में फिलहाल ताला लगा हुआ है। कब खुलेगा ताला? जैसे सवाल के जवाब नहीं मिल रहे हैं।

कुछ व्यावहारिक दिक्कतें हैं। दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। बहुत जल्द किसानों को विश्रामगृह की सुविधा मिलेगी।
**-एस एल वर्मा, सचिव, कृषि उपज मंडी, भाटापारा**

# कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर भखारा की पेयजल समस्या का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत भखारा में पिछले कई सालों से गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या हो रही थी। इसकी जानकारी यहां के वासियों ने कलेक्टर नम्रता गांधी को दी। जल संकट को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सुनम्रता गांधी ने इसका हल निकालने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस निर्देश के परिपालन में अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम के साथ तहसीलदार भखारा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत भखारा, सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग और छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। इसके बाद गंगरेल नहर से सिलघट एनीकट तक पानी पहुंचाने का विकल्प तलाशा गया और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई। नहर के पानी को सिलघट एनीकट के पास नगरपंचायत के इनटेक वेल के






माध्यम से वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाकर वॉटर ट्रीटमेंट करते हुए पिछले दिनों से भखारा नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति शुरू हो गई है। इस तरह नगर पंचायत क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया।

## श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायरसेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम बीते दिन घोषित किया गया। जिले के श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में दसवीं कक्षा में अध्ययनरत बालिकाओं का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। अधीक्षक, शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी ने बताया कि कक्षा दसवीं में अध्ययनरत 14 श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं में से सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। संस्था में कुमारी तुलसी निर्मलकर सर्वाधिक 76.6 प्रतिशत अंक अर्जित कीं। बालिकाओं का शत्-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए उप संचालक समाज कल्याण अखिलेश्वर तिवारी, संस्था की अधीक्षक उमा देवांगन सहित स्टॉफ द्वारा बालिकाओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आद्य शंकराचार्य भगवान जयंती समारोह आज



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भगवतपाद शिवावतार आद्य शंकराचार्य महाभाग की 2531 वे प्राकट्य महोत्सव वैशाख शुक्ल 5 रविवार 12 मई 2024 को उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। इस पुण्यमय पावन अवसर पर पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज की पावन प्रेरणा से विभिन्न प्रांतो में सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ रुद्राभिषेक सत्संग प्रवचन संगोष्ठी सामूहिक हनुमान चालीसा सुंदरकांड तथा दिव्य सेवा प्रकल्प का कार्यक्रम आयोजित है। इसी श्रृंखला में धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के साथ समस्त सनातन धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों की ओर से 12 मई को प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक मारवाड़ी कुआं शिव मंदिर प्रांगण में भव्य शिव आराधना रुद्राभिषेक सत्संग संगोष्ठी कार्यक्रम आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित है। अतः सभी धर्म प्रेमी भक्तों से अपील की गई है कि अधिक संख्या में सःपरिवार पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त कर हिंदू राष्ट्र निर्माण दिव्य संकल्प पूर्ति में सहभागी बने।

# अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले शराब कोचिया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अभियान सृजन के तहत पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशिष अरोरा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गोपाल सिंह धुर्वे के निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 10/05/2024 को थाना सिमगा से प्रआर. संतोष कुमार वर्मा आरक्षक बब्बू साहू, युगल ध्रुव की पुलिस टीम द्वारा तिल्दा रोड ओव्हर ब्रिज के नीचे सिमगा में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है । आरोपी से 3740 रूपये कीमत मूल्य का 34 पौवा शोले मसाला देशी मदिरा जुमला 6.120 बल्क लीटर शराब एवं एक काला रंग का जुपीटर स्कुटी बिना नंबर का सोल्ड कीमती 60,000 रूपये को किया गया जप्त । आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 166/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजने की तैयारी की जा रही है। आरोपी का नाम गुणवंत उर्फ पप्पू साहू पिता मालिकराम साहू उम्र 24 वर्ष साकिन अकलतरा (मांढर) थाना सिमगा।

# भयादोहन कर रकम वसूलने वाले फरार आरोपियों के घर में दी गई दबिश



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा हनीट्रेप सेक्स रैकेट मामलो में फंसाने के नाम पर पैसे की उगाही करने वाले मुख्य आरोपीगण दुर्गा टंडन पति प्रत्यूष उर्फ मोंटी मरईया उम्र 30 साल डॉ. अब्दुल कलाम वार्ड बलौदाबाजार मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरईया पिता प्रताप मरईया उम्र 28 साल साकिन डा. अब्दुल कलाम वार्ड बलौदाबाजार रवीना टंडन पिता कामता टंडन उम्र 22 साल पता दगौरी थाना बिल्हा जिला बिलासपुर एवं महान मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है, बावजदू अभी भी प्रकरण के अन्य फरार आरोपी पुष्पमाला फेकर, हीराकली बंजारे, आशिष शुक्ला, शिरिस पांडे का पता तलाश किया जा रहा है। जिसमे 10/05/2024 को प्रकरण के फरार आरोपी पुष्पमाला फेकर, हीराकली बंजारे, आशिष शुक्ला, एवं शिरिस पांडे के घर पुलिस टीम ने दबिस दिया एवं पुछताछ करने पर परिजनों द्वारा कोई जानकारी नहीं होना बताये। पुलिस टीम द्वारा लगाये हुये मुखबीरों से पुछताछ कर पता किया गया, जिसमे आरोपीगणों का अभी कोई सुराग नहीं मिला। उक्त मामले मे प्रकरण विवेचना मे है, जिसमे मुखबीर लगाया है तथा जल्द ही आरोपीगणो की गिरफ्तारी किया जायेगा।

# शासकीय आत्मानंद विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, छात्र छात्राओं का कब्जा





## 12 वीं में निहारिका प्रथम एवं 10 वीं में भारती पटेल प्रथम

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सरायपाली के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा प्रभारी नरेश पटेल एवं प्रवीण तिवारी ने बताया की कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 98.30 प्रतिशत, 12 वीं विज्ञान समूह का 95.55 प्रतिशत एवं 12 वीं कॉमर्स का 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वीं में कु. भारती पटेल ने 95.67 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर कु. सिद्धि गर्ग 94.33 एवं तृतीय स्थान पर कु. तमन्ना पटेल 93.83 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं विज्ञान समुह में कु. निहारिका मिर्धा 83.80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, कु. पूजा पटेल 82.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं कु. चांदनी साहू ने 80.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 12 वीं कॉमर्स में चन्दन साहू 80.80 प्रतिशत के साथ प्रथम, मिहिर अग्रवाल 78.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं निलेश पटेल 77.00 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में 59 विद्यार्थियों में से 48 कक्षा 12 वीं विज्ञान समुह में 45 विद्यार्थियों में से 29 एवं 12 वीं कॉमर्स में 20 में से 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने विद्यार्थियों की सफ्लता पर उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी हैं। साथ ही अपने अधीनस्थ सभी शिक्षकों को उनके सफ्ल मार्गदर्शन के लिए बधाई दी है। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षक लता साहू, महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ, मीना एस. प्रकाश, नरेश पटेल, जालंधर वर्गे, सुब्रत प्रधान, रेखा पुरोहित, प्रवीण तिवारी, दिनेश कर, लक्ष्मी चौधरी, उमा नायक, हरीश चौधरी, कु. ज्योति सलूजा, शिवेन्द्र सिंह, कु. मौसमी माथुर, मंजिला चौधरी, हिमाद्री प्रधान, नेहा दास, गुलाब चौहान, साकेत रजवाड़े एवं समस्त स्टॉफ नेविद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ आज से

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



स्थानीय बीटीआई रोड स्थित भरत लीला मेंशन में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ कल 12 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। साथ ही श्री गणेश पूजन, पितृेश्वर पूजन, गौकरण कथा का वाचन आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम छग के श्रीमुख से होगा। उक्त भक्तिमय आयोजन लीलादेवी चंद्राकर, आलोक चंद्राकर-सुष्मिता चंद्राकर परिवार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 3 बजे रखा गया है। इस अवसर पर प्रथम दिवस के कार्यक्रम पश्चात 13 मई को श्रीमद् भागवत कथा आरंभ व परीक्षित जन्म, 14 को कपिल देव कथा, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 15 को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन एवं वामन अवतार, 16 को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 17 को कृष्ण लीला, गोवर्धन उत्सव, एवं छप्पन भोग, 18 को बैकुंठ दर्शन, राम पंचाध्यायी, कंस वध एवं रूकमणी विवाह कथा प्रसंग, 19 को द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्धव संवाद एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन, फूलों की होली तथा अंतिम दिवस 20 को गीता, तुलसी वर्षा हवन के बाद भक्तों के लिये भंडारा का आयोजन भी किया गया है। आयोजकों ने भक्तों को कथा श्रवण में शामिल होने कहा है।

# अक्षय तृतीया पर बच्चों ने गुड्डा-गुड्डिया का रचाया विवाह

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

बैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन अक्षय तृतीया का पर्व पुरे देश मे मनाया गया। इस दिन से खेती किसानी का कार्य प्रारंभ हो जाती है। इस दिन माता लक्ष्मी समुन्द्र मंथन से प्रगट हुई थी। और धरती पर देवताओं ने चौबीस रूपो मे अवतार लिया था। इनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था पुराणो मे उनका जन्म अक्षय तृतीया को जन्म हुआ था। इस दिन भगवान विष्णु जी के चरणो से धरती पर गंगा अवतरित हुई। सतयुग द्वापर व त्रेतायुग के प्रारंभ की गणना इससे होती है। जहां अक्षय तृतीया पर इस क्षेत्र के अनेक गांवों मे छोटे छोटे बच्चे एवं बालिकाओं ने मिट्टी के बने गुड्डा-गुड्डिया का विवाह मंडप पर चुलमाटी से लेकर तेल हल्दी पूरे नेंग दस्तुर के साथ विवाह रचाया। आपको बताया जाता है कि इस दिन मिट्टी से बने गुड्डा-गुड्डीया की विवाह रचाने की अनोखी परपंरा क्षेत्र गांव ग्राम परकोम नर्रा परसुली बिन्द्रावन मे देखी गई। जहां बच्चो मे खासा उत्साह देखा गया। पूरे देश मे अक्षय तृतीय पर विवाह का मुहूर्त शुभ माना गया है। वर पक्ष गुड्डा को सजाकर माथे पर सेहरा बांध कर बैड़ बाजे के साथ बरात निकली । जहां वधु पक्ष ने बरात का स्वागत किया। इसके पश्चात विवाह का रस्म पुरे नेंग दस्तुर के साथ टिकावन हुआ। मोहल्ले वासी भी पहुंचे और गुड्डा-गुड्डीयो को पीले चावल का तिलक लगाते हुए टिकावन भेट किया। मंडप मे बच्चो का उत्सावर्धन करने बड़ो ने टिकावन के रूप मे पैसे दिया।



**ग्राम परकोम मे अक्षय तृतीया पर्व पर शुक्रवार को बच्चों मे भारी उत्साह देखा गया । बच्चो ने एक दिन पहले ही गुड्डे गुड्डीयों की शादी रचाई । मंडप सजाकर पुरे नेंग दस्तुर के साथ व्याह रचाया ।**

# बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराने वाले विद्यार्थियो को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

## प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और मुंह मीठा कर दी बधाई, सीईओ जिला पंचायत और एसपी सहित अधिकारियों ने बच्चों का बढ़ाया मनोबल

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायरसेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम बीते दिन घोषित किया गया। इसमें जिले के तीन विद्यार्थियों ने टॉप 10 में अपना स्थान बनाया। हायर सेकेण्डरी बारहवीं की परीक्षा में मगरलोड विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथीडीह के छात्र समीर कुमार चक्रधारी ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। वहीं हाईस्कूल दसवीं में सेजेस कुरूद के आयुष सोनकर ने 97.67 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां स्थान तो मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी के अक्षत सिन्हा ने 97.17 प्रतिशत अंकों के साथ 10 वां स्थान हासिल किया। कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में इन तीनों होनहार विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा शॉल, श्रीफल, प्रेरणादायी किताबें, पौधा, प्रमाण पत्र देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, सहायक संचालक शिक्षा एलडी चौधरी, शिक्षक बीईओ धमतरी अमित तिवारी, डीके सूर्यवंशी के अलावा प्राचार्यगण, बच्चों के माता-



पिता एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बच्चों द्वारा परीक्षा के लिए की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई का माहौल देने में माता-पिता और शिक्षकों का विशेष महत्व होता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह सफ्लता आपके जीवन का एक मात्र पड़ाव है, अपने पढ़ने की ललक ऐसे ही बनाये रखें, आपको आगे जीवन में भी इसी तरह सफ्लता मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि आगे आपको विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी शामिल होना है, जिसकी तैयारी हेतु जिला प्रशासन द्वारा 'स्वाध्याय एप' की शुरूआत की गयी है, आप सभी इसका प्रयोग अवश्य करें। सीईओ ने बच्चों उनके पालकों और शिक्षकों को इस सफ्लता की बधाई और शुभकामना दी। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि जिले के लिए यह गर्व की बात की यहां के तीन बच्चे टॉप 10 में अपना स्थान बनाए हैं, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इसका श्रेय जितना बच्चों की मेहनत को जाता है, उतना ही पारिवारिक माहौल, स्कूल में शिक्षकों का योगदान को भी जाता है। उन्होंने कहा कि सफ्लता पर यहीं नहीं रूकें आगे और मेहनत करें, ताकि देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। एसपी ने कहा कि अपने मन में दृढ़ निश्चय कर लें कि मुझको आगे बढ़ते ही रहना है, किसी भी विषम परिस्थिति में अधिक से अधिक मोटिवेशनल पुस्तकें पढ़ने, नेट का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रदेशस्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने कहा आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सफ्लता जिले में शुरू की गयी नवोन्मेषी पहल मिशन अव्वल का ही नतीजा है कि जिले के 3 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आगामी वर्षो में हम जिले के इस परिणाम को और बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

# बच्चों के हुनर को विविध रंगों में संवारने अदाणी फाउंडेशन का विशाल समर कैंप

## खूबसूरत फूल, पत्ते, गमले, चिड़िया का घर, अक्षर, वॉल हैंगिंग, गुलदस्ते, साइंस मॉडल आदि बनाना सीखा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com





जिले के स्कूलों में गर्मी की छुट्टी का दौर अब शुरू हो चुका है। ऐसे में अदाणी फाउंडेशन द्वारा गांवों के बच्चों में अलग तरह की पाठ्येतर हुनर को संवारने सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन ग्राम ताराशिव के रीपा केंद्र में किया। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत 3 से 9 मई तक में आयोजित इस शिविर में आसपास के छह ग्राम पंचायतों के 250 से अधिक स्कूली बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर गांव के बच्चों को क्रियात्मक, रोचक और शिक्षाप्रद बनाने विभिन्न प्रकार के आर्ट और क्राफ्ट, खेल, नृत्य आदि द्वारा बच्चों के मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक गुणों को विकसित करने हेतु एक इंद्रधनुषी प्रयास था। शिविर का शुभारंभ ग्राम ताराशिव के सरपंच मनीष वर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर से प्रबंधक विभास कर्माकर, सहायक अभियंता अबू सलेम तथा अदाणी फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार सिंह, शैक्षिक कार्यक्रम संचालक प्रीति प्रजापति उपस्थित थी। इस दौरान सरपंच मनीष वर्मा ने अदाणी फाउंडेशन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रयास की सराहना करते हुए फाउंडेशन टीम को धन्यवाद दिया। शिविर में सभी बच्चों को कलर पेपर, चार्ट पेपर, ग्लू स्टिक स्केच, पेन्सिल, फेविकोल, रुई, रंगीन धागे और सजावट की विभिन्न क्रियात्मक सामग्री प्रदान की गई। इनसे बच्चे अनेकों प्रकार के खूबसूरत फूल, पत्ते, गमले, चिड़िया का घर, अक्षर, वॉल हैंगिंग, गुलदस्ते, साइंस मॉडल आदि बनाना सीखा। इसके साथ ही म्यूजिक के साथ डांस और सरल योग स्टेप आदि के द्वारा बच्चों का शारीरिक, मानसिक, नैतिक व सामाजिक विकास का एक सर्वांगीण प्रयास किया गया। अदाणी फाउंडेशन द्वारा अडानी अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर रायखेड़ा जो कि अपनी सामुदायिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए सयंत्र के नजदीक से लगे ग्रामों सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में सुधार के लिए पहल करता है। जिनमें नवोदय कोचिंग, बाला पेंटिंग, समर कैंप इत्यादि के माध्यम से बुनियादी शिक्षा में सुधार से बच्चों के भविष्य को संवारने का एक सफल प्रयास किया जा रहा है।

# जनवरी 2022 से लंबित पुनरीक्षित वेतनमान समझौता में हो रही देरी को लेकर ट्रेड यूनियन और प्रबंधन के मध्य बढ़ी तकरार



पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी लिमिटेड के कर्मचारियों का वेतन पुनरीक्षण 1 जनवरी 2022 से अब तक लंबित है। वेतन समझौता हेतु ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन एवं एनएमडीसी उच्च प्रबंधन के मध्य मुख्यालय में विगत दिनों आयोजित बैठकों किसी भी प्रकार का सकारात्मक पहल प्रबंधन द्वारा न किये जाने पर विरोध स्वरूप दोनों श्रम संघों संयुक्त खदान मजदूर संघ एवं मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) के संयुक्त आव्हान पर श्रमिकों द्वारा 30 अप्रैल से वर्क्स टू रूल के तहत कार्य सम्पादित किया जा रहा था। 10 मई को किरंदुल परियोजना प्रबंधन द्वारा तीन पालियों के स्थान पर दो पालियों में कार्य संचालन सम्बन्धी आदेश जारी करने के उपरांत श्रमिकों में भारी असंतोष एवं रोष व्याप्त हो गया तथा श्रम संघों द्वारा इसे एनएमडीसी की स्थायी आदेश के नियमावली का उल्लंघन करार देते हुए मुख्य महाप्रबंधक का घेराव कर दिया गया तथा प्रबंधन द्वारा पूर्ववत तीन पालियों में कार्य संचालन हेतु आदेश जारी करते तक टूल डाउन का निर्णय लिया गया है। प्रबंधन द्वारा कोई सकारात्मक पहल न करते हुए श्रमिकों को उकसाने वाली ऐसी कार्रवाई से एनएमडीसी की सभी परियोजनाओं के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। विदित हो कि विषम परिस्थितियों के बावजूद भी विगत 2 वित्तीय वर्षों से लौह अयस्क उत्पादन एवं प्रेषण के नवीनतम कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं तथा कर्मठ कर्मचारियों द्वारा कोरोना कॉल में भी अपनी जान जोखिम में डालकर बेहतर उत्पादन दिया गया था। श्रमिकों की कठोर परिश्रम के बदौलत कम्पनी उत्पादन का नया-नया कीर्तिमान गढ़ रही है, किंतु जब इन्ही श्रमिकों के विगत 27 माह से लंबित वेतन पुनरीक्षण की बात आती है तो फेडरेशन के साथ आहूत समझौता बैठक में उच्च प्रबंधन सकारात्मक पहल करने में अब तक सफल नहीं रह है। प्रबंधन के द्वारा किये जा रहे तानाशाही रवैये के विरोध में आल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वावधान में सभी परियोजनाओं के संयुक्त श्रम संगठनों के संघर्ष समिति के नेतृत्व में सभी कर्मचारी आंदोलनरत हैं।

# जेल का ताला टूट गया अरविंद केजरीवाल छूट गया : भुनेश्वर सिंह

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी जिला बलौदा बाजार भाटापारा छःग के जिलाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग जी के मार्गदर्शन मे जिलाध्यक्ष यूथ विंग भुनेश्वर सिंह डहरिया और पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कार्यालय गार्डन चौक बलौदा बाजार में एक दूसरे को मिठाई खिलाये तथा फटाखे फोड़कर सर्वोच्च न्यायालय को असीम धन्यवाद किये की न्यायालय ने केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर विचार कर जमानत दिया है। आम आदमी पार्टी के पूरे भारत देश के सभी सिपाहीयों (कार्यकर्ताओं) व केजरीवाल के परिवार का उनके गिरफ्तारी के बाद अपने मनोबल को ना गिरने देकर तानाशाह के खिलाफ लोकतंत्र और न्याय के रक्षा की लड़ाई लड़ते रहे और लड़ाई को लड़कर अंतरिम जमानत मिलने पर सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। केजरीवाल का अंतरिम जमानत महाभारत काल का युद्ध निर्णय जैसी स्थिति को दर्शा रहा है जैसे केवल पांच पांडवों ने सैकड़ों महारथियों से भरे कौरवों और उनके सहायकों पर विजय प्राप्त किया था। उसी प्रकार वर्तमान में बीजेपी पार्टी तानाशाही और अंधभक्तों से भरा हुआ है उसको आम आदमी पार्टी ने पराजित कर दिया है। एक बार पुनः आप सभी को बहुत-बहुत बधाई कार्यक्रम में उपस्थित दिलीप कुमार फेकर, जिला संगठन मंत्री सागर रात्रे, जिला अध्यक्ष एस सी विंग कामदेव बघेल एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जन्मदिन पर जितेंद्र ने मुक्तिधाम में लगाया जामुन का पेड़



**बेमेतरा।** अपने जन्मदिन के अवसर पर जितेन्द्र साहू ने मुक्तिधाम पर जामुन का पेड़ लगाकर अपना जन्मदिन मनाया गया और पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया इस संबंध में उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रेमी संगठन के कार्य को देखते हुए मैं भी पौधारोपण किया है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू सचिन गणेश साहू सदस्य परदेसी साहू खोमन चंद्राकर, कोमल बड़ाई सुनील बल्लू, लक्ष्मी-नारायण, जलेश साहू, चम्मन निषाद, अक्षय साहू, राजेंद्र निषाद प्रकाश साहू, हेमा साहू उपस्थित थे।

# जीवन में मन के शांति व सफलता के लिये परमात्म योग ध्यान आवश्यक : नितिन तिवारी

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी भाटापारा में दिव्य मुस्कान समर कैंप का समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी नितिन तिवारी के उपस्थिति मे सप्ताह भर चले समर कैम्प प्रतिभागी छात्र छात्राओं के उत्साह वर्धन कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत संगीतमय नृत्य प्रस्तुत कर किया गया ततपश्चात ब्रम्हाकुमारी संस्थान की संचालिका मंजू बहेन एसडीएम नितिन तिवारी प्रेस क्लब सचिव श्याम पुरोहित के द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की गति को आगे बढ़ाया गया। वहीं संस्थान की संचलिका मंजू दीदी ने राजयोग मेडिटेशन के महत्व को समझाते हुए बच्चों को आर्शीवचन देते हुये कहा की संस्था का मूल उद्देश्य मूल्य निष्ठ समाज की स्थापना करना है। साथ ही एसडीएम नितिन तिवारी द्वारा उपस्थिति छात्र छात्राओं व पालकों के समक्ष अपने जीवन के अनुभव को बच्चों से साथ साझा किया गया। एस.डी एम नीतिन तिवारी ने अपने उद्‌बोधन के माध्यम से मेडिटेशन को वर्तमान समय अति आवश्यक बताया। क्योंकि परमात्म अनुभव व शक्ति एकाग्रचित्त होकर योग ध्यान लगाने से ही प्राप्त होता है जो हमे जीवन मे शांति देता है व मन स्वच्छ रहता है। ध्यान योग के स्मरण से एक सफल और अच्छा इंसान भी बन सकते है। चरित्र व संस्कार का सही निर्माण होगा। संस्था का मूल उद्देश्य बुराई रुपी विकार को त्याग अच्छाई को ग्रहण करना होता है। एसडीएम नितिन तिवारी ने कहा की योग ध्यान को हमे अपने प्रतिदिन के जीवन के दिनचर्या मे ढाल लेना चहिये। हमे कम से कम प्रतिदिन पाँच मिनट मेडिटेशन का प्रेक्टिस करना चाहिए क्योंकि इसके प्रभाव से आत्मा पवित्र व मन शांत होता जाता, व्यवहार अच्छा होने लगता है। आगे बताते हुए कहा आज विश्व शांति के लिए यह मेडिटेशन से फायदा ही होगा इस प्रकार अध्यत्म के राह मे एक नये पीढी के निर्माण मे प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान के योगदान की भी सराहना करते हुए विचारों को विराम दिया कार्यक्रम के अंतिम पडाव मे विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया, जिसमें बलून डांस में वेद प्रकाश साहू, भूषण साव, सृष्टि साहू, गरिमा साहू, सृष्टि गुप्ता, गीतिका मांझी, ड्राइंग प्रतियोगिता सीनियर में नीलम साहू, महक जैन, आदित्य वैष्णव ड्राइंग प्रतियोगिता जूनियर में प्रियांशी तनवानी, रेवांत वर्मा, मयंक साहू, यामिनी साहू, श्वेता निषाद, संगीत प्रतियोगिता में विभा सोनी, भौमिक राजगडे, पंखुड़ी पर्वत तथा समर कैंप अटेंड करने वाले सभी बच्चों को भी पुरस्कार वितरण किया गया।

# परशुराम जन्मोत्सव पर महाआरती के बाद हुआ भंडारे का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

नगर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ब्राम्हण समाज के प्रतीक शुक्ला ने बताया भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर पुरुष, महिलाओं, युवाओं के साथ बुजुर्गों में भी खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने बताया 10 मई शुक्रवार रात 8 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में भव्य स्टेज बनाकर फूल मालाओं से आकर्षक सजाया गया था। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना की गई। भगवान परशुराम को रंग बिरंगे फूलों की माला पहनाई गई। भगवान परशुराम की महाआरती की गई। दीप प्रज्वलित किए गए। बड़ी संख्या में आसमान में आकाश दीप छोड़े गए। मंदिर परिसर में आकर्षक आतिशबाजी की गई। भगवान को सेतुवा, बूंदी के लडडू, नारियल व मौसमी फल का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के गांव खरौद, गिधौरी, कुम्हारी, केरा, मिसदा के ब्राम्हण समाज के लोग भी शामिल हुए।

# हम होंगे कामयाब, ब्रह्माकुमारीज समर कैम्प में सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा में सात दिवसीय समर कैम्प समापन समारोह के साथ सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू अध्यक्षता प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक आचार्य रामप्रताप शास्त्री, विशिष्ट अतिथि बेमेतरा अधिवक्ता अनंत विश्वनाथ गोवर्धन, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल डायरेक्टर डॉ. अलका तिवारी तथा सम्पूर्ण समर कैम्प का आयोजन बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी बीके शशि दीदी ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए सर्टिफिकेट्स सम्मान पत्र, गिफ्ट्स वितरीत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कि पहले मैं भी शिक्षक रहा हूँ लेकिन ज्यादा समय बच्चों को नहीं दे पाया, राजनीति में आ गया, शिक्षा के लिए यही कहूंगा कि अभी जिस तरह से समर कैम्प में आपने हिस्सा लिया, और आप जब स्कुल की शिक्षा में स्कुल जाते हैं तो आपके पास केवल पुस्तकें होती हैं, और अधिकतर पेरेंट्स उस किताबी ज्ञान को पढ़ाने में लग जाते हैं कि आपको इस सब्जेक्ट को पढ़ना है, हमारे दिन की शुरुवात पुस्तक पढ़ने से लेकर रात को समाप्त होता है और वो भी पुस्तक तक सीमित रहता है, ये अधिकतर जो दिखता है उसको बता रहा हूँ इसका कारण बच्चे नहीं बल्कि माता पिता हैं, हम हमारे बच्चों को एक मशीन बनाना चाह रहे हैं, बच्चों को गलत और सही रास्ते की पहचान बताते हुए विधायक ने बच्चों को बताया कि गलत रास्ता क्या है लड़ाई झगड़ा करना, मोबाईल में गलत चीजें देखना, सोशल मिडिया का गलत इस्तेमाल करना, फोन में ज्यादा बातें करना, वीडियो गेम्स खेलना, ये सरे चीजें गलत काम हैं, बच्चों के लिए सबसे इम्पोर्टेन्ट चीजें पढाई करना है। पढ़ाई के लिए आप लोगों को मोटिवेशन की जरुरत पड़ती है, और बाकी सभी काम करने के लिए कोई मोटिवेशन की जरुरत नहीं पड़ती। पढ़ने के लिए एक उद्देश्य एक लक्ष्य होना चाहिए, आपके पास बर्निंग डिजायर दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए कि मुझे यह बनना है। यदि आपके पास लक्ष्य नहीं होगा तब तक पढाई में आपको रूचि भी नहीं होगी। बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए विधायक दीपेश ने कहा कि वह स्वयं अपने लक्ष्य पर अडिग रहे और आगे शिक्षक बन काफी सालों तक बच्चों को पढ़ाया। बच्चों को शुभकामनायें देते हुए ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों की काफी सराहना भी किये। सभी का पुनः ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहेंगे कि विधायक दीपेश साहू के माता पिता विगत 20 वर्षो से राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं और निरंतर ईश्वरीय ज्ञान सुनते हैं। कार्यक्रम की शुरुवात में बच्चों ने स्वागत नृत्य से किया, और वृद्धा आश्रम विषय पर नाट्य प्रस्तुति ने सभी अविभावको को भाव विभोर कर दिया।

## भ्रमण कर जिले में चल रहे योजना एवं लाभान्वित कृषकों से चर्चा की

# अतिरिक्त सचिव भू-अर्जन विभाग एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली आनंद का जिला बेमेतरा भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास परियोजना अंतर्गत एस.आनंद अतिरिक्त सचिव भू अर्जन विभाग एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा जिला बेमेतरा में संचालित जलग्रहण परियोजना अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया गया जिसमे मुख्य रूप से ग्राम बनियाडीह में फलदार वृक्षारोपण, अमृत सरोवर एवं निर्मित अमृत सरोवर तालाब में जय कर्मा माता महिला स्व सहायता समूह द्वारा मत्स्य पालन कार्य का अवलोकन एवं उपस्थित महिला स्व सहायता समूहों के महिलाओं से उक्त गतिविधि के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं साथ ही आनंद के द्वारा महिला एसएचजीएस को अधिक से अधिक फोकस करने हेतु निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्व सहायता समूहों को योजना का लाभ मिल रहा है कि नहीं इसके लिए स्व सहायता समूह का बैंक पासबुक की छाया प्रति उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त सचिव आनंद द्वारा केंद्र स्तर महिला स्व सहायता समूहों को लखपति दीदी बनाने हेतु योजना में काम कर रहे है , उसी कड़ी में बेमेतरा के महिला स्व सहायता समूहों को लखपति दीदी बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर तालाब के मेड में बरगद एवं पीपल का पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात ग्राम गोपालपुर में उत्पादन प्रणाली अंतर्गत प्रदाय ड्रिप सिंचाई पद्धति का उपयोग कर कृषक कुमकरन चंद्राकर द्वारा गेंदे फुल की खेती के संबंध में चर्चा किया गया, कृषक के द्वारा अतिरिक्त सचिव आनंद को गेंदे फुल की खेती में ड्रिप पद्धति से सिंचाई के साथ साथ समय समय पर खाद एवम कीटनाशक का उपयोग भी ड्रिप के माध्यम से करने एवं इससे हो रहे अतिरिक्त लाभ के बारे में जानकारी दिया गया। इसके लिए उन्होंने कृषक की काफी सराहना की एवं अपने साथ साथ ग्राम के अन्य कृषकों को गेंदे की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात ग्राम समुंदवारा में निर्मित चेक डैम का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान निर्मित चेक डैम अंतर्गत लाभान्वित कृषकों से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान उपस्थित कृषक चंद्रशेखर पटेल, अमन चौहान एवं अन्य कृषकों द्वारा अवगत कराया गया की चेक डैम निर्माण से फसलों की सिंचाई के साथ-साथ भूमि का जल स्तर बढ़ने के संबंध में जानकारी दिया गया, साथ-साथ वर्ष 2015-16 में निर्मित घोरेघाट नाला ग्राम घोटेघाट में निर्मित चेक डैम का भी निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उपस्थित लाभान्वित कृषकों से चर्चा किया गया, कृषकों द्वारा अवगत कराया गया कि विगत 7-8 वर्षो से इस निर्मित चेक डैम अंतर्गत रुके जल का खेतों में सिंचाई कर लाभ लिया जा रहा है।

# जीवन में गणित की जरूरत हर कदम पर : बीएन राव



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित प्रेरणा समर कैम्प में मोटिवेशनल स्पीकर इन्जीनियर बीएन राव ने बच्चों के मन में गणित के प्रति रूचि पैदा करते हुए बहुत ही सरलता के साथ उनकी कठिनाईयों का समाधान किया। इन्जीनियर बी. एन. राव ने कहा कि आप जीवन में वकील, डॉक्टर कुछ भी बन जाएं किन्तु गणित की आपको हर कदम पर जरूरत पड़ेगी। गणित के अधिकांश आविष्कार हमारे देश में हुए किन्तु यहाँ गणित को उतना महत्व नहीं दिया जाता है जितना कि अमेरिका आदि देशों में महत्व है। इन्जीनियरिंग कर लेना महत्वपूर्ण नहीं है लेकिन आप कितने बड़े गणितज्ञ बनकर निकलते हैं यह बात अधिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि इतिहास को आप रट सकते हो लेकिन गणित को नहीं रट सकते। उसे समझकर हल करना पड़ता है। गणित एकमात्र ऐसा विषय है जिसमें पूरे नम्बर प्राप्त किए जा सकते हैं।

## संपादकीय

# एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मियों की मनमानी


**एयर इंडिया एक्सप्रेस** में अनेक 'कैबिन क्रू' ने मनमानी करते हुए 'सिक लीव' ले ली जिससे उसकी उड़ानों पर व्यापक प्रभाव पड़ा। हवाई यात्रा में उड़ान रद्द होने से अधिक परेशानी का कोई कारण नहीं होता है। इस प्रकार कहीं पहुंचने का अनुमान अनिश्चितता और असुविधा में बदल जाता है। हाल ही में एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ यही हुआ जो एयर इंडिया का सस्ता विकल्प है। अनेक उड़ानें रद्द होने के कारण यह संकट में आ गई। भारत की ध्वजवाहक एयरलाइन काफी समय से आर्थिक परेशानियों व आपरेशनल चुनौतियों का सामना कर रही है। अनेक पुनर्गठन प्रयासों के बावजूद एयरलाइन अत्यधिक प्रतियोगी उद्योग में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। नवीनतम संकट उस समय पैदा हुआ जब एक्सप्रेस उड़ानों के 300 से अधिक वरिष्ठ क्रू सदस्यों ने स्वयं को अंतिम क्षण पर 'बीमार' बता दिया। इसके कारण मंगलवार रात से 90 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इससे हवाईअड्डों पर अव्यवस्था फैल गई तथा यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, एयर इंडिया ने अपनी सहायक कंपनी की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है जिससे गुरुवार को 74 एक्सप्रेस विमान रद्द होने की तुलना में 20 उड़ानें काम करने लगी हैं। इसके साथ ही 'सिक लीव' लेने वाले 30 क्रू सदस्यों को हटा दिया गया है। इस संकट का प्रमुख कारण लंबे समय से कर्मचारियों की शिकायतें हैं जिनको एयर इंडिया एक्सप्रेस इम्प्लाइज़ यूनियन-एक्स्यू ने सामने रखा है। उसने कर्मचारियों के साथ अनुचित व्यवहार पर अपनी चिन्ता प्रकट की थी। इसमें आंतरिक तैनातियों में योग्य कर्मचारियों को पीछे छोड़ कर बाहरी




उम्मीदवारों को रखना शामिल है। एयरलाइन के स्वामी एक्स्यू को मान्यता नहीं देते हैं। नई दिल्ली के क्षेत्रीय श्रमायुक्त ने भी प्रबंधन की श्रम कानूनों के कथित उल्लंघन के लिए आलोचना की है जिससे निर्णय लेने में जिम्मेदारी का अभाव स्पष्ट होता है। एयर इंडिया में जारी वित्तीय संघर्ष तथा आपरेशनल चुनौतियों के कारण समस्या और गंभीर हुई है। हालांकि, अपनी मूल कंपनी के घाटे में होने के बावजूद एयर इंडिया एक्सप्रेस मुनाफे में है। 2021 में इसे टाटा समूह को बेच दिया गया था जिसने इसका विलय एयर एशिया इंडिया में कर दिया। इसका उद्देश्य 'गैर ट्रंक रूटों' तथा संबद्ध सेवाओं पर ध्यान देकर सस्ते उड़ान बाजार पर कब्जा करना था। यह टाटा की एकमात्र मुनाफे वाली एयरलाइन है। 2023 में एयरलाइन ने 116.84 करोड़ रुपया मुनाफा कमाया था जबकि टाटा समूह की अन्य एयरलाइनें -एयरएशिया इंडिया, विस्तारा एवं एयर इंडिया को कुल मिला कर 15,530 करोड़ रुपये का घाटा उठाना पड़ा था। उड़ानें रद्द करने का व्यापक प्रभाव पड़ा है और यात्री अपनी पीड़ा सोशल मीडिया मंचों पर व्यक्त कर रहे हैं। हवाईअड्डों पर लंबी कतारें, संबंधित उड़ानें छूटने तथा सही सूचनाओं के अभाव में लोग परेशान हो रहे हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इन घटनाओं पर माफी मांगी है तथा सेवाओं में सुधार का वादा किया है, लेकिन यात्रियों का विश्वास टूट गया है। भारतीय विमानन क्षेत्र में असीम संभावनायें हैं, पर प्रबंधन संबंधी मुद्दे बहुत गंभीर हैं। सरकार को सक्रिय रूप से सुनिश्चित करना चाहिए कि विमान यात्रियों पर ध्यान दिया जाए तथा एयरलाइनों को घाटा न हो। महामारी के साल उद्योग के लिए बहुत घातक रहे हैं और अब वह इनसे धीरे-धीरे उबर रहा है। पूरे क्षेत्र में संकट फैलने से पहले सरकार को इसका समाधान करना चाहिए। उम्मीद है कि एयर इंडिया व उसकी सहायक एयरलाइनें जल्द ही वर्तमान अराजकता से मुक्ति पा कर तेजी से प्रगति करेंगी।

# शहबाज़ शरीफ़ को खुला पत्र

हमने अनेक वर्षों तक आतंकी हिंसा सहन की। लेकिन जब हम इसे सहने में विफल हो गए तो हमने संसद के रास्ते से अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया। लेकिन हमने कभी हिंसा नहीं की।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



प्रिय वजीरे आजम शहबाज़ शरीफ़ साहब, मुझे अपने पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए खुशी हो रही है। यह पड़ोसी देश 76 साल पहले तक हमारे देश का अंग था, पर दुःखद परिस्थितियों में यह हमसे अलग हो गया। मुझे विश्वास है कि बाकी भारतीयों की तरह आप भी उन परिस्थितियों से अवगत हैं जिनके कारण यह विभाजन हुआ। इस विभाजन के प्रभाव आज भी जारी हैं जिनकी काली छाया न केवल पूरे उप-महाद्वीप पर पड़ रही है, बल्कि इससे विभिन्न समुदायों के बीच संबंधों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। आपको संबोधित यह खुला पत्र एक विनम्र प्रयास है। मेरा उद्देश्य उन दशकों की परिस्थितियों पर गुस्सा प्रकट करना या किसी पर आरोप मढ़ना नहीं है। इसके बजाय मैं आधुनिक समय के विवादास्पद मुद्दों को संबोधित करना चाहता हूं जो आज तक हमें प्रभावित कर रहे हैं। जब भी अयोध्या, वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद या मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा सामने आता है, मेरे दिमाग में लाहौर तथा आपके शानदार शहर के नौखला बाजार इलाके में स्थित गुरुद्वारा शहीद गंज की ओर ध्यान चला जाता है। गुरुद्वारा शहीद गंज के स्वामित्व पर विवाद था। जहां स्थानीय मुसलमानों का दावा था कि यह स्थान मूल रूप से मस्जिद था, लेकिन महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल में स्थानीय सिखों ने इसे एक गुरुद्वारे में बदल दिया था। 19वीं शताब्दी में सही अवसर आने पर कुछ मुस्लिम लीग सदस्यों के नेतृत्व में शहर के लोगों ने इस मामले को अदालत में उठाया था। लेकिन वे मुकदमा नहीं जीते क्योंकि अदालत ने उनको गुरुद्वारे को फिर से मस्जिद में बदलने की अनुमति नहीं दी।

उस समय कानूनी सलाहकारों का तर्क था कि आवश्यक होने पर इस फैसले के खिलाफ प्रिवी कौंसिल तक अपील की जा सकती है। लेकिन पंजाब के तत्कालीन प्रीमियर सर सिकंदर हयात खान ने सलाह दी कि इस मामले पर आगे कोई कार्रवाई न की जाए। उनके विचार से इससे पूरे उप-महाद्वीप में ऐसी परेशानियों का पिटारा खुल सकता था जो विभाजन के पहले से विद्यमान थीं। सिकंदर हयात खान ने इस पर आगे मुकदमेबाजी की भी सलाह नहीं दी। वे स्पष्ट रूप से इस मुकदमेबाजी के खिलाफ थे। उस समय अधिकांश कानूनविदों की राय थी कि 'एडवर्स पजेशन' के तर्क से उन बहुत से मंदिरों को वापस करना पड़ेगा जो मुसलमानों के कब्जे में आ गए थे। लेकिन उस समय शायद इस तथ्य को अनदेखा किया गया कि हिंदू मंदिर देवता का आवास होते हैं और ये केवल प्रार्थना स्थल नहीं होते हैं। गैर-हिंदू धर्म अपने पवित्र स्थलों को केवल प्रार्थना स्थल मानते हैं, जबकि हिंदू दर्शन के अनुसार देवी-देवताओं की प्रतिमायें आध्यात्मिकता की खोज में पहला चरण होते हैं।

हिंदू विश्वास के अनुसार देवी-देवताओं या ईश्वर के अवतारों की मूर्तियों के दर्शन से आध्यात्मिक भावनायें सक्रिय होती हैं। इसके उलट सिख धर्म में कोई मूर्ति नहीं होती है और वहां हिंदू मंदिर की तरह आध्यात्मिकता के रास्ते पर बढ़ने के लिए इसका उपयोग भी नहीं होता है। यही विचार हजरत मूसा ने व्यक्त किया था जो यहूदीवाद के संस्थापक पैगंबर थे। यहूदी धर्म तीन 'सेमेटिक धर्मों' में से पहला धर्म है। इसे हज़रत मूसा द्वारा प्रतिपादित 'किताबी धर्म' भी कहा जाता है। इस्लाम भी इसी प्रकार का 'किताबी धर्म' है जिसका संचालन पवित्र कुरान के आधार पर होता है। हज़रत मूसा ने खासतौर से किसी प्रकार की मूर्ति पूजा पर प्रतिबंध लगाया था। उनके द्वारा प्रतिपादित दस पवित्र आदेशों में से दूसरे में कहा गया है, 'तुम्हें अपने मालिक या ईश्वर की कोई पत्थर की मूर्ति नहीं बनानी चाहिए।' आपका इस्लाम धर्म भी मूर्ति-पूजा के इसी घोर विश्वास तथा पवित्र आदेश का कठोरता से पालन करता है।

लेकिन मुझे यह कहते हुए बहुत दु:ख होता है कि आपके देश पाकिस्तान में आपने इस विश्वास का बहुत अधिक विस्तार किया है। इस विश्वास की परिणति दु:खद रूप से मंदिरों और मूर्तियों को नष्ट करने के रूप में सामने आई है। आपके देश में 1947 में स्वतंत्रता के बाद से 75 से अधिक मंदिरों को अपवित्र किया गया या उनको पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। यह प्रवृत्ति आज भी जारी है। मैंने अपने विद्वान उर्दू शिक्षक से सुना था कि यह विश्वासी या 'मोमिन' के रूप में आपकी जिम्मेदारी है कि अविश्वासियों यानी 'काफिरों' द्वारा स्थापित मूर्तियों-'बुतों' को अपवित्र और नष्ट किया जाए। लेकिन हम दो पड़ोसी देशों के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों को देखते हुए आपकी जनता को इस प्रकार मूर्तियों को अपवित्र करने और मंदिरों को नष्ट करने के काम से बचना चाहिए था। मैं यह बात इस तथ्य को स्वीकार करने के बावजूद कह रहा हूं कि इस्लाम में मूर्ति पूजा या 'बुत परस्ती' के बजाय केवल विश्वास पर दृढ़ रहना या 'मजहब परस्ती' सिखाई जाती है। यह इस्लाम धर्म का संभवत: अभिन्न अंग है। लेकिन आज हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां अन्य धर्म मानने वालों को भी अपने विश्वास का व्यवहार करने और पूजा करने का समान अधिकार प्राप्त है। हालांकि, अपने विश्वास का पालन करने में उनको ध्यान रखना चाहिए कि दूसरों की भावनायें आहत न हों।

इस परिदृश्य में मैं आपसे अपील करना चाहता हूं कि आप हिंदुओं की भावनाओं का ध्यान रखें तथा हमारे मंदिरों और मूर्तियों को पाकिस्तान में सुरक्षित बनाए रखने का निर्णय लें। आपकी पीढ़ी के राजनेताओं को इस बात से थोड़ा सहज अनुभव करना चाहिए कि भारतीय शांतिपूर्ण तथ काफी सीमा तक निष्क्रिय या उदासीन भी हैं। भारतीयों की बहुत बड़ी संख्या मंदिरों और मूर्तियों के तोड़े जाने पर प्रतिक्रिया या कम से कम आक्रामक प्रतिक्रिया नहीं करती है। दशकों पहले तक आम भारतीयों की यही मन:स्थित रही है, पर अब इसमें व्यापक बदलाव आ रहा है। आज भारत और भारतीय बदल रहे हैं। हमारी सभ्यतामूलक यात्रा में दिसंबर, 1992 में व्यापक और असली परिवर्तन आया है जिसका मैं सौभाग्य से एक विनम्र भागीदार रहा हूं। उस समय अपने नेताओं के मना करने के बावजूद उत्तेजित लोगों ने भगवान राम के जन्मस्थल पर बना मस्जिद का एक ढांचा ढहा दिया था।

भारत में हमने उन मंदिरों के पुन: निर्माण का अभियान चलाया है जो मध्ययुग में मूर्तिभंजकों का शिकार बने थे। इस संबंध में मैं जल्द ही अपने पूर्वी पड़ोसी देश की प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना को भी पत्र लिखूंगा। उनके देश बांग्लादेश में भी हर साल दर्जनों मंदिर अपवित्र किये जाते हैं या उनको नष्ट कर दिया जाता है। आप इस बात से सहमत होंगे कि अच्छे पड़ोसियों को एक दूसरे की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। कृपया इस तथ्य को याद करें कि प्राचीन मंदिरों को नष्ट कर उनके खंडहरों पर हजारों-हजार मस्जिदों का निर्माण भारत में मुस्लिम आक्रमणकारियों और मध्ययुगीन इस्लामी शासकों के शासनकाल में हुआ है।

अब तक भारत में हमने सभी मामलों में कानूनी अदालतों के माध्यम से प्राचीन मंदिरों पर अधिकार प्राप्त करने के प्रयास किए हैं। भारत की जनता ने अपने मंदिरों पर अधिकार पाने के लिए एकपक्षीय कार्रवाई या हिंसक कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में मेरी आपसे अपील है कि आप पाकिस्तानी जनता तथा इस्लाम धर्मानुयाइयों को हिंसा करने से रोंकें तथा अपने देश में हिंदू मंदिरों व मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। कश्मीर में भी 130 से अधिक मंदिरों पर हमले किए गए और उनको अपवित्र किया गया। ऐसा इस तथ्य के बावजूद हुआ कि उस क्षेत्र पर भारत का नियंत्रण था। मैं जानता हूं कि हमारे द्वारा कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने पर पाकिस्तान ने बहुत गुस्सा दिखाया था। लेकिन यह कोई आश्चर्य का विषय नही है कि हमने ऐसा क्यों किया। हमने अनेक वर्षों तक आतंकी हिंसा सहन की। लेकिन जब हम इसे सहने में विफल हो गए तो हमने संसद के रास्ते से अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया। लेकिन आपको निश्चित रूप से यह बात पसंद आएगी कि हमने कभी इस मुद्दे पर भी हिंसा नहीं की। खुशी की बात है कि भारतवर्ष के लगभग सभी मुस्लिम नागरिक कश्मीर में भी अधिकतम सीमा तक भारत सरकार के साथ सहयोग कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी।

# दोराहे पर यूरोपीय संघ और चीन के रिश्ते

> यह आवश्यक है कि वे बातचीत और परामर्श के माध्यम से आर्थिक और व्यापार घर्षणों को उचित रूप से संबोधित करें और एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करें।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भू राजनीतिक समायोजन, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय रूप से किया जा रहा है, यहां तक कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र अपने घरेलू निर्वाचन क्षेत्रों को शांत करने में व्यस्त हैं, जहां एक प्रमुख रैली एजेंडा चीन है। दो सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत और अमेरिका, दोनों के चीन के साथ अपने-अपने मुद्दे हैं, दुनिया भर में अब तक देखी गई कुछ सबसे प्रतिस्पर्धी चुनाव प्रक्रियाओं के बीच में हैं। इस बीच, यूरोपीय संघ, या कम से कम इसके कई सदस्य देश, अकेले ऑस्ट्रेलिया जैसे अमेरिकी सहयोगी, चीन के साथ उलझे हुए जाल को सावधानीपूर्वक पुनर्व्यवस्थित कर रहे हैं।

यह कोई संयोग नहीं है कि चीनी प्रधान मंत्री शी जिनपिंग इस सप्ताह की शुरुआत में यूरोप के तीन देशों के रणनीतिक दौरे पर थे। यह त्रि-राष्ट्र दौरा, जिसके दौरान चीनी प्रधान मंत्री ने यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से भी मुलाकात की, लगभग 5 वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा है और यह वह समय भी है जब कई यूरोपीय देश अत्यधिक सब्सिडी वाले इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चीन को दोषी ठहरा रहे हैं। अपने बाज़ारों में, जिससे कई यूरोपीय ऑटो फैक्ट्रियां निरर्थक हो गईं।



यूरोपीय लोग इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहते थे कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में, पूरे क्षेत्र में ईंधन-सहायता प्राप्त मुद्रास्फीति को बढ़ाते हुए, चीन अपने सीमा रहित मित्रों रूस को स्थिर करने में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रपति के प्रेस वक्तव्य में स्पष्ट रूप से उल्लिखित यूरोपीय लोग स्पष्ट रूप से बोलते हैं, जिसके लिए वे जाने जाते हैं, पहला विषय जिस पर हमने विचारों का आदान-प्रदान किया वह भूराजनीतिक स्थिति थी। हमने विशेष रूप से यूक्रेन और मध्य पूर्व में संघर्ष पर चर्चा की। हम इस बात से सहमत हैं कि यूरोप और चीन का शांति और सुरक्षा में साझा हित है। हम चीन पर भरोसा करते हैं कि वह यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता के युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस पर अपने सभी प्रभाव का उपयोग करेगा। राष्ट्रपति शी ने रूस के गैरजिम्मेदार परमाणु खतरों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति शी रूस द्वारा जारी परमाणु खतरों की पृष्ठभूमि में ऐसा करना जारी रखेंगे। हमने रूस को कोई भी घातक उपकरण उपलब्ध नहीं कराने की चीन की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की है।% रूस को दोहरे उपयोग वाले सामानों की डिलीवरी को कम करने के लिए और अधिक प्रयास की आवश्यकता है जो युद्ध के मैदान में पहुंच जाते हैं।

और यूक्रेन और यूरोप दोनों के लिए इस युद्ध से उत्पन्न खतरों की अस्तित्वगत प्रकृति को देखते हुए, यह यूरोपीय संघ-चीन संबंधों को प्रभावित करता है। यूरोपीय संघ की ओर से चीन को संदेश था कि यूरोपीय धरती पर अन्यायपूर्ण युद्ध में रूस की मदद न करें, अन्यथा द्विपक्षीय संबंध संकट में पड़ जाएंगे। कोई आश्चर्य नहीं, त्रिपक्षीय बैठक के बाद चीनी टीम द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य के निचले तीन पैराग्राफ तक यूक्रेन और मध्य पूर्व का जिक्र नहीं था।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भाषा में लिखा है, यूक्रेन संकट पर, राष्ट्रपति शी ने बताया कि चीन, फ्रांस और यूरोपीय संघ सभी शीघ्र युद्धविराम और यूरोप में शांति की वापसी चाहते हैं, और संकट के राजनीतिक समाधान का समर्थन करते हैं। चीन शांति के लिए बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए सख्ती से काम कर रहा है। चीन के उद्देश्यपूर्ण और उचित रुख और उसकी रचनात्मक भूमिका को अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा व्यापक रूप से मान्यता दी गई है।

चीन संबंधित पक्षों के साथ संपर्क में रहने के लिए तैयार है। इन वार्तालापों का अन्य महत्वपूर्ण तत्व व्यापार था, क्योंकि इसमें शामिल सभी पक्ष ईंधन की बढ़ती लागत, अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल और, कोविड के बाद, आपूर्ति श्रृंखला बेमेल की बाधाओं को महसूस कर रहे हैं।

यूरोपीय संघ ने अपनी बातचीत में चीनी सब्सिडी वाले उत्पादों, एक-दूसरे के बाजारों तक मुफ्त और निष्पक्ष पहुंच और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन पर तीखे संकेत दिए। रक्षात्मक चीन ने कहा कि दोनों पक्षों के व्यापक साझा हित हैं और हरित एवं डिजिटल संक्रमण में सहयोग के लिए व्यापक गुंजाइश है।

यह आवश्यक है कि वे बातचीत और परामर्श के माध्यम से आर्थिक और व्यापार घर्षणों को उचित रूप से संबोधित करें और एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करें। चीन ने अपने कुछ सबसे बड़े बाजार साझेदारों को वापस लुभाने के लिए सही कदम उठाना शुरू कर दिया है, ऐसे समय में जब भारत और अमेरिका, इंडो-पैसिफिक थिएटर में अन्य प्रमुख हितधारक, अपने चुनावों में व्यस्त हैं। भारत लगभग एक महीने में चुनाव से निपट लेगा, और एक चुस्त, चुस्त चीन नीति दृष्टिकोण की प्रतीक्षा है।

## आप की बात

### जनसंख्या संरचना

**प्रधानमंत्री** की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जनसंख्या की अध्ययन रिपोर्ट जारी कर बताया गया है कि 65 वर्ष में मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या वृद्धि 43 प्रतिशत है जबकि हिंदू समुदाय की जनसंख्या 8 प्रतिशत घट गई है। 2015 में मुसलमान कुल आबादी का करीब 14 प्रतिशत थे जबकि हिंदू समुदाय कुल आबादी का करीब 84 प्रतिशत था। उल्लेखनीय है कि 2011 में भारत में जनगणना हुई थी। इसके बाद 2021 में जनगणना कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण नहीं हो सकी थी। उम्मीद है कि नई सरकार जनगणना को प्राथमिकता देगी। विपक्षी नेताओं ने इस समय यह रिपोर्ट लाने पर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। वे 2015 के आंकड़ों पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, भाजपा के साक्षी महाराज, गिरिराज किशोर एवं अन्य ने इस पर चिन्ता जाहिर की है। उन्होंने मुसलमानो की बढ़ती जनसंख्या को भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश करार दिया है। चुनावी माहौल में बेशक यह सियासत का मुद्दा हो, लेकिन राष्ट्र हित में एक व्यापक, विस्तृत एवं सर्व-स्वीकार्य जनसंख्या नीति बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। सभी समुदायों में छोटे परिवारों को प्रोत्साहित करने के तरीके खोजे जाने चाहिए और इनको आर्थिक नीति का प्रमुख अंग बनाना चाहिए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### चुनाव और अर्थव्यवस्था

**भारत** में हमेशा ही आम चुनाव के दूरगामी परिणाम होते रहे हैं जिससे न केवल राजनीतिक परिदृश्य बल्कि शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था भी काफी प्रभावित होती रही है। दलाल स्ट्रीट से लेकर आम मजदूर तक हर कोई चुनाव के दौरान बड़ी बेचैनी अनुभव करता है। चुनाव अल्प अवधि में अस्थिरता लाते हैं पर उसके दीर्घकालिक प्रभाव मुख्य रूप से सत्तारूढ दल द्वारा लागू किए जाते हैं। सरकार की स्थिरता चाहे बहुमत के रूप में हो या गठबंधन के रूप में, निवेशकों के बीच विश्वास पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में नीतिगत निरंतरता और आर्थिक सुधारों के कारण वर्तमान सरकार अच्छी स्थिति में है। भारत आज विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है तथा पिछले दस साल में दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। विश्वास है अगले पांच साल में वह विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में सफल होगा। लेकिन भारतीय मतदाताओं को खैरात बांट कर येन-केन-प्रकारेण सत्ता तक पहुंचने का प्रयास करने वाले दलों से सावधान रहना होगा। देश की आर्थिक प्रगति व भ्रष्टाचार-उन्मूलन से सारी जनता को लाभ होगा।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### रूस का बयान

**रूसी विदेश मंत्रालय** की प्रवक्ता ने यह बयान देकर सनसनी पैदा कर दी है कि अमेरिका भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है। यह बयान ऐसे समय भारत-रूस दोस्ती का प्रतीक है, जब कनाडा, अमेरिका तथा पश्चिमी देशों में बैठे कुछ भारत-विरोधी तत्व भारत के लोकतंत्र की छवि खराब करने के प्रयास कर रहे हैं। रूस ने हमेशा भारत के साथ अपनी दिली-दोस्ती निभाई है और उसे सदाबहार बनाये रखा है। उसने दुनिया के किसी भी देश में व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मित्र भारत के लिए सदैव अपनी सहिष्णुता का परिचय दिया है। आज भी उसने अमेरिका के खालिस्तानी मामले में दिए विवादित बयान के विरूद्ध भारत का पक्ष लिया है। रूस ने अपनी सूचनाओं के आधार पर भारत के मामले में अमेरिका को खरी-खरी सुना दी है। रूसी विदेश मंत्रालय का बयान भारत में उन विपक्षी नेताओं के लिए सबक होना चाहिए जो भारतीय लोकतंत्र तथा भारत सरकार की विदेश नीति को पश्चिमी चश्मे से देखते हैं तथा अंध मोदी-विरोध के चलते सरकार की हर नीति पर शक करते हैं। रूसी बयान से भारतीय विदेश मंत्रालय की राजनयिक स्थिति निश्चित रूप से और मजबूत हुई है।

–**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### विमान यात्रियों की पीड़ा

**एयर इंडिया** द्वारा दो-तीन दिनों से लगातार बड़ी संख्या में फ्लाइट्स कैंसिल करने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महंगे से महंगा किराया देकर यात्री अपने आवश्यक कार्य के लिए शीघ्र गंतव्य तक पहुंचाने के लिए अधिक पैसा चुकाता है। इसके बावजूद फ्लाइट कैंसिल होने की सूचना मिलने पर वह मझधार में फंस जाता है। समय पर नहीं पहुंचने के कारण उसे कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। टिकट के पैसे वापस कर देना कोई बड़ी बात नहीं हैं। हवाई कंपनियों को फ्लाइट निरस्त होने पर या 3 घंटे से अधिक लेट होने पर यात्रियों को मुआवजा देने का प्रावधान भी रखना चाहिए। पायलटों की हड़ताल से यात्रियों को बचाने के लिए समय रहते पायलटो की मांगों पर गंभीरता से विचार करके उनका समाधान होना चाहिए। आगे ऐसी स्थितियां नहीं बने, इसके पुख्ता इंतजाम करने चाहिए। फ्लाइट कैंसिल होने पर लोग एक्सप्रेस ट्रेनों की और रुख करते हैं मगर वहां भी जगह नहीं है। सरकार को देश की जनता की जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त ट्रेनों और सार्वजनिक परिवहन संसाधनों की व्यवस्था करनी चाहिए।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# अहातों से भरा खजाना, 3 करोड़ 20 लाख में बिके 13 अहाता, तीन के लिए सामने नही आये ठेकेदार

## सबसे अधिक देशी मदिरा अहाता कंपोजिट डौंडीलोहारा, वहीं सबसे कम विदेशी मदिरा अहाता गुंडरदेही के लिए लगी बोली




पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

जिले की शराब दुकानों के बाहर अब जल्द ही अहाता सजते हुए नजर आने लगेंगे। शुक्रवार को जिले की 16 शराब दुकानों के लिए टेंडर किया गया था। जिसमें 13 दुकानों को लेने के लिए 3 करोड़ 20 लाख 19 हजार 700 रुपए की बोली लगाई गई है। हालांकि तीन दुकानों के लिए कोई भी निविदा नहीं आने के कारण उनके अहाता का टेंडर नहीं किया जा सका है। 13 दुकानों के लिए कुल 69 निविदा प्राप्त हुई थी। जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर की मौजुदगी में निविदा खोली गई। बता दे कि वर्ष 2024-25 के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में कुल 457 अहाता के लिए निविदा आमंत्रित हुई थी, ये 457 दुकाने 103 करोड़ 54 लाख 17 हजार में बिकी हैं। यानी कि छत्तीसगढ़ सरकार को अहाता से 103 करोड़ 57 लाख से अधिक की अतिरिक्त आय होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सत्ता पर आने के बाद साय सरकार ने शराब दुकानों के बाहर अहाता खोलने का निर्णय लिया था। जिले की सभी 16 सरकारी शराब दुकान के बाहर अहाता के लिए टेंडर के तहत आवेदन मंगाए गए थे। जिसके बाद शुक्रवार को जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक और जिला आबकारी अधिकारी राजेश शर्मा के सामने निविदाएं खोली गई। सबसे अधिक रकम देशी मदिरा अहाता कंपोजिट डौंडीलोहारा के लिए लगाई गई है। वहीं सबसे कम विदेशी मदिरा अहाता गुंडरदेही के लिए बोली लगी है। वही देशी मदिरा अहाता कंपोजिट दल्लीराजहरा, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट मंगचुवा एवं विदेशी मदिरा अहाता संजारी के लिए कोई भी निविदा आमंत्रित नही हुई। जिसकी वजह से यहां बोली नही लग पाई।

### 13 अहाता हेतु चयनित निविदाकर्ताओं के नाम

देशी मदिरा अहाता सिकोसा देवसिंग पिता संजय सिंग 23 लाख 31 हजार, देशी मदिरा कंपोजिट अहाता डौंडी गोविंदा बख्शी पिता प्रभुराम बख्शी 13 लाख 25 हजार, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट गुरुर संतोष यादव पिता रामरतन यादव 31 लाख 11 हजार 900, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट कुसुमकसा मनीष वाधवान पिता सुरेन्द्रपाल वाधवान 17 लाख 11 हजार 500, विदेशी मदिरा अहाता बालोद इंद्रपाल सिंह भाटिया पिता जसमीत सिंह भाटिया 18 लाख 75 हजार, विदेशी मदिरा अहाता गुंडरदेही रामजी सिन्हा पिता पंचू राम सिंह 13 लाख 11 हजार, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट डौंडीलोहारा विनोद कुमार जायसवाल 36 लाख 32 हजार 900, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट बालोद हिमांशु कुंभज पिता दिनेश भारती कुंभज 36 लाख 15 हजार, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट गुंडरदेही विजय वर्नवाल पिता राधेश्याम वर्नवाल 21 लाख 45 हजार 300, विदेशी मदिरा अहाता देवरीबंगला लक्ष्मी कुमार जोशी पिता हुमन लाल जोशी 23 लाख 15 हजार 900, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट अरकार अभय कुमार वर्नवाल पिता रामजी वर्नवाल 23 लाख 43 हजार 300, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट अर्जुन्दा दीपक कुमार वर्नवाल पिता जयप्रकाश वर्नवाल 32 लाख 1 हजार 900 एवं विदेशी मदिरा अहाता सिकोसा हिमांशु कुंभज पिता दिनेश भारतीय कुंभज 31 लाख शामिल हैं।

### इन मापदण्डो का करना होगा पालन

अहाता के खुलने और बंद होने का समय सुबह 10 से रात 10 बजे तक होगा। अहाता का संचालन बंद परिसर में इस प्रकार किया जाएगा जिससे निकटवर्ती रहवासियों एवं जनसामान्य को असुविधा न हो। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा, परिसर का एरिया कम से कम 150 वर्गफीट में होगा। उपभोक्त ाओं को युक्ति युक्त सुविधाएं यथा-अल्पाहार, एयरकूल्ड, एयरकंडीशन तथा स्वच्छ वातावरण सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। फर्नीचर और अग्निशमन की व्यवस्था रखनी होगी। अनुज्ञप्तिधारी 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति की नियुक्ति नही करेगा। भारत सरकार के अधिनियम एवं नियमों के तहत समस्त आवश्यक लाइसेंस/अनुमति जैसे एफएसएसएआई लाईसेंस लेना अनिवार्य होगा। नियमो का उलंघन करने पर निविदा रद्द करने की कार्यवाही भी की जा सकती है। अहाता में मदिराप्रेमियो कई व्यवस्था का पूरा पूरा ख्याल रखना होगा। सूखा और गीला कचरा अलग अलग कूड़े दान में रखना होगा। अहाता परिसर में 2 बार साफ सफाई किया जाना आवश्यक होगा। अहाता परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा एवं मादक पदार्थ द्रव्य पाए जाने पर संपूर्ण जवाबदारी कार्यरत कर्मचारियों एवं संबंधित अनुज्ञप्तिधारी की होगी। इन सारे नियमो एवं निर्देशो को अहाता संचालनकर्ता को अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

3 दुकानों के लिए किसी भी ठेकेदार ने बोली नही लगाई, अब राज्य स्तर पर फिर से इसकी विज्ञप्ति निकलेगी, इन 3 दुकानों का आरक्षित मूल्य कम हो जाएगा, अगर एक जून में विज्ञप्ति जारी होती है तो 2 माह का लाइसेंस फीस कम हो जाएगा। अहाता के निर्देशों का चयनित निविदाकर्ताओं को पालन करना होगा, समय समय पर निरीक्षण जांच किया जाएगा। 15 मई से लाइसेंस इसु होगा। 2 दिन समय दिया गया है, प्रतिभूति अग्रिम राशि जमा करने। शासन की गाइडलाईन के हिसाब से ठेकेदार को अहाता का स्ट्रक्चर तैयार करना होगा। जो चयनित निविदाकर्ता है उनकी समयावधि 15 मई से 31 मार्च 2025 तक रहेगी।

**राजेश शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी, बालोद**

# ब्राह्मण समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम की जयंती





पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

लौह अयस्क नगरी के श्रमवीर चौक के समीप स्थित ब्राह्मण समाज भवन में शुक्रवार 10 मई 2024, वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया (अक्षय तृतीया) के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज के द्वारा ब्राह्मणों के इष्टदेव भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी की प्रकाट्य उत्सव विप्र परिवारों के गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पं.अशोक पाण्डेय ने वैदिक विधि विधान से इष्टदेव की पूजा-अर्चना, आरती संपन्न कराया एवं विप्र समाज की विदुषी मातृशक्तियों के द्वारा श्री सुंदरकांड, श्री हनुमान चालीसा व संकट मोचन श्री हनुमानजी के सस्वर पाठ के प्रस्तुति पश्चात विप्र बंधुओं के द्वारा सामूहिक रुप से श्री रामायण जी, श्री हनुमान जी तथा भगवान परशुराम जी की भव्य व दिव्य आरती की गई। तत्पश्चात भोग प्रसाद वितरण व भोजन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, प्रवक्ता कमल शर्मा, संरक्षक आर.के.द्विवेदी, बी.के.मिश्रा, विजय दीक्षित, संतोष पाण्डेय, अजय मिश्रा, ए.के.राजोरिया, अनिलकांत शर्मा, विनोद तिवारी, अशोक पाण्डेय, झा साहब,बृजभूषण पाण्डेय, चौधरी, त्रिवेदी. अजीत झा, ऋषिकेश पाण्डेय, डॉ.देवदत्त शर्मा, भट्टाचार्य जी.अगम पाठक, डॉ. चक्रवर्ती, शैलेंद्र व्यास, प्रमोद तिवारी, राकेश द्विवेदी, जोगेंद्र ठाकुर,स्वप्निल तिवारी, चौबे, आदित्य पाण्डेय (बिट्टू) सहित बड़ी संख्या में विदुषी मातृशक्तियों,बच्चों, युवाओं व बुजुर्गो ने सहपरिवार भगवान परशुराम जी के प्रकाट्य उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# अरनव गुप्ता ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में 95.50 प्रतिशत के साथ जिला में बनाया स्थान

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर कक्षा 10 वी एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में कक्षा दसवीं में कल 55 विद्यार्थी में से प्रथम 22 द्वितीय 22 तृतीय 03 पूरक 02 कुल 85.45 प्रतिशत कक्षा दसवीं का परिणाम रहा एवं कक्षा 12वीं में कुल 82 विद्यार्थियों में से प्रथम 14 द्वितीय 42 तृतीय 05 पूरक 08 इस तरह कुल 74.39त्त परिणाम रहा कक्षा दसवीं में अरनव गुप्ता पिता शैलेंद्र गुप्ता माता सुकृति गुप्ता ने 95.50 प्रतिशत प्राप्त किया जिला में छठा स्थान बनाया संस्था के प्राचार्य चंद्रशेखर चौधरी, व्याख्याता ठाकुर प्रसाद नायक, मुकेश ठाकुर, राजेश चंद्रवंशी, चरणजीत सिंह पाहुजा अब्दुल सईद खान, रंजना मिश्रा, मधुरिमा सोनी, अलका शर्मा, प्रियंका मेहरा, गायत्री तिवारी, सीमा मरकाम, सेवानिवृत शिक्षक भोले विश्वकर्माएवं ग्राम वासियों ने बच्चों को बधाई दिया।

# दान सिंह चंद्राकर के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दान सिंह चंद्राकर का राजहरा खदान समूह के अंतर्गत दल्ली माइंस में 37 साल की दीर्घ सेवा देने के बाद 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दान सिंह चंद्राकर ने 31 अक्टूबर को 1987 को दल्ली राजहरा के ई एम एम गैरेज से अपनी सेवा चालू की। दल्ली माइंस के अंतर्गत मैकेनिकल मेंटेनेंस दल्ली तथा एस डब्ल्यू प्लांट दल्ली में बेहतरीन सेवा दिए। उन्हें कई पुरस्कार भी प्राप्त हुआ तथा माइंस बिरादरी का सबसे बड़े दो मुख्य पुरस्कार भी उनको प्राप्त हुए हैं। माइंस बिरादरी की ओर से 1992 में नेहरू अवॉर्ड तथा 2004 में प्रधानमंत्री श्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार ने कहा कि चंद्राकर के द्वारा किए गए 37 साल की सेवा को भुलाया नहीं जा सकता। दल्ली खदान समूह के तीन विभागों में उनके द्वारा जो बेहतरीन कार्य किए हैं वह अविस्मरणी है। वे परंपरा के अनुसार 60 साल के बेहतरीन सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति हो रहे हैं। हम पूरे खदान बिरादरी की ओर से बेहतरीन सेवा के लिए उनका सम्मान करते हैं तथा आशा करते हैं कि उनका भविष्य उज्जवल हो। वे सदैव स्वस्थ तथा दीर्घायु रहे। दान सिंह चंद्राकर ने अपने स्मृति को बताते हुए कहा कि जब मैं 1987 में प्लांट ज्वाइन किया था। उस समय संसाधन की कमी हुआ करती थी। चारों तरफ जंगल था तथा जंगली जानवर का भी डर बना रहता था। फिर भी हम लोगों ने कर्म ही पूजा है का सिद्धांत अपनाते हुए उत्पादन में कोई कमी आने नहीं दी। एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर माइंस को आगे बढ़ाने में सहयोग किया। अधिकारियों ने भी हमें हर स्तर पर प्रेरित कर हमारा मनोबल बढ़ाते रहे। जब भी आप लोगों को प्लांट संबंधी कुछ भी जानकारी की जरूरत पड़े आप लोग मुझे जानकारी ले सकते हैं बिना संकोच मैं आप लोगों का सहयोग करूंगा। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि आर बी गहरवाल मुख्य महाप्रबंधक आईओसी राजहरा एजीएम पर्सनल रेड्डी सीनियर मैनेजर पर्सनल बघेल यूनियन से मानकर जी गौतम बेहरा उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर वत्सला संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए नन्हे कदम का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा के मानपुर मुड़पार बस्ती स्थित शिव मंदिर प्रांगण में वत्सला संस्था ने अक्षय तृतीया पुण्य कार्य का मेगा आयोजन किया, जिसमे भारी संख्या में बच्चे, दिहाड़ी मजदूर, बुजुर्ग पहुंचे। सभी ग्रामीणों को मीठा शरबत, आम, खरबूजा, स्टील गिलास, शक्कर पैकेट वितरण किया साथ ही बुजुर्गो को गर्मी से राहत के लिए कॉटन गमछा, स्कार्फ बच्चो के लिए नए कपड़े ,वाटर बॉटल,और मई जून की चिलचिलाती गर्मी से 3 से 11 वर्ष के जरूरतमंद बच्चो के लिए नन्हें कदम मिशन का आगाज किया, संस्था प्रमुख ज्योति सिंघानिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सेवा कार्य 3 मई से 30जून तक रास्ते बाजार, चौराहे, फुटपाथ, हर जगह जहा भी बच्चे बीना चप्पल देखे जा रहे है, उन्हें चप्पल पहनाया जा रहा है। इस कार्य को संस्था वालेंटियर पूर्ण समर्पण भाव से कर रहे है, वे पारिवारिक आयोजन में भी जा रहे है तो अपने साथ चप्पल रख के ही चलते है, अबतक बेमेतरा ग्रामीण से शहरी तक 117 बच्चो के नन्हे कदमों को शीतलता दे चुके है, आगे भी अनवरत ये कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर बेमेतरा अध्यक्ष स्वीटी सलूजा, सचिव विजया लखोटिया, कोषाध्यक्ष कीर्ति सिंघानिया, के साथ कार्यकारिणी सदस्य गेशु अग्रवाल की उपस्थिति सराहनीय रही। वत्सला सदस्यों ने सोशल, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जरिए सभीसे अनुरोध किया है की कहीं भी किसी भी बच्चे का कोमल पाव गर्मी से न झुलसे, इसलिए अविलंब हमसे चप्पल के लिए संपर्क करें और इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता दे।

# छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में शामिल कवर्धा की रिफा जावेरी व यमुना पटेल कों कवर्धा मुस्लिम ट्रस्ट नें किया सम्मान



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा शहर की होनहार बच्ची रिफा जावेरी नें कक्षा बारहवीं में छत्तीसगढ़ में टॉप टेन शामिल होने पर, मुस्लिम ट्रस्ट कवर्धा के मुत्वल्ली (अध्यक्ष) हनीफ अंजुम व अन्य पदाधिकारी व सदस्यों नें रिफा जावेरी व यमुना पटेल के घर पहुँच कर सम्मानित करते हुए, छत्तीसगढ़ प्रदेश में 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करने पर कवर्धा जिले वासी गौरवन्वित है, बच्ची की हौसला अफजाई करते हुए उनके शिक्षक व माता पिता अनवर जावेरी, फिरोजा जावेरी व यमुना पटेल के परिजनों से मुलाक़ात कर बधाई दी, साथ ही साथ रिफा जावेरी व यमुना पटेल कों आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया, सभी नें रिफा कों बधाई दीं व उज्जवल भविष्य की कम करते हुए देश व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# अक्षय तृतीया पर ऑल इडिया लीनेश क्लब द्वारा जल सेवा



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा के द्वारा अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर हनुमान मंदिर घड़ी चौक बेमेतरा में रहागीरों भिक्षुकों एवं दर्शानार्थियों के लिए मटकी रखकर जल सेवा कर योगदान दिया गया तथा तपती गर्मी में ठंडा पानी पिलाकर सेवा गतिविधि की दी गई इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विनोद राघव शारदा तिवारी उमा तिवारी उपस्थित हुए।

# शिवनाथ गंगा तट पर श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ द्वादश ज्योतिर्लिंग यज्ञ शाला गौशाला का भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शिवनाथ गंगा के दिव्य तट में बहरघट ग्राम में विशाल आदि शंकराचार्य विद्यापीठ, द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, यज्ञशाला विशंभर गौशाला, अतिथि निवास आदि का भूमि पूजन कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न किया गया। जिस संस्थान के संस्थापक छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य प्रवर राम प्रताप शास्त्री जश महाराज कोविद एवं अनेक वैदिक विद्वानों के सानिध्य में हुआ संरक्षक मार्गदर्शक के रूप में आचार्य मानस केसरी प्रमोद शास्त्री (संस्थापक मानव कल्याण आश्रम करपात्री गौशाला) आचार्य बलदेव शास्त्री महाराज, आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीठ परिषद) आचार्य राजेंद्र शास्त्री महाराज एवं धार्मिक जगत के अनेक विभूतियां और पूरे छत्तीसगढ़ से सनातन धर्म वलंबियों की गरिमामय उपस्थिती के साथ विशेष अतिथियों के रूप में बेमेतरा विधानसभा के विधायक दीपेश साहू अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष योगेश तिवारी पूर्व विधायक अवधेश चंदेल बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंहा राकेश मोहन शर्मा विकास तंबोली रोशन दत्ता थे।

संस्थान के विषय में जानकारी देते हुए संस्थापक आचार्य शास्त्री जी महाराज ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म एवं संस्कृति इस विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है जिस संस्कृति का मुख्य केंद्र गुरुकुल परंपरा है और हमारे मठ मंदिर हैं ऐसे कार्यों का विस्तार निरंतर लोक और समाज में होने से समाज में समरसता दया करुणा का भाव विस्तार को प्राप्त करता है यज्ञ परंपरा ऐसे स्थान में निरंतर चलने से लोक और समाज में आस्तिकता धार्मिकता और प्रकृति में दिव्य शुद्धिकरण का कार्य यज्ञ से संपन्न होता है और ऐसे केंद्रों से ऐसे कार्यों का निरंतर समाज में संचालन हो पाएगा उन्होंने आस्वस्थ किया ऐसे निरंतर धार्मिक कार्य इस संस्थान में होते रहेंगे और उन्होंने लोक और समाज के सनातन धर्म के अनुयायियों से ऐसे कार्यों में निरंतर जुड़ने का और सहयोग करने का आह्वान किया।

# कैवल्यधाम तीर्थ में अरिहंत लेंगे दीक्षा



पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कैवल्यधाम तीर्थ मे चल रहे वर्षीतप पारण के कार्यक्रम में आज शहर के प्रतिष्ठित परिवार मैत्री डेंटल कॉलेज के संचालक राजेश बुरड के जेष्ठ पुत्र अरिहंत की दीक्षा का मुहूर्त उग्र तपस्वी 171 उपवास के परम पूज्य विराग मुनिजी महाराज साहब द्वारा दिया जाएगा। यहां यह बताना यथोचित होगा कि जैन धर्म में संयम जीवन धारण कर अपनी आत्मा को निर्मल कर मोक्ष मार्ग प्राप्त करने के लिये जैन श्रावक एवं श्राविकाएं संयम का मार्ग धारण करते हैं, तथा संयम जीवन पर चलकर अपनी आत्मा के कल्याण के लिए जप-तप एवं आराधना कर धर्म का प्रचार करें।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को खीरा और करेले की जानकारी दी गई



पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कुम्हारी खपरी में किसानो के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संघ भवन में रखा गया जिसमें प्रदेश के महासमुन्द, जांजगीर चापा, बालोदाबाजार, जगदलपुर, दुर्ग एवं रायपुर, सहित अन्य जिलो से दो सौ से भी अधिक किसान सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खीरा की खेती के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी भूपेन्द्र परमार द्वारा दी गई, जिसमें फसल के बीज की बुवाई से लेकर फसल तोड़ाई तक जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरान्त करेला की खेती के सम्बन्ध में देवेश टांक एवं प्रशांत मारू ने सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। करेला फसल में लगने वाले कीट व्याधि निवारण करके अधिक उत्पादन किस तरह से लिया जा सकता है इस सम्बन्ध में किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। दोपहर भोजन उपरान्त लौकी की उन्नत खेती विषय पर पारूल सिंग और सुमीत लोहान द्वारा किसानों को पूर्ण जानकारी दी गई। प्रदेश के लगभग सभी जिलो के किसान इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के कारण सब्जी वर्गीय फसलों में रोग व्याधि देखा जा रहा है, इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश के किसानों को प्रशिक्षित करना संघ का मूल उद्देश्य है ताकि हमारे प्रदेश का किसान खुशहाल हो सके। खीरा, करेला व लौकी फसल प्रशिक्षण कार्यकम में अधिक पंजीयन के कारण कार्यक्रम को आगामी 15 मई को पुनः आयोजित किया जा रहा है इस कार्यकम के आयोजन में छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र लोहान, प्रदेश सचिव भुपेन्द्र दुबे, सह सचिव दिलीप राठौर, संजय गोहिल व हर्षित पढ़ियार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बी.आर.सी.पब्लिक स्कूल कुण्डा का परिणाम बेहतर

## तृप्ति सागर ने जिले के टॉप टेन में 5 वां स्थान बनाकर अपने स्कूल का नाम किया रोशन

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com





9 मई को माध्यमिक शिक्षा मण्डल के द्वारा कक्षा 10 वी एव 12 वी की परिणाम घोषित किए गए प्रदेश में 10 वी में 75.65 फीसदी तो 12 वी में 80.74 फीसदी हुए पास वही बी.आर सी पब्लिक स्कूल कुण्डा के छात्रा तृप्ति सागर ने कबीरधाम जिले के टॉप टेन में जगह बनाई है । सत्र 2023-24 के कक्षा 10 वीं का परिणाम में बी.आर.सी पब्लिक स्कूल कुण्डा शत प्रतिशत रहा वैसे तो बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा का हर वर्ष की परिणाम बेहतर रहा है इस बार भी बेहतर परिणाम आया है। तृप्ति सागर 95.66 प्रतिशत, के साथ जिले के टॉप टेन में है वही निहाल चंद्राकर 94.16प्रतिशत, आंचल दिवाकर 93.66 प्रतिशत, शेख आसिफ 93.33 प्रतिशत, खुशी चंद्रवंशी 92.50 प्रतिशत, सौम्या शुक्ला 91.86 प्रतिशत, गरिमा चंद्रवंशी 90.56 प्रतिशत,अर्पणा तिवारी 90.16 प्रतिशत शुभम साहू मीनाक्षी चंद्राकर 86.83 प्रतिशत, साक्षी चंद्राकर 84% प्रज्ञा चंद्रवंशी 80.66% किशन साहू 79.56 प्रतिशत तुनेस चंद्राकर 79.33% यादराम कुर्रे 77.36 प्रतिशत, मोहनीश 77.16प्रतिशत युवी चंद्रवंशी 77प्रतिशत, अमित यादव 75.16प्रतिशत, अनमोल दुबे 73.66 प्रतिशत, अभय चंद्राकर 65.56 प्रतिशत, वंशिका बंजारे 65.16 प्रतिशत रिया चंद्राकर 64.66 प्रतिशत, श्रुति चंद्राकर 60.66प्रतिशत हितेश चंद्राकर 52 प्रतिशत निहारिका बर्मा 51.83 प्रतिशत, लेकर उत्तीर्ण रहा । बी आर सी पब्लिक स्कूल कुण्डा के छात्र छात्राओं ने जिले एव अपने स्कूल एव अपने माता पिता का नाम रोशन किया छात्र छात्राओं को स्कूल के अध्यक्ष रामप्रताप चंद्राकर,भूपेंद्र चंद्राकर,दामनी चंद्राकर एव स्टॉप ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।

# प्रदीप हेल्थ केयर के कर्मचारी ने ही लगाया संचालक को 08 लाख रुपये का चुना

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com



फर्जीवाडा करने वालो पर कोतवाली पुलिस का प्रहार हुआ है, एफ.आई.आर. दर्ज होने के चंद घण्टो के अंदर सभी आरोपियो को किया गया गिरफ्तार, 800000 की धोखाधड़ी का पर्दाफाश हुआ है, मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी आशीष मित्तल पिता राजेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी आर/5 क्रांति नगर थाना तारबाहर जिला बिलासपुर 09.04.2024 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि तेलीपारा बिलासपुर में उसका प्रदीप हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दवाईयो के थोक क्रय-विक्रय करने की दुकान है। उसके दुकान में कार्यरत कंप्युटर आपरेटर योगेश कारके पिता चंद्रकुमार कारके उम्र 25 वर्ष निवासी कोडापुरी थाना सकरी जिला बिलासपुर जो दवाईओ की सप्लाई का आर्डर लेकर बिल तैयार करता है, योगेश कारके के द्वारा अन्य दवा दुकानदारो से सांठगाठ कर बिलो की राशि में सुधार कर कुटरचना कर वास्तविक बिल की राशि एवं दवाओ की संख्या को घटाकर बिल जारी कर दिया जाता था। योगेश कुमार के द्वारा के द्वारा कुटरचित दस्तावेज तैयार कर कूटरचित दस्तावेज को असल दस्तावेज के रूप में उपयोग कर लगभग 8,00,000 रूपये का धोखाधडी किया है, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 216/2024 धारा 406, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा आरोपियो को तत्काल गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, उमेश कश्यप तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय चैधरी के नेतृत्व में तत्काल टीम गठीत कर प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के लिए प्रार्थी आशीष मित्तल से विस्तृत जानकारी ली गई तथा मुख्य आरोपी योगेश कारके को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। शुरू में आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की परंतु पुलिस द्वारा हीकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी योगेश कारके के द्वारा सभी राज उगल दिए। आरोपी योगेश कारके के निशानदेही पर प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी ललीत कुमार साहू पिता रामचन्द्र साहू उम्र 24 वर्ष निवासी शिगवांधा मुंगेली थाना मुंगेली, गुलशन तोलानी पिता राजेश तोलानी उम्र 26 वर्ष निवासी पुराना थाना के पास तखतपुर, ओमप्रकाश पिता ललित साहू उम्र 28 वर्ष निवासी खाम्ही थाना नवागढ जिला बेमेतरा, दुर्गेश चन्द्राकर पिता परदेशी चन्द्राकर उम्र 28 वर्ष निवासी केशरमर्रा पंडरिया थाना कुण्डा जिला कवर्धा को तखतपुर, बेमेतरा, मुंगेली, कवर्धा से हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी जो आरोपियो ने आपस में सांठ-गांठ कर फर्जी बिल तैयार कर प्रदीप हेल्थ केयर के संचालक को 01 साल के भीतर लगभग 8,00,000 रूपये का चुना लगा दिया गया। आरोपियो के कब्जे से फर्जी बिल एवं 07 नग मोबाईल जप्त किया गया आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

# गुंजन एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने किया बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com



जिला सक्ति के इंग्लिश मीडियम स्कूल गुंजन एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। इस बार कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं में संस्था का परीक्षा परिणाम 90% रहा। कक्षा दसवीं में यश साहू ने 91.5% के साथ प्रथम, स्नेहल अग्रवाल 90.66% के साथ दूसरे, परिनीति कांस्यकार 88.5% के साथ तीसरे, समृद्धि पांडे 87.83% के साथ चौथे, भारती साहू 82.66% के साथ पांचवें, वैभव अग्रवाल 82.50% के साथ छठवें, प्राची देवांगन 81.83% के साथ सातवें, अक्षय मनहर 81.33% के साथ आठवें, अरमान गबेल 75.33% के साथ नौवें तथा खुशी राठौर 72.16% के साथ दसवें स्थान पर रही। कक्षा दसवीं में संस्था के छात्र-छात्राओं ने गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में कार्मस संकाय से पलक अग्रवाल ने 89.80% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय से मुस्कान गबेल ने 84.80% के साथ दूसरे स्थान पर, कार्मस संकाय से प्रथम अग्रवाल ने 77.80% के साथ तीसरा स्थान, चन्चल अग्रवाल ने 72.80% के साथ चौथा स्थान, विज्ञान संकाय से काजल साहू ने 70.40% के साथ पांचवा, सुभ्रा देवांगन 68.40% के साथ छठवें, कार्मस संकाय से सौरभ अग्रवाल ने 68% के साथ सातवें तथा विज्ञान संकाय से श्रद्धा गवेल ने 66.20% के साथ आठवें, खुशी पटेल ने 65.60% के साथ नौवें तथा कार्मस संकाय से प्रिंसी डालमिया 65.20% के साथ दसवें स्थान पर रहे, गुंजन एजुकेशन सेंटर सक्ति संस्था का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा। जिसमें संस्था के डायरेक्टर नितिन सोनी ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, तथा जिन छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके, निराश ना होने की सलाह देते हुए, कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

ज्ञात हो की सक्ति का गुंजन एजुकेशन सेंटर लगभग 25 वर्षो पुराना विद्यालय है, जहां शहर के अधिकांश बच्चे यहां से पढ़ाई प्राप्त कर देश के उच्च पदों में काम कर रहे हैं, तो वहीं इस विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद की गतिविधियां, रचनात्मक गतिविधियों एवं जनरल नॉलेज के भी कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किए जाते हैं।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम जयंती का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com






सक्ति जिले के सर्व ब्राह्मण समाज ने 10 मई को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम का धूमधाम के साथ आयोजन किया, इस दिवस जहां समाज बंधु सुबह से ही हटरी में स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर में पहुंचे तथा उन्होंने पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इस अवसर पर सुबह से ही सर्व ब्राह्मण समाज के लोग एक जगह एकत्रित होकर जन्मोत्सव कार्यक्रम को मनाने में लगे रहे,तो वहीं देर शाम सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शक्ति शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान परशुराम जी की विशालकाय प्रतिमा पर पूजा-अर्चना के साथ ही बैंड बाजे एवं आतिशबाजी के साथ यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो पर निकली, तथा यात्रा मार्ग में जहां विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठनों ने इस शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया, तो वहीं प्रमुख रूप से अग्रसेन चौक में श्री हनुमान सेवा परिवार, गौरव पथ मार्ग पर नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, सदर स्कूल के सामने जनपद पंचायत शक्ति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार गीता देवी गबेल डोंगिया सुलोनी वाले, सहित विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया तथा शोभा यात्रा के पश्चात हटरी धर्मशाला के सभागार में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां आगंतुक अतिथियों का सम्मान, सर्व ब्राह्मण समाज जिला शक्ति द्वारा करते हुए समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वाले बंधुओ को भी सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर काफी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज सक्ति जिले के पदाधिकारी, सदस्य, माताएं, बहने नवयुवक मौजूद थे, तथा पूरे कार्यक्रम के दौरान समाज बंधुओ का उत्साह देखते ही बन रहा था, एवं कार्यक्रम के पश्चात भंडारा प्रसाद भी आयोजित किया गया तथा रात्रि भोज में भी समाज बंधुओ ने प्रसाद ग्रहण किया एवं शोभायात्रा में सभी समाज बंधु सर पर सेहरा बांधकर उत्साह के साथ अपनी सामाजिक एकजुटता का परिचय देते हुए भगवान परशुराम जी के जय घोष के साथ चल रहे थे।

# बाजार में बिके गुड्डे-गुड़िया, रही खरीददारों की भीड़

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



अक्ती पर्व शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीण मटका और पुतरा-पुतरी एक दिन पूर्व ही खरीदकर रख लिए और पुतरा-पुतरी की शादी रचाई गयी और पूरी विवाह शादी की रस्में पूरी की गयी। नौनिहाल बच्चों में भी उत्साह व बाजार रौनक देखा गया। अंचल में अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में हुई शादियां। बैंड, डीजे, भवन, वाहन आदि पहले से ही बुक कर लिये गये थे। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में अक्ती पर्व को लेकर लोगों व बाजार में जोरदार रौनकता बनी रही। अक्ती पर्व शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया। नौनिहाल बच्चों में भी उत्साह व बाजार रौनक देखा गया। वहीं कुम्हार मटका व पुतरा-पुतरी बेचकर अच्छे आमदनी कमाने लगे हैं। अक्षय तृतीया के शुभ मुहुर्त में जहां एक तरफ लोग अपने बेटा, बेटियों का विवाह सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आज अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में शादी का मुहुर्त है। बैंड, डीजे, भवन, वाहन आदि पहले से ही बुक कर लिये गये है। वहीं दूसरी तरफ बच्चे भी अपने गुड्डे-गुडियां की शादी धूमधाम से रचाने की तैयारियों में जुटे रहे। परीक्षाओं से निवृत्त होने के बाद बच्चों के सबसे प्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया या अक्ती में बच्चों के लिए गुड्डे-गुड़ियों की शादी का खेल सबसे रोचक है। अक्ती के दिन बच्चों द्वारा गुडडा-गुडिया की शादी का खेल खेलना भी उसी विशिष्ट परम्परा का हिस्सा है, जिससे पर्व निखर उठते हैं। अक्ती के पहले ही कुम्हार इनका निर्माण कर गांव-गांव पहुंच जाते हैं। जिनके घर बच्चे होते हैं वे तो अनिवार्य रूप से पुतरा-पुतरी खरीदते हैं। यदि दो घर के बच्चे इसे सम्मिलित रूप से खेल रहे हों तो एक घर में पुतरा को और दूसरे घर में पुतरी को रखा जाता है। इसके बाद छोटा सा मण्डप तैयार किया जाता है और चूलमाटी, तेलमाटी, बारात का प्रदर्शन करते हुए बच्चे सूपा, चन्नी, टीपा और थाली को लकड़ी से बजाकर बाजा की आवश्यकता को पूरा करते हैं। अक्ती का दिन इस खेल का अंतिम दिन होता है। पाणिग्रहण करने के साथ घर के अन्य सदस्य टिकावन में रूपए, पैसे देते हैं। इस खेल से बच्चे अपना मनोरंजन करते हैं साथ ही यदि पैसा शेष बचता है तो उसे आपस में बांट भी लेते हैं। पुतरा-पुतरी के बिहाव के जरिए विवाह की परम्परा को सुंदर ढ़ंग से प्रस्तुत किया जाता है। कुछ इसी अंदाज में अपने गुडडा-गुडिया का विवाह रचाने उत्साही बच्चे अक्षय तृतीया की रूप रेखा बनाने और तैयारियों में जुटे रहे। आज के दिन दान दक्षिणा का भी विशेष महत्व बताया गया है, जिसके चलते मंदिरो मे श्रदालुओ की भारी भीड़ नजर आयी लोग मंदिरो मे पानी का कलश सहित सत्तू व अन्न दान करते रहे। इस दिन मटकी में जल दान करने की भी परंपरा है।

## सशिमं की छात्रा चंचल देवांगन ने 91 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय एवं गांव का बढ़ाया मान

**जैजैपुर।** विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत जय मां विशेश्वरी शिक्षण समिति किकिरदा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर किकिरदा में कक्षा आठवीं की छात्रा चंचल देवांगन ने 91% अंक प्राप्त कर सरस्वती शिशु मंदिर किकिरदा के अलावा गांव एवं पूरे क्षेत्र का मान सम्मान को बढ़ाया है। शुरू से ही मेधावी रही कक्षा आठवीं की छात्रा चंचल देवांगन, पिताश्री रामस्वरूप देवांगन, माता शकुंतला देवांगन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा गुरु जनों को दी है। विद्यालय की प्रधानाचार्य संजय कुमार देवांगन के अलावा डी एन देवांगन, आचार्य कन्हैयालाल तंबोली, रोशन कुमार देवांगन, रितिक कुमार महंत, दीनबंधु आदित्य एवं आचार्यागण ने चंचल देवांगन को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं।

## तेज आंधी तूफान लोरमी एवं गोड़खाम्ही क्षेत्र में विद्युत अवरोध पैदा हुआ

**मुंगेली।** 10 मई को तेज आंधी तूफान, गर्जना और लाइटनिंग के कारण मुंगेली जिले के फास्टरपुर, टेमरी ,पथरिया ,सरगांव, जरहागांव, तथा लोरमी एवं गोड़खाम्ही क्षेत्र में विद्युत अवरोध पैदा हुआ। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशन में विद्युत विभाग के अमले ने तत्काल हरकत में आते हुए समस्त लाइनों को सामान्य करने हेतु कार्य किया । तथा जिले की लगभग 90:विद्युत व्यवस्था रात 10:00 बजे तक सामान्य हो गई। तेज आंधी तूफान के कारण अनेकों पेड़ गिर जाने से एवं खंबे के टूट जाने से कहीं-कहीं लाइन प्रभावित है जिसका कार्य विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और वह आज शाम तक हर जगह विद्युत व्यवस्था सामान्य कर दी जावेगी। कलेक्टर श्री देव ने आम जनता से धैर्य बनाकर सहयोग करने की अपील की है।

## बालाजी ट्रेडर्स की अनुकरणीय पहल, जिला यातायात विभाग को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने दिए 10 सुरक्षा बैरिकेट्स




**सक्ति।** शहर के बालाजी ट्रेडर्स विगत अनेकों दशकों से रचनात्मक कार्यों एवं प्रशासन के साथ उनके जनकल्याणकारी कार्यों में जन सरोकार की दिशा में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है, तथा इस संस्थान ने जहां सदैव एक कदम आगे बढ़कर अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई है, तो वहीं सक्ति जिले में पुलिस प्रशासन को समय-समय पर विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं को भी इस संस्थान द्वारा पूर्ति की जाती है, एवं बालाजी ट्रेडर्स ने पूर्व में शक्ति पुलिस को जहां प्रमुख मार्गों पर दुर्घटनाओं को देखते हुए अंकुश लगाने लोहे के सुरक्षा डिवाइडर प्रदान किए थे तो वही फिर से इस संस्थान ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई है, सक्ति जिले में लगातार दुर्घटना के मामले सामने आते रहते हैं, अंधे मोड़, रोड क्रॉसिंग के वक्त होती दुर्घटनाओं में बहुत से लोग घायल हो चुके हैं। जिले में बढ़ रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बालाजी ट्रेडर्स सक्ति के संचालक मयंक अग्रवाल ने सकती ट्रैफिक पुलिस को 10 बैरिकेट्स प्रदान किए है। बालाजी ट्रेडर्स का हमेशा से प्रयास रहा है कि सामाजिक सरोकार को देखते हुए जनहित में अच्छे से अच्छे कार्य किया जाए। पहले भी बालाजी ट्रेडर्स सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर पहल करता रहा है। बैरिकेड्स की मदद से चिन्हांकित किए गए ब्लैक और ग्रे स्पॉट पर बैरिकेड्स का उपयोग कर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

## जीएससी स्कूल के होनहार छात्र मयंक कुमार साहू ने कक्षा दसवीं में 94.66% अंक हासिल कर बढ़ाया जिला का मान

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

शिक्षा के क्षेत्र में अंचल के अग्रणी संस्थान जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, जैजैपुर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, गांव और अपने माता- पिता का नाम रौशन किया है। विद्यालय के कक्षा- 10वीं का परीक्षा परिणाम में मयंक कुमार साहू- 94.66%, तानिया चंद्रा- 89.66%, तमन्ना सक्सेना- 89.5%, देवेन्द्र कुमार चंद्रा- 86.33%, भरत चंद्र- 85.6%, भूमिका साहू- 85.3%, प्राची कुंभकार- 84.83%, आराधना टंडन- 85%, प्राची सांडे- 84.33%, पुष्कर मानिकपुरी- 84.33%, देवांशी चंद्रा- 83.16%, कक्षा- 12वीं में लक्की कुमार चंद्रा- 81.2%, काव्यांश चंद्र- 77.8%, रितेश कुमार- 76.2%, नैना- 76.2%, तान्या दिवाकर- 76.2%, चांदनी चंद्रा- 74.4%, दिव्या साहू- 74% का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के संचालक जी.एस.चन्द्रा, प्राचार्य (अंग्रेजी माध्यम) निशा चन्द्रा, प्राचार्य (हिन्दी माध्यम) विजय कुमार यादव, गायत्री यादव, रीमा रानी पलांगे, सुदाम बेहेरा, देव भारद्वाज, आरती भारद्वाज आदि ने सभी बच्चों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एमएल जैन हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में किया बेहतर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com



एमएल जैन हा. से. स्कूल सक्ती की बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी कॉमर्स में शत प्रतिशत के साथ 91.2 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा 10वीं में लिशा चन्द्रा एवं कक्षा 12वीं में खुशी सोनी 83% अंक के साथ रही अव्वल, सक्ती शहर के सबसे पुरानी अंग्रेजी माध्यम एमएल जैन हा. से. स्कूल सक्ती का हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में लिशा चन्द्रा पिता श्यामसुंदर चन्द्रा ने 91.2%, चांदनी चन्द्रा पिता प्रदीप कुमार चन्द्रा ने 90%, विनय कुर्रे पिता दिगम्बर कुर्रे ने 87.67%, प्रज्ञा गवेल पिता ओमप्रकाश गवेल ने 87. 5%, सृष्टि प्रजापति पिता गौतम प्रजापति ने 85.34%, वैभव सोनी पिता मोइजेन्द्र कुमार सोनी ने 84%, अंजली कुजुर पिता अरूण कुजुर ने 81%, प्रियम जायसवाल पिता आशिष कुमार जायसवाल ने 81%, एवं चारू सिंह मरावी पिता ओम प्रकाश सिंह मरावी ने 75.3% के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त किये। वहीं कक्षा 12वीं में खुशी सोनी पिता विजय कुमार सोनी ने 83% के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त कर पूरे सक्ती शहर को गौरवांन्वित किया। वहीं 12वीं कॉमर्स का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं इस वर्ष भी कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम का 100% एवं 12वीं का भी बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं संतोषजनक रहा। इस परीक्षा परिणाम से पालकों ने शाला के प्रति प्रसन्नता एवं संतुष्टि जाहिर की। जिसमें शाला प्रबंधक अध्यक्ष नारायण सिंह परिहार, सचिव नरेश कुमार सेवक, मदनमोहन शर्मा, राम अवतार अग्रवाल, दिग्विजय सिंह, हरमहेन्दर सिंह, प्राचार्य ओपी गबेल एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं एवं पालकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

# कलेक्टर राहुल देव ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने जिले में बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विकासखंडवार विद्युत आपूर्ति, मानव संसाधन, अधोसंरचना विकास सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बिजली आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है, इसलिए संबंधित अधिकारी विद्युत की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें। उन्होंने घोषित बिजली कटौती की सूचना दो दिवस पूर्व आम लोगों को देने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के गली-मोहल्लों में झूलती हुई तार की मरम्मत कराने, रिले डिवाइस तथा इंसुलेटर को मजबूत करने, ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में तत्काल बदलने और नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए प्रस्ताव भेजने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सब स्टेशनों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, लाइन एवं पोल शिफ्टिंग, लो वोल्टेज की समस्या सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की और बेहतर कार्ययोजना के साथ उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि कहीं भी विद्युत कटौती से शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल वहां कर्मचारियों को भेजकर निराकरण कराएं।

**वोल्टेज अप एंड डाउन की समस्या का करें निराकरण**

कलेक्टर ने कहा कि जिले में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ वोल्टेज अप एंड डाउन की समस्या का भी निराकरण करें। उन्होंने कहा कि वोल्टेज कम-ज्यादा होने के कारण कई बार विद्युत उपकरण खराब हो जाते हैं। उन्होंने गर्मी के मौसम में विद्युत लोडिंग बढ़ने के मद्देनजर ट्रांसफार्मर सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अघोषित बिजली की कटौती से लोगों को काफी परेशानी होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए कार्य करें।

**लोरमी में फ्यूज ऑफ कॉल की सुविधा के लिए टीम गठित करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त कराएं। शहरी क्षेत्र में सभी सीएमओ विद्युत विभाग के समन्वय से आमजनों को बिजली संबंधी समस्या से राहत दिलाएं। उन्होंने मुंगेली एवं पथरिया शहर की तरह लोरमी में भी बिजली समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नगर पालिका लोरमी में भी फ्यूज ऑफ कॉल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु टीम गठित करने के निर्देश दिए। ताकि लोगों के द्वारा फोन काल से सूचना मिलने पर तत्काल टीम पहुंचकर बिजली समस्या का निराकरण कर सकें। उन्होंने कम से कम विद्युत कटौती एवं मैनपॉवर डिस्ट्रीब्यूशन के लिए भी बेहतर प्लान के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार के फाल्ट के समय आसानी से मेंटेनेंस हो सके।

**बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी**

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को फोन-काल रिसीव करने और स्थल पर पहुंचकर समस्या का निदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 86410.02203 जारी किया गया है। जिसमें कोई भी व्यक्ति कॉल कर विद्युत संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कॉल सेंटर पर अब तक प्राप्त शिकायतों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और प्राथमिकता से उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, लोरमी एसडीएम गिरधारी लाल यादव, पथरिया एसडीएम बीआर ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, सभी नगरीय निकायों के सीएमओ, विद्युत विभाग के प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशु वासने सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर द्वारा परशुराम जयंती के पर्व पर पिलाया गया शरबत व आइसक्रीम

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com



मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर द्वारा अक्षय तृतीया परशुराम जयंती के महान पर्व पर भीषण गर्मी को देखते हुए परशुराम जयंती के उपलक्ष में निकाली गई शोभा यात्रा के अंतर्गत शाखा की अध्यक्ष शिखा अग्रवाल के घर के सामने रोड पर टेंट लगाकर जयंती पर्व निकाली गई शोभा यात्रा में सम्मिलित सभी आम नागरिकों को शरबत पानी आइसक्रीम का वितरण किया गया।

शोभा यात्रा में सम्मिलित सभी व्यक्तियों को व राहगीरो को ठंडा शरबत ठंडे पानी व आइसक्रीम का आनंद मिला और भीषण गर्मी में किए गए इस सराहनीय कार्य का परशुराम जयंती के उपलक्ष में निकाली गई। शोभायात्रा में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा भुरी भुरी प्रशंसा की गई। उक्त संगठन द्वारा लगातार जनहित कार्य कराया जाता रहा है। यह कार्यक्रम अक्षय तृतीया परशुराम जयंती के उपलक्ष पर प्रत्येक वर्ष मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा द्वारा कराया जाता है। उक्त कार्यक्रम में संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीता मोदी अध्यक्ष शिखा अग्रवाल सचिव बबीता गर्ग कोषाध्यक्ष कल्याणी भोपालपुरिया, उपाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, अनीता बंसल, सेमिना पालीवाल, गायत्री अग्रवाल, मधु शर्मा सहित संस्था के सदस्य गण मौजूद थे।

# प्रशिक्षण के बावजूद नीट परीक्षा में गड़बड़ी, उठी कार्यवाही की मांग

## पहले भी मूल्यांकन कार्य में गड़बड़ी करने पर पारिश्रमिक से 3 साल से किया गया था वंचित



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के मामले ने भारी तूल पकड़ लिया है। जहां एक ओर परीक्षा में गड़बड़ी की बाद से ही संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा ने इसमें आपत्ति दर्ज करते हुए कलेक्टर से मुलाकात कर दोषियों पर कार्यवाही एवं परीक्षा को दोबारा आयोजित किये जाने की मांग की थी। इसके बाद विधायक संगीता सिन्हा ने पीसीसी मेंबरों के साथ राज्यपाल से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौपा था। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने भी कलेक्टर से मिलकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा परीक्षार्थियों के अभिभावक अपनी लड़ाई अपने स्तर से लड़ रहे हैं। क्योंकि यह परीक्षा में शामिल हुए 405 बच्चों के भविष्य का सवाल है। वही कलेक्टर के निर्देश के बाद अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने मामले में जांच कर रिपोर्ट एनटीए को भेज दिया हैं। बताया जा रहा है कि इस मामले आगे जो भी कार्यवाही करेगा, वह एनटीए करेगा। दरअसल नीट परीक्षा बालोद जिले में पहली बार आयोजित की गई, इससे पहले बच्चे दूसरे जिलो के सेंटर पर निर्भर रहते थे और पहली बार के इस आयोजन ने लापरवाह और गैर जिम्मेदार लोगों की वजह से नीट परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थियों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। जिसकी वजह से कई बच्चे डिप्रेशन में भी चले गए हैं। बता दे कि आयोजित इस नीट परीक्षा में कई सारी लापरवाही और गड़बड़ियां की गई है। पहली बड़ी लापरवाही यह की सिटी कोऑर्डिनेटर महेश कुमार थावरे की जगह बीएन योगी ने हेलीकॉप्टर की सैर कर दिल्ली में आयोजित ब्रीफिंग प्रशिक्षण में शामिल हुए। जिला मुख्यालय बालोद में बनाए गए दोनों सेंटरों में बीएन योगी ही मॉनिटरिंग करते रहे,और उनके ही मार्गदर्शन में परीक्षा आयोजित की गई। जबकि सिटी कोऑर्डिनेटर महेश कुमार थावरे थें। उनकी जगह सिटी कोआर्डिनेटर की भूमिका में बीएन योगी ने कार्य किया। जक एक गैरजिम्मेदाराना रवैय्या हैं। वही फिर जब पेपर सीलिंग की बारी आई तो उस दौरान सिटी कोऑर्डिनेटर की जगह महेश कुमार थावरे ने एवं केंद्राध्यक्ष की जगह बीएन योगी ने हस्ताक्षर किया। अब इस पूरे मामले में जाँच का विषय यह है कि जब बीएन योगी हवाई यात्रा की सैर कर दिल्ली में एनटीए द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में शामिल हुए थे। उस दौरान उन्हें पूरी तरह से प्रशिक्षित किया गया था। बावजूद उनके द्वारा इतनी बड़ी लापरवाही कैसे की गई? वही सबसे बड़ी बात यह कि बीएन योगी को 13 अक्टूबर 2022 को मूल्यांकन कार्य गंभीर लापरवाही बरती थी, मामले में कार्यवाही करते हुए तात्कालिक सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल व्ही के गोयल ने उन्हें पारिश्रमिक कार्य से उन्हें 3 साल के लिए वंचित किया था। बावजूद ऐसे लापरवाह व्यक्ति को राष्ट्रीय स्तर परीक्षा की जिम्मेदारी देना कहां तक उचित है? जिसे लेकर परीक्षार्थियों सहित अभिभावकों में भी भारी आक्रोश है। अभिभावक बीएन योगी के ऊपर कड़ी कार्यवाही सहित परीक्षा का दोबारा आयोजन करने की मांग कर रहे है।

### ऑब्जर्वर ने एनटीए को ये पत्र लिखा

ऑब्जर्वर चंद्रउदय दास मानिकपुरी ने एनटीए के डायरेक्टर को पत्र लिखा हैं। पत्र में उन्होंने बताया हैं कि 5 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित एनटीए नीट-2024 परीक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद को परीक्षा केन्द्र शासकीय बालाक आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (परीक्षा केन्द्र कमांक 170501) में आयोजित हुआ। इस परीक्षा केन्द्र के सेंटर सुपरीन्टेंडेन्ट अरूण कुमार साहू (प्राचार्य) तथा आब्जर्वर उन्हें बनाया गया। इस दौरान गोपनीय सामग्री भारतीय स्टेट बैंक बालोद से नीट परीक्षा के सीटी को-आर्डीनेटर, ने स्वयं प्राप्त किया इसके लिये केन्द्र कमांक 170501 के सेटर सुपरीन्टेंडेन्ट एवं आब्जर्वर को भारतीय स्टेट बैंक बालोद साथ में नही ले जाया गया। केनरा बैंक से गोपनीय सामग्री प्राप्त करनें के लिए केन्द्र कमांक 170501 के सेंटर सुपरीन्टेंडेन्ट एवं आब्जर्वर को साथ में लिया। इस प्रकार परीक्षा केन्द्र कमांक 170501 को नीट-2024 परीक्षा हेतु केनरा बैंक से 2 सील्ड बाक्स और स्टेट बैंक ऑफइण्डिया से 2 सील्ड बाक्स परीक्षा केन्द्र को प्रातः 11.52 बजे प्राप्त हुआ। गोपनीय सामग्री सौपते समय भी यह नही बताया गया कि कौन सा बाक्स परीक्षा के लिए उपयोग किया जाना है और दोपहर 1:15 बजे तक सीटी को-आर्डीनेटर बालोद के द्वारा यह नही बताया गया की कौन सा बाक्स खोलकर प्रश्न पुस्तिका वितरण इस केन्द्र में किया जाना है। एनटीए के परीक्षा टाईम शेड्यूल के अनुसार केनरा बैंक से प्राप्त बाक्स को दोपहर 1:15 बजे खोलकर प्रश्न पत्र को निर्धारित समय में परीक्षा कक्ष में पहुंचाया गया। जिसे निर्धारित समय पर परीक्षार्थियों को वितरण किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से प्राप्त बाक्स को दोपहर 1.40 बजे खोलकर प्रश्न पत्र को परीक्षा कक्ष में पहुंचाया दिया गया। दो प्रकार का प्रश्न पत्र प्राप्त एवं वितरण होने के कारण असमंजस की स्थिति निर्मित होने के कारण सीटी को-आर्डीनेटर से सम्पर्क किया गया, जिनसे निर्देश प्राप्त हुआ कि एक प्रश्न पत्र सेक्शन-ए तथा दूसरा प्रश्न पत्र सेक्शन-बी होना बताया गया। सीटी को-आर्डीनेटर ने दोपहर 2.19 बजे दूरभाष में सम्पर्क कर पर सूचना दिया कि परीक्षार्थियों के द्वारा हल किये जा रहे प्रश्न पत्र को जारी रखा जाये तथा उच्च कार्यालय से निर्देश मिलने पर पुनः सूचित करूंगा। दोपहर 2.37 बजे सीटी को-आर्डीनेटर द्वारा इस केन्द्र के सेन्टर सुपरिन्टेन्डेन्ट को स्टेट बैंक ऑफइण्डिया बालोद द्वारा प्राप्त प्रश्न पत्र को ही परीक्षार्थियों द्वारा हल किया जाना सुनिश्चित किया गया तदानुसार परीक्षार्थियों से केनरा बैंक से प्राप्त प्रश्न पत्र को वापस लेकर स्टेट बैंक से प्राप्त प्रश्न पत्र को परीक्षार्थियों को हल करना कहा गया। केनरा बैंक से प्राप्त प्रश्न पुस्तिका को आयरण बॉक्स में सुरक्षित रख लिया गया। परीक्षा समाप्ति के लिए निर्धारित समय उपरान्त सीटी को-आर्डीनेटर के निर्देशानुसार अतिरिक्त 20 मिनट का समय परीक्षार्थियों को दिया गया। और पालक बडी संख्या में आपति जाहिर करने परीक्षा में गोपनीय सामग्री का पैकिंग नही किया जा सका। प्रशासन के सहयोग से स्थिति को नियत्रित किया गया। कार्य सम्पन्न किया गया। परीक्षा समाप्ति उपरान्त असन्तुष्ट परीक्षार्थी केन्द्र में पहुंच गये जिसके कारण निर्धारित समय कुछ समय उपरान्त जिला प्रशासन एवं पुलिस तत्पश्चात् रात्रि 8.35 बजे परीक्षा संबंधी पैकिंग कार्य संपन्न किया गया।

### सुलगते सवाल, ये है जांच के विषय

अभिभावक राजू पटेल बताते है की एनटीए द्वारा 7 दिन बीतने के बाद भी अधिकारी द्वारा स्वयं का कबूल नामा लेटर कलेक्टर को भेजने के बाद भी किसी भी किस्म की कार्यवाही न होना विश्वनीयता पर सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने आपसी सेटिंग का भी आरोप लगाया है? उन्होंने कहा कि ऐसी क्या मजबूरी है एनटीके की, जो अभी तक कोई प्रतिक्रिया नही आई है? क्या एजेंसी बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीर नही है।

### राजू पटेल ने पूछे ये सवाल

क्या नई दिल्ली ट्रेनिंग लेने गए अधिकारी जिसे जाना था उसकी जगह दूसरा क्यो गया? यदि ट्रेनिंग सही लिया गया तो दो प्रश्न पत्र क्यो बाटा गया? यदि पेपर गलती से बट गया तो सिटी कॉर्डिनेटर द्वारा एनटीए को सही जानकारी दी गई? यदि बच्चों को अतिरिक्त समय दिया गया तो 6 बजे से पहले ही अभिभावक स्कूल कैसे पहुंचे? यदि अतरिक्त समय दिया गया तो अरुण साहू ने लेटर में क्यो लिखा कि अतरिक्त समय नही दिया गया?

# ब्राह्मण सभी समाज को शास्त्र सम्मत ज्ञान की प्रेरणा देतेः गोमती साय



पायनियर संवाददाता ◄ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com

विप्र समाज पत्थलगांव द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शस्त्र और शास्त्र में पारंगत भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक गोमती साय शामिल हुए। समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय ने विप्र समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि सप्त चिरंजीवी में एक भगवान परशुराम जी के वंशजों को सादर प्रणाम करती हूँ। साथ ही मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानती हूँ कि आप सभी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। वेद, पुराण के अध्ययन एवं श्रवण से आत्मबल की प्राप्ति होती है। ब्राम्हण समाज अपने कार्यों से समाज मे धर्म का प्रसार करते है। ये समाज मे धर्म ध्वज वाहक है। ब्राम्हण ब्राह्मण सभी समाज को शास्त्र सम्मत ज्ञान की प्रेरणा देते। मुझे जब भी अवसर मिलता है मैं आप लोगो का आशीर्वाद लेने पहुंचती हूँ। पत्थलगांव मे ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मउत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह जगह भव्य कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में 08 मई व 09 मई को बच्चों व महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक व खेलकूद का आयोजन किया गया जिसमें समाज के बच्चों व महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही कार्यक्रम में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को विप्र महिला मण्डल द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया। दिनांक 10 मई को सुबह सत्यनारायण मंदिर में समाज के लोगों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक कर हवन पूजन इत्यादि किया गया जिसके पश्चात दोपहर में आमजनों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### तीनों प्रमुख मार्गों में बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

ब्राह्मण समाज द्वारा अपने आराध्य भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख तीनों मार्गों में कर्मा नाचा सहित डीजे की धुन में नाचते गाते भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में चल रहे समाज के महिलाओं बच्चों व बड़े बुजुर्गों के लिए जगह जगह स्वल्पाहार व जलपान की व्यवस्था की गई थी। सिख समाज व अग्रवाल समाज द्वारा भी जलपान की व्यवस्था की गई थी।

### विधायक गोमती साय को स्मृतिचिन्ह भेंट

विप्र महिला मण्डल द्वारा मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय को स्मृतिचिन्ह के रूप में भगवान परशुराम जी प्रतिमा भेंट स्वरूप देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गणेश शर्मा, शेखर त्रिपाठी,बच्चन दुबे नरसिंह शर्मा, ज्ञान शर्मा, विजय त्रिपाठी, रम्मू शर्मा, बिस्सु शर्मा, बसंत शर्मा, मुन्ना शर्मा, कुंदन शर्मा, विप्र महिला मंडल की शारदा शर्मा, मंजू मिश्रा, सीता शर्मा, गायत्री शर्मा, स्नेहलता शर्मा, कंचन तिवारी, विभा तिवारी, सहित समाज के सभी लोग उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम को दिनरात की कड़ी मेहनत से युवाओं ने सफल बनाने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में परशुराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष सचिन शर्मा, वीरेंद्र तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, अंकित शर्मा, आकाश शर्मा, आदि मिश्रा, शिवांश शर्मा, योगेश शर्मा, भास्कर शर्मा, हेमंत तिवारी आदि युवाओं ने अहम भूमिका निभाई।

# सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल का परीक्षाफल उत्कृष्ट



पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल से हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में कुल 72विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 49, विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।प्रथम श्रेणी में 36 तथा द्वितीय श्रेणी में13 रहे। छात्र हेमंत भास्कर ने 90.33% अंकों के साथ प्रथम,लक्ष्मी साहू 89.33% अंक के साथ द्वितीय तथा पीयूष साहू 88.33% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल 64 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमे 23 प्रथम श्रेणी, 23 द्वितीय श्रेणी तथा 1तृतीय श्रेणी रहा। कु.भावना साहू 91.4% प्रथम, कु.नीलम केंवट 87.6% द्वितीय तथा तिलक बरीहा 77.8% तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय संचालन समिति के संरक्षक सदस्य लखनलाल तिवारी, एस.के.मिश्रा, अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू, व्यवस्थापक देवेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र दुबे, उपाध्यक्ष भोजपाल वर्मा, सह सचिव दशरथ पैकरा, समिति सदस्य के.आर. कैवर्त्य, इंदिरा देवी कर्ष, सीताराम श्रीवास, शांति कुमार साहू, अशोककुमार वर्मा, श्यामसुंदर साहू, ललितनारायण साहू, कुमुदिनी कश्यप, प्राचार्य जयलाल मिश्रा सहित सभी आचार्य दीदियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने ईवी के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाई, रायपुर में अपना दूसरा फ्लैगशिप शोरूम खोला




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहनों के उद्योग में अग्रणी है। पिछली बार भाटागांव में अपनी फैसिलिटी की कामयाबी के बाद कंपनी ने वहीं अपना दूसरा शोरूम लॉन्च कर दिया है। यह संवहनीय यातायात के लिये कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह अत्याधुनिक फैसिलिटी लक्ष्मी मार्केट, मिडास कॉम्पलेक्स, फाफाडीह में रणनीतिक रूप से स्थित है। इसका क्षेत्रफल 1600 वर्गफीट है और यहाँ एक बड़ा शोरूम और रामनगर में एक समर्पित सर्विस सेंटर भी है। नया गोदावरी शोरूम राइड पावर ऑटोमोटिव एलएलपी रायपुर और आस-पास के इलाकों में परिवहन के परिदृश्य को बदलने का लक्ष्यन रखता है। डीलरशिप में मशहूर इबलु स्पिन, इबलु थ्रिल, इबलु फियो, इबलु रोज़ी, इबलु रेनो और इबलु रेनो डीवी जैसे गोदावरी के अत्याधुनिक वाहनों की श्रृंखला है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ हैदर खान ने छत्तीवसगढ़ में कंपनी के विस्तार पर अपनी दूरदर्शी सोच बताते हुए कहा, ''गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स में हमारे पास परिवहन के भविष्या को बदलने का आइडिया है। जहाँ पर्यावरण के अनुकूल एनर्जी और अत्याोधुनिक टेक्नो लॉजी से आने वाली पीढ़ियों के लिये अधिक हरी-भरी एवं संवहनीय दुनिया बन सके। इलेक्ट्रिक वाहनों को सभी की पहुँच

# भाजपा के कृष्ण कुमार राय ने गोविंदपुर और डुमरी में भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में किया प्रचार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने झारखंड के डुमरी और गोविदपुर में भाजपा प्रत्यासी समीर उरांव के पक्ष में प्रचार प्रसार करते हुवे भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया।इस दौरान राय ने मोदी की गारंटी पर वोट भी मांगा। ज्ञात हो कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार राय झारखंड राज्य अंतर्गत गुमला जिला के गोबिंदपुर एवं डुमरी पहुंचे।यहां भाजपा के अधिकृत प्रत्यासी समीर उरांव के पक्ष में माहौल बनाते हुवे जनता से भाजपा को वोट देने का अपील किया। राय ने मोदी की गारंटी पर प्रकाश डालते हुवे विकास के लिए मोदी पर भरोसा जताने का बात कहा। राय ने आगे कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में अच्छा काम किया है,गत 10 वर्ष में देश में विकास ने खासा रफ्तार पकड़ा है, झारखंड राज्य विकास के क्षेत्र में काफी पीछे है यहां विकास के लिए राज्य में भी परिवर्तन की आवश्यकता है, ताकि डबल इंजन की सरकार यहां बन सके और विकास की रफ्तार यहां भी तेज हो सके।इस दौरान जशपुर जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, जशपुर नपा. उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, जशपुर मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान, विजय सोनी, सुनिल सोनी, लाल मोहम्मद, नसीब खान, सहादुर बैगा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# श्री सीमेंट लिमिटेड को फ्लाई ऐश की आपूर्ति के लिए बालको ने किया एमओयू

पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। यह साझेदारी कम कार्बन वाले सीमेंट का उत्पादन करने के लिए बालको द्वारा श्री सीमेंट तक फ्लाई ऐश भेजने की सुविधा देगी। समझौते में श्री सीमेंट को 90 हजार मीट्रिक टन फ्लाई ऐश की आपूर्ति किया जाना है। इससे सीमेंट उद्योग में फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी। फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का उप-उत्पाद है जिसमें विभिन्न उद्योगों में पुनः उपयोग की महत्वपूर्ण क्षमता है। सीमेंट निर्माण में फ्लाई ऐश का उपयोग करने से लगभग 500 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 3.2 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा और प्रति टन 250 लीटर पानी बचाया जा सकता है। इससे सीमेंट उद्योग के भीतर सस्टेनेबल तरीकों को अपनाने में योगदान मिला है। ऐसे उद्योगों में फ्लाई ऐश के प्रबंधन के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला है। फ्लाई ऐश का उपयोग ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। बालको के 'ट्रांसफार्म द प्लेनेट' की प्रतिबद्धता के अनुरूप कंपनी विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रही है जिसमें ईंट एवं सीमेंट संयंत्र, सड़क तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और माईंस शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141त्न राखड़ का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने श्री सीमेंट के साथ हुए एमओयू पर कहा कि कंपनी में हम औद्योगिक अपशिष्टों में कमी लाने और अनेक नए प्रयोगों के जरिए उन्हें नागरिकों और पर्यावरण के लिए लाभकारी बनाने के उद्देश्य से बालको ने अपने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को स्थान दिया है। हम उद्योगों में सस्टेनेबल व्यवसाय की बढ़ती मांग को पहचानते हैं। फ्लाई ऐश कई उद्योगों के लिए एक सस्टेनेबल रॉ मटेरियल के रूप में सामने आया है। रॉ मटेरियल के रूप में हमारे फ्लाई ऐश को पुनर्निर्देशित कर आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। यह समझौता सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री सीमेंट लिमिटेड के मुख्य खरीद अधिकारी संजय मेहता ने एमओयू के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए इसके पारस्परिक लाभ को बताया। उन्होंने कहा कि बालको के साथ साझेदारी सस्टेनेबल कार्यप्रणाली के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग सीमित रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम कर कार्बन उत्सर्जन में कटौती करता है तथा सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देता है। यह साझेदारी हमारे लिए वैकल्पिक रॉ मटेरियल की स्थायी आपूर्ति के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देगी। हमारा लक्ष्य भविष्य में ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों का विस्तार करना है।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला सरायपाली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचंद्र बरिहा पिता गोवर्धन जाति बिंझवार निवासी ग्राम पैकीन तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम पैकीन दिनांक 12/01/2023 को आवेदक के माता-सरोजनी की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 14/05/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**सरायपाली (छ.ग.)**

# कन्नौज में व्यक्तिगत जनसम्पर्क कर वोट देने की अपील



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 11 मई 2024 को व्यापक जनसम्पर्क रैली का आयोजन उत्तरप्रदेश जिला कन्नौज के विधूना चौराहे से एरवा कटरा तक किया गया। जनसम्पर्क रैली में अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन को भारी मतो से विजयी बनाने की अपील की है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगामी लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य प्रवक्ता उत्तर प्रदेश राजेन्द्र चौधरी, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता, छत्तीसगढ़ महासचिव मनोहर साहू, पवन यादव, वाहिद अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाल विवाह की रोकथाम हेतु निरंतर की जा रही कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत आज अक्षय तृतीया के अवसर पर बालोद ज़िले में अनुमानतः 400 से अधिक विवाहों का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया गया। इन विवाहों में से लगभग 150 से अधिक स्थलों पर महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों तथा बाल विवाहों की रोकथाम हेतु जिला स्तर से गठित की संयुक्त टीम के द्वारा वर वधुओं की उम्र का सत्यापन किया गया। 03 स्थानों यथा बरसाटोला, नलकसा (परियोजना डौंडी) तथा कलंगपुर (परियोजना गुंडरदेही) में वर/वधू की उम्र 21/18 वर्ष से कम होने के कारण विवाह रूकवा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इन तीनों विवाहों में से बारसाटोला में वधू की उम्र 18 वर्ष से कम पायी गई वहीं दूसरी ओर नलकसा एवं कलंगपुर में वर की उम्र 21 वर्ष से कम पायी गई। ये दोनों ही वर क्रमशः राजनांदगांव एवं दुर्ग जिले के थे। ऐसी स्थिति में संबंधित ज़िले के जिला अधिकारियों से समन्वय करते हुए वहां से बारात का प्रस्थान ही रुकवा दिया गया तथा उनसे लिखित में सहमति लेते हुए विवाह स्थगित करवा दिया गया। इन समस्त कार्यों में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, पुलिस विभाग तथा जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन के कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर महोदय के निर्देश पर आज बाल विवाहों की रोकथाम हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग का संपूर्ण अमला क्षेत्रीय भ्रमण पर रहा। जिला कार्यक्रम अधिकारी भी आज क्षेत्रीय भ्रमण पर रहे तथा इस दौरान उन्होंने डौंडी परियोजना के कामता, डौंडी एवं दूरस्थ ग्राम नलकसा में आयोजित हो रहे विवाह का निरीक्षणकिया। इसी दौरान ग्राम नलकसा में आयोजित विवाह में वर की उम्र 21 वर्ष से कम होने की जानकारी प्राप्त होने पर यह विवाह रुकवा दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले के किसी भी स्थान में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई बालोद के दूरभाष क्रमांक 07749-223941 पर तत्काल संपर्क कर सकते हैं।

**IndusInd Bank**
एफआरआर ग्रुप, इंडसइंड बैंक लिमिटेड, 3ए अपर वुड स्ट्रीट, पहली मंजिल, सावित्री टावर्स, कोलकाता – 700017

दिनांक 27-02-2024 को "द पायनियर (रायपुर संस्करण)" में प्रकाशित कब्ज़ा नोटिस (नियम 8(1) देखें) (अचल/चल संपत्ति हेतु) दिनांक 23-02-2024 का शुद्धिपत्र

चल/अचल संपत्ति के विवरण के तहत, "ग. सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर फ्लैट नं. डी-105, प्रथम तल, ब्लॉक-डी, श्री कृष्णा अपार्टमेंट, निर्मित क्षेत्रफल 784.93 वर्ग फीट, और बालकनी क्षेत्रफल 90.93 वर्ग फीट कुल क्षेत्रफल 875.86 वर्ग फीट, (उस पर निर्माण सहित) सर्वे नं. 625/4-7, 625/5-8.625/9-10 का भाग, ग्राम-मोवा, पी.एच. नं. 109, आर.आई.सी-रॉयपुर-1, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड नं. 27, सिटी, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार): उत्तर में – फ्लैट नं. ए-106, दक्षिण में – खुली जगह, पूरब में – खुली जगह और पश्चिम में – गलियारा" लिखा गया था **को इस रूप में पढ़ा जाए "ग. सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर ऑफिस नं. 327, कॉरपेट क्षेत्रफल 165 वर्ग फीट, (उस पर निर्माण सहित) तृतीय तल, (उस पर निर्माण सहित) अरिहंत कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल, म्युनिसीपल मकान नं. 12/358 से 365 का भाग, कालकरपारा वार्ड क्रमांक-14 (पुराना) इंदिरा गांधी वार्ड नं.20 (नया), स्टेशन रोड, ग्राम रायपुर खास, पी.एच. नं. 106-ए, आर.आई.सी. – रायपुर-।सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) उत्तर में – भवन का मार्ग, दक्षिण में – सड़क, पूरब में– कार्यालय नं. 326 एवं पश्चिम में– कार्यालय सं. 328"**

उपर्युक्त को छोड़कर, उपरोक्त कब्ज़ा नोटिस में बताए गए अन्य सभी विवरण अपरिवर्तित रहेंगे।

# मैं डेली लाइफ में मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हूं : प्रियंका चाहर चौधरी

**एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने बताया कि वह केवल काम के वक्त ही मेकअप लगाती हैं, वरना वह अपने डेली लाइफ में पूरी तरह नेचुरल रहना पसंद करती हैं। प्रियंका ने बताया, मैं हमेशा मेकअप में नहीं रहती। मैं मेकअप केवल तभी लगाती हूं जब मैं काम कर रही होती हूं।**



एक्ट्रेस, जिन्होंने शो उड़ारियां से तेजो सिंह विर्क के रूप में सुर्खियां बटोरीं, ने खुलासा किया कि चाहे वह एयरपोर्ट हो या मॉल या मार्केट में, वह मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हैं। उनके पास एक ब्यूटी हैक है। उन्होंने आगे कहा, मैं बस एक काम करती हूं, मैं थोड़ी सी लिपस्टिक लगाती हूं। उस लिपस्टिक को मैं अपने गाल, माथे और पलकों पर भी लगा लेती हूं, यह ब्लश जैसा दिखता है। पूरा मेकअप ऐसे ही किया जाता है।

अपनी ड्रेस चॉइस के बारे में बात करते हुए, प्रियंका ने कहा, आम तौर पर, मैं वेस्टर्न कपड़े पहनती हूं, जो मेरे लिए बहुत आरामदायक होते हैं। मुझे कुर्तियां भी बेहद पसंद हैं, वह भी बहुत आरामदायक हैं। आरामदायक कपड़े मेरा फैशन स्टेटमेंट हैं।


## बॉक्स ऑफिस पर मैदान का हुआ बुरा हाल, बड़े मियां छोटे मियां भी नहीं दिखा सकी कमाल

सिनेमाघरों में इन दिनों बिल्कुल भी रौनक देखने को नहीं मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर सभी फिल्मों का बुरा हाल हुआ पड़ा है। टिकट खिड़की पर बीते कई हफ्तों से कोई भी फिल्में दमदार कलेक्शन नहीं कर सकी हैं। कई फिल्मों ने तो बॉक्स ऑफिस पर आते ही अपना बोरिया बिस्तर समेट लिया है। सिनेमाघरों में ज्यादातर फिल्मों को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। अब बॉक्स ऑफिस पर दो ही फिल्में अजय देवगन की फिल्म मैदान और अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां लगी हुई है। ये फिल्में भी कुछ खास कमला नहीं दिखा पा रही है। ऐसे में आइए जानते हैं कि मंगलवार को किस फिल्म का प्रदर्शन कैसा रहा... अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। 350 करोड़ रुपये के बजट में बनकर तैयार हुई यह फिल्म अब तक 100 करोड़ तक भी नहीं पहुंच सकी है। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ जबर्दस्त एक्शन करते हुए दिखाई दिए हैं। अक्षय और टाइगर के अलावा अलाया एफ और मानुषी छिल्लर भी अहम भूमिका में नजर आई हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी ये फिल्म दर्शकों को लुभाने में नाकामयाब रही है। फिल्म ने 26वें दिन 30 लाख रुपये की कमाई की थी। वहीं, ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इस फिल्म ने 27वें दिन 30 लाख रुपये की कमाई की है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 64.30 करोड़ रुपये हो गई है। शैतान के बाद ईद के मौके पर रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म मैदान अब तक अच्छी कमाई नहीं कर सकी है। फिल्म की रफ्तार काफी सुस्त है। ये फिल्म फुटबॉल से भारतीय इतिहास बदलने वाले कोच सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी पर आधारित है। अजय देवगन ने फिल्म में सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। अजय देवगन की फिल्म मैदान अब तक 59 करोड़ की कमाई भी नहीं कर पाई है।

## निखिल सिद्धार्थ की पैन-इंडिया फिल्म स्वयंभू का नया पोस्टर हुआ रिलीज

टीम स्वयंभू ने निखिल सिद्धार्थ अभिनीत फिल्म का नया पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म में साम्युखता मेनन और नाभा नातेश भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म टैगोर मधु की प्रस्तुति है, जिसका निर्देशन भारत कृष्णमचारी ने किया है। रवि बसरूर ने फिल्म का संगीत दिया है, और भुवन और श्रीकर ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी। हालांकि फ़िल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में अभी कोई जानकारी शेयर नहीं की गई है। पोस्टर में निखिल सिद्धार्थ को एक योद्धा के रूप में दिखाया गया है, जो रणभूमि में खड़े हैं। उनके सामने हजारों की जनसंख्या नज़र आ रही है। स्वयंभू एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जो एक युवक की कहानी है जो अपने जीवन के लिए संघर्ष करता है। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी पहचान और अपने परिवार के सम्मान के लिए लड़ता है।



## कातिलाना अदाओं से निकिता दत्ता ने बरपाया कहर, हॉट लुक्स देखकर यूजर्स ने दिए रिएक्शंस

कबीर सिंह फेम निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर एक बार फिर से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर दिया है। एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने गॉर्जियस लुक्स से फैंस का दिल जीत लेती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टा पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार लोगों के बीच छा गया है। निकिता दत्ता ने अपने फोटोशूट के दौरान रेड कलर का बैकलेस आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट एंड ग्लैमरस लग रही हैं। बालों का बन बनाकर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस निकिता दत्ता कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। एक यूजर ने उनकी फोटोज पर कॉमेंट्स करते हुए लिखा सो हॉट तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा सो ब्यूटिफुल।

जान्हवी कपूर और राजकुमार राव अभिनीत फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही बीते लंबे समय से अपनी रिलीज को लेकर चर्चाओं में है। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित एक स्पोर्ट्स ड्रामा है। वहीं, अब फिल्म के कुछ और पोस्टर्स जारी किए गए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

राजकुमार राव इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। अभिनेता की फिल्म श्रीकांत भी जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही हैं। वहीं, दूसरी ओर वह जान्हवी कपूर के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही में भी नजर आने वाले हैं। अब हाल ही में, मेकर्स ने फिल्म के कुछ नए पोस्टर्स भी जारी किए हैं, जिसमें दोनों कलाकार स्टेडियम में चीयर करते हुए नजर आ रहे हैं। फैंस को फिल्म का पोस्टर काफी पसंद आ रहा है।

मालूम हो कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की घोषणा निर्माता करण जौहर ने नवंबर 2021 में की थी, और मई 2022 में इसकी शूटिंग शुरू हुई। यह फिल्म 2021 की हॉरर थ्रिलर रूही के बाद जान्हवी और राजकुमार के दूसरे सहयोग का प्रतीक है। फिल्म में अभिषेक बनर्जी, राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, जरीना वहाब और पूर्णेंदु भट्टाचार्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म की शूटिंग 1 मई को पूरी हो गई थी।

बता दें कि फिल्म 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली है। पहले इसे 19 अप्रैल को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी डेट आगे बढ़ा दी गई है। फैंस




भी एक बार फिर स्क्रीन पर फ्रेश जोड़ी देखने के लिए बेताब हैं। वहीं, क्रिकेट प्रेमी दर्शक भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह टीम इंडिया के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान और थाला महेंद्र सिंह धोनी के आधारित है।

## क्या टॉयलेट जाने के बाद आप भी नहीं धोते हाथ, कितनी बड़ी गलती कर रहे आप?



हाथ धोना अच्छी आदत है। इससे शरीर कई बीमारियों से बच सकती है। हालांकि, दुनिया में कई लोग ऐसे भी हैं जो हाथ धोने से बचते हैं। बहुत से लोग तो टॉयलेट या वॉशरूम से आने के बाद हाथ ही नहीं धोते या भूल जाते हैं। अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं तो आप अपनी सेहत को लेकर बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। शौचालय से आकर हाथों को न धोना और दूसरे काम करने लग जाना हेल्थ के लिए हानिकारक है। इससे वहां मौजूद बैक्टीरिया शरीर में पहुंच जाते हैं और कई खतरनाक बीमारियों को जन्म दे सकते हैं। जानिए शौचालय से आकर हाथ न धोने वाले कितनी बड़ी गलती कर रहे हैं...

टॉयलेट यूज करने के बाद हाथ न धोने के नुकसान

### 1. बीमारियों का घर बन सकता है शरीर

अगर आप पब्लिक टॉयलेट यूज कर रहे हैं और फिर हाथों को नहीं धो रहे हैं तो शरीर को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। दरअसल, पब्लिक टॉयलेट में अनगिनत लोग जाते हैं और बिना हाथ धोए बाहर आ जाते हैं, जिससे वहां के कीटाणु एक-दूसरे में ट्रांसफर हो सकते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कीटाणु कई तरह की समस्याएं पैदा कर सकते हैं। गंदे हाथों से फोन, पॉनी की बॉटल, पर्स या कोई चीज छूने से इंफेक्शन का खतरा भी रहता है।

### 2. दूसरों को बना सकते हैं बीमार

टॉयलेट यूज करने के बाद अगर हाथ नहीं धोते हैं तो जो भी आपके हाथों को संपर्क में आता है, वह बीमार पड़ सकता है। इससे आप पैथोजन के कैरियर बन जाते हैं, जो खुद के साथ दूसरों के लिए खतरनाक है। ऐसे में अपनी इस आदत को बदल लीजिए।

### त्वचा को नुकसान


टॉयलेट से आकर हाथ न घोने से स्किन को बड़ा नुकसान हो सकता है। इससे स्किन डैमेज तक हो सकती है। दरअसल, जब बैक्टीरिया वाले हाथों से आप अपनी ही त्वचा को छूते हैं तो वहां एलर्जी फैल सकती है। सेंसेटिव स्किन के लिए तो समस्याएं और भी ज्यादा बढ़ सकती हैं। इससे रैशेज, पिंपल्स, खुजली और जलन जैसी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इससे बचने के लिए सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने हाथ धोना का सही तरीका बताया है।

### टॉयलेट से आकर हाथ धोने का सही तरीका क्या है

1. हाथों की सरफेस को कम से कम 30 सेकंड तक सही तरह रगड़कर साफ करें।
2. हाथों को हमेशा साबुन से अच्छी तरह धोएं, ताकि बैक्टीरिया का सफाया हो सके।
3. हाथों को धोते वक्त उंगलियों और नाखूनों को सही तरह साफ करें।
4. गीले हाथों पर बैक्टीरिया बहुत जल्दी से बैठ सकते हैं, इसलिए हाथों को तुरंत अच्छी तरह सुखा भी लें।
5. हाथों को पोंछने के बाद पेपर टॉवल को फेंके नहीं बल्कि दरवाजे के पीछे अच्छी तरह रख दें।

## चेहरे के इस हिस्से पर निकल रहे हैं दाने तो हल्के में न लें, जानें कारण और इलाज

**चेहरे के कुछ हिस्से यानी गाल और माथे पर अगर एक्ने निकल रहा है तो सावधान हो जाइए। इस तरह के दानों को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह खराब सेहत का इशारा भी हो सकता है, इसलिए तुरंत अलर्ट हो जाना चाहिए। इसे लेकर एबीपी लाइव ने डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आशीष गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया कि गाल पर या सिर्फ हेयर लाइन पर एक्ने निकलना गंभीर भी हो सकता है। इसे सिर्फ दाना समझने की भूल हानिकारक बन सकती है। जानिए ऐसा क्यों होता है...**



### हेयरलाइन पर एक्ने निकलना

बाल और चेहरे की लाइन पर एक्ने निकलने का कारण हेयर प्रोडक्ट्स भी हो सकता है, जो नेचुरल ऑयल को हेयर फॉलिकल्स में बनाकर रखते हैं। हेयरलाइन पर अगर अक्सर ही पिंपल निकलते हैं तो अपने हेयर प्रोडक्ट को बदल लेना चाहिए।

### गाल पर एक्ने निकलना

अगर गाल पर एक्ने निकल रहा है तो इसका कारण हार्मोंस या ऑयली फेस नहीं बल्कि गंदे फोन स्क्रीन या गंदे तकिए हो सकते हैं। जब फोन को कान में लगाते हैं तो स्क्रीन पर चिकके बैक्टीरिया गालों पर चिपक जाते हैं, जिसकी वजह से दाने निकलने लगते हैं। फिर चेहरे को छूने या गंदे पिलो कवर के कारण गाल पर एक्ने निकलता है।

### जॉलाइन चिन पर एक्ने निकलना

जॉलाइन या चिन पर अगर हमेशा पिंपल्स निकलते हैं तो इसका कारण हार्मोंस में बदलाव होना भी हो सकता है। एंडोक्राइन सिस्टम में गड़बड़ी के कारण एड्रोजेंस हार्मोन का उत्पादन होता है, जिससे ऑयल ग्लैंड्स बहुत ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं और पोर्स को ब्लॉक कर देते हैं। पीरियड्स के पहले ये हार्मोंस ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं। डाइट को संतुलित करके ही इससे छुटकारा पाया जा सकता है।

### नाक और फोरहेड

अगर चेहरे के फोरहेड और नाक पर मुंहासे निकल रहे हैं तो इसका एक कारण स्ट्रेस भी हो सकता है। इसका कारण चेहरे पर ऑयल उत्पादन बढ़ जाता है। एक स्टडी के अनुसार, ऐसे लोग जो सुबह थके हुए उठते हैं।

# बाल विवाह मुक्ति के लिए जय हो स्वयंसेवको के द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**अभियान का उद्देश्य जिले को बाल विवाह से मुक्त करना और ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रथा के खिलाफ एक सामाजिक जागरूकता उत्पन्न करना है**

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन और यूनिसेफ के जय हो के स्वयंसेवक संकल्प कार्यक्रम के तहत जिले में बाल विवाह मुक्ति अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह को रोकने के संकल्प को साझा किया जा सके। इस अभियान के अंतर्गत, नुक्कड़ नाटक, रैली, वॉल पेंटिंग, किशोर-किशोरियो के साथ बैठक जैसे अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने के संकल्प को मजबूत किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है जिले को बाल विवाह से मुक्त करना और ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रथा के खिलाफ एक सामाजिक जागरूकता उत्पन्न करना है। यह अभियान जिले के सभी ब्लॉकों में सक्रिय रूप से चल रहा है और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। अभियान के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में जय हो कार्यक्रम से जुड़े एनएसएस, एन.वाई. के. एस. एनसीसी,स्वयं सेवकों व शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर के समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।इन स्वयंसेवकों ने अपने समय और श्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बाल विवाह के खिलाफ अभियान में दिया है, जो बाल विवाह से मुक्ति के लिए काम कर रहा है। गतिविधि के दौरान स्वयं सेवको द्वारा बाल विवाह के नुकसान पर अधिक जोर देते हुए, बच्चो की सम्पूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है।

# पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर जागेश्वर यादव को ओपी ने दी बधाई

**प्रदेश में पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए समर्पित रहे जागेश्वर यादव : ओपी चौधरी**

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बिरहोर के भाई के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ जशपुर निवासी जागेश्वर यादव को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर कमलों पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस उपलब्धि के लिए अनंत शुभकामनायें देते हुए कहा जागेश्वर यादव का जीवन प्रदेश निवास रत विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान हेतु समर्पित रहा है। राजनैतिक लोगो के लिए उनके कार्यों को प्रेरणादायक भी बताया। सन 1989 से पहाड़ों और जंगलों के मध्य अभावों में रहने वाले जोगेश्वर यादव जशपुर के समाज सेवक है। आदिवासियों के उत्थान हेतु योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री के सम्मान से सम्मानित किया है। आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने के बाद भी उन्होंने समाज सेवा की राह नही छोड़ी। बिना हार माने समाज में बदलाव लाने के उनके जुनून ने उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जशपुर जिले में अनवरत शिवरों के जरिए निरक्षरता को खत्म करने और स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं को आदिवासियों तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करते रहे। कठोर मेहनत का सार्थक परिणाम यह हुआ कि कोरोना महामारी के दौरान वैक्सीन आदिवासियों तक आसानी से पहुंच पाई। स्वास्थ्य के प्रति जनजागरण की वजह से ही क्षेत्र में शिशु मृत्यु दर को कम करने में भी आशातीत सफलता मिली। इससे पहले वर्ष 2015 के दौरान आदिवासियों हेतु समर्पण भाव को देखते हुए शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान भी दिया गया था। मंत्री ओपी चौधरी ने जागेश्वर यादव के जीवन को सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगो के लिए प्रेरणा दाई बताया।

# अंडर 16 क्रिकेट में बड़ी सफलता, एलिट ग्रुप के लिए 6 खिलाड़ी हुए चयनित

## दैविक, अंकित, अंशुल, निखिल, विवेक टीम में

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला क्रिकेट संघ के अथक प्रयास से एलिट ग्रुप में बनने वाली टीम प्लेट कम्बाइंड टीम में जिले के 6 खिलाडियों का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि बीसीसीआई के निर्देश पर सीएससीएस के आदेश से पिछले माह अंडर 16 क्रिकेट में प्लेट ग्रुप का टूर्नामेंट कराया गया था। जिसमें रायगढ़ जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में विजय प्राप्त की थी। इस शानदार प्रदर्शन के कारण जिले से 6 खिलाडियों का चयन पहले चरण के एलिट ग्रुप के लिए किया गया है। इन खिलाडियों में अंकित बंजारे, अंकित मिश्रा, दैविक महामिया, निखिल पटेल, अंशुल सिंह व विवेक दुबे शामिल है। रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि इसमें से निखिल पटेल, अंशुल सिंह, विवेक दुबे अपने हरफनमौला प्रदर्शन तथा अंकित बंजारे व दैविक महामिया शानदार बल्लेबाजी, अंकित मिश्रा शानदार गेंदबाजी के कारण चयनित हुए हैं। एलिट ग्रुप के मैच भिलाई व रायपुर में खेले जाएंगे। इन खिलाडियों के चयन पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, जिला स्तरीय अम्पायर महेश दधीचि, चंद्रेश यादव, मलय आईच, आदित्य शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

# भगवान परशुराम के जयकारे से गूंजित हुआ शहर





## जन्मोत्सव पर विप्र समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शुक्रवार की शाम पूरा शहर जय जय परशुराम से गुंजायमान रहा। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विप्र समाज ने भव्य शोभयात्रा निकाली, जो हंडी चौक स्थित परशुराम मंदिर से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान चौक-चौराहों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल समाज के लोगों के लिए जगह-जगह शरबत व ठंडे पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई थी। वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसके लिए विप्र समाज ने काफी पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बाल मंदिर में समाज के लोगों को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा विप्र फाउंडेशन के सहयोग से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हंडी चौक स्थित भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा प्रारंभ हुई, बाजे-गाजे, कर्मा नर्तक दल व आकर्षक झांकी के साथ निकली शोभायात्रा हंडी चौक से कोतवाली थाना होते हुए गद्दी चौक, पैलेस रोड, चांदनी चौक, सोनारपारा, गांजा चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए। पुरुष, महिला, बुजुर्ग, बच्चों में काफी उत्साह दिख रहा है। जिस मार्ग से भी शोभायात्रा गुजर रही थी, जय जय परशुराम के जयघोष से गुंजायमान हो जा रहा था।

### बग्घी पर विराजे भगवान परशुराम

शोभायात्रा के आगे-आगे एक वाहन को आकर्षक ढंग से सजाकर भगवान परशुराम को विराजमान किया गया था। बग्घी पर परशुराम की जीवंत झांकी सजाई गई थी। उसके पीछे-पीछे समाज की महिलाएं, बच्चे, युवा व बुजुर्ग डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। आगे-आगे कर्मा नर्तक दल भी चल रहा था। झांझ-मंजीरे की ताल पर सभी थिरक रहे थे। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की खुशी हर चेहरे पर झलक रही थी।

### पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा के दौरान पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। शोभायात्रा के दौरान यातायात को व्यवस्थित करने में पुलिस जवान लगे रहे। जिस मार्ग से शोभायात्रा गुजर रही थी, उस दौरान उन मार्गों से ट्रैफिक डायवर्ट भी किया गया, जिसके कारण वाहन चालकों को अन्य वैकल्पिक मार्ग से आना-जाना पड़ा।

शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए चौक-चौराहों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। लोगों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को ठंडा पानी, शरबत पिलाया गया। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर पुनरू मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां भगवान परशुराम की महाआरती की गई। उसके बाद विप्र भोज हुआ, जहां समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पेट्रोल पंप कर्मचारी से मारपीट, दो गिरफ्तार

**आरोपियों से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार व बाइक जप्त कर पुलिस ने हत्या के प्रयास अपराध में भेजा रिमांड पर**

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मचारी पर आपसी रंजिश में गाली गलौच मारपीट कर चाकू से चोंट पहुचाने वाले दो युवकों को हत्या के प्रयास अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना के आहत दिलीप प्रसाद पिता विरेन्द्र प्रसाद उम्र 37 वर्ष निवासी जगन्नाथ मंदिर के पास बी.टी.एम. कॉलोनी थाना बी.टी.एम. कॉलोनी जिला झारसुगड़ा (उडिसा) हाल मुकाम गोमती पेट्रोल पंप घरघोड़ा द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि पिछले 06 वर्षों से गोमती पेट्रोल पंप में मैनेजर एवं सेल्समेन का कार्य कर रहा है। 08 मई को घरघोड़ा साप्ताहिक बाजार होने से पंप में भीड़ थी, शाम करीब 06-07 बजे एक काला रंग के हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटर सायकल में घरघोड़ा निवासी बिट्टू एवं शैलेष आये और जल्दी हमारे मोटर सायकल में पेट्रोल डालो कहकर बेवजह गाली गलौच कर रहे थे जिन्हें पेट्रोल पंप के संचालक आकर समझाये। उसके थोड़ी देर बाद फिर दोनों पंप आये और गाली गलौच कर रहे थे जिन्हें पंप संचालक की पत्नी ने भगाया। रात्रि लगभग 09.40 बजे वापस बिट्टू और शैलेष पेट्रोल पंप आये और दिलीप प्रसाद को जान से मारने की नियत से नुकीला व धारदार लोहे के हथियार से वार किये जिससे दिलीप के बांये पसली में चोंट आया। आहत के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में आरोपियों पर धारा 294, 506, 307, 34 भा.द.वि. कायम किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा आहत, गवाहों का कथन लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और आहत का मेडिकल कराकर रिपोर्ट अनुसार प्रकरण में धारा 324 भा.द.वि. जोड़ी। आहत, गवाहों के बयान पर पुलिस ने तत्काल दोनों आरोपी विवेक पैंकरा उर्फ बिट्टू पिता लखेराम पैंकरा उम्र 20 वर्ष सा. वार्ड क्र. 09 नावापारा घरघोड़ा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.), शैलेष चौहान उर्फदादू पिता स्व. राकेश चौहान उम्र 21 वर्ष सा. वार्ड क्र. 06 शैतान चैक घरघोड़ा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को शैतान चैंक पर हिरासत में लिया गया जिनके मेमोरंडम पर एक बिना नंबर काला रंग का हीरो स्प्लेंडर मोटर सायकल और एक चाकू जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को घरघोड़ा पुलिस ने न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड लिया गया है, दोनों आरोपियों को जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर आरोपियों की तत्काल पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

# अवैध शराब के विरूद्ध की गई कार्रवाई, 12 आरोपी गिरफ्तार





पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम कोपेडीह में कच्ची महुआ शराब बनाकर बेचने की शिकायत पर जिला पुलिस एवं आबकारी की अलग-अलग टीम बनाकर थाना भखारा क्षेत्र के ग्राम कोपेडीह में अवैध रूप से कच्छी महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहे आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एवं जिला पुलिस द्वारा संयुक्त रेड कार्यवाही की गई। जहां पर 12 आरोपियों से अलग अलग कुल सात प्रकरण दर्ज कर कुल 340 लीटर कच्छी महुआ शराब कीमती 68,000 रुपये को जब्त किया गया है एवं लाखों के लगभग 50 क्विंटल लाहान नष्ट किया गया एवं कच्छी महुआ शराब बनाने के सामानों को नष्ट किया गया है। पकडे गये आरोपियो में कर्तिक राम बंजारे पिता झाड़ू राम बंजारे उम्र 42 वर्ष साकिन कॉपेडीह, दुकालू पिता समारु बंजारे उम्र 65 वर्ष जाती सतनामी साकिन कोपेडीह, चंद्रकुमार बंजारे पिता दुकालू बंजारे उम्र 37 वर्ष जाति सतनामी साकिन कॉपेडीह, खिलेश्वर चन्देल पिता बिसनाथ चन्देल उम्र 28 वर्ष साकिन कोपेडीह से 25 लीटर, अनिता गायकवाड पति बलराम गायकवाढ उम्र 32 वर्ष साकीन कोपेडीह, मोहिनी बंजारे पति ललित बंजारे उम्र 26 वर्ष साकीन कोपेडीह, जितेंद्र कुमार बंजारे पिता स्वर्गीय दशरथ राम बंजारे उम्र 26 वर्ष साकीन कोपेडीह, हेमा चतुर्वेदी पति स्वर्गीय बलराम चतुर्वेदी 38 वर्ष उम्र साकीन जरवाय थाना रानीतरई जिला दुर्ग हॉल कोपेडीह, उत्तम चंदेल पिता स्वर्गीय मटारू चंदेल उम्र 60 वर्ष साकीन कोपेडीह, लोकेश्वर चंदेल पिता उत्तरा चंदेल उम्र 19 वर्ष साकीन रनचिरई थाना रनचिरई जिला बालोद हॉल कोपेडीह, कुमारी बाई चंदेल पति मोहन चंदेल उम्र 33 वर्ष साकिन कोपेडीह दसरी बाई बंजारे पति स्वर्गीय तिहारू राम बंजारे उम्र 70 वर्ष साकीन कोपेडीह 12 आरोपियों के विरुद्ध थाना भखारा एवं आबकारी विभाग द्वारा धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में जिला पुलिस एवं आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम सहित प्रशासन की टीम भी उपस्थित थे।

## 21 एवं 22 को विशेष अभियान

**धमतरी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त प्रयास में सभी जिला मुख्यालय में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा दी जा रही है। जिला कार्यकम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर ने बताया कि आगामी 21 एवं 22 मई 2024 को विशेष अभियान के तहत् हाई बीपी की शिकायत, शुगर की बीमारी है या किसी भी कारण से रक्त जांच में किएटिनीन की मात्रा 5 से अधिक आता है, ऐसे मरीज की जांच की जाएगी। जिनको डायलिसिस की आवश्यकता होती है, उन मरीजों का जिला अस्पताल में डायलिसिस निःशुल्क किया जायेगा व अन्य मरीज भी जो प्राइवेट अस्पतालों में मोटा फीस देकर डायलिसिस कराते हैं उन्हे भी निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा दिया जाता है। यह सुविधा जिला अस्पताल में इसकॉज संजीवनी के सहयोग से उपलब्ध है। इसलिए जो मरीज जिन्हे डायलिसिस की आवश्यकता होती है, कभी भी जिला अस्पताल आकर चिकित्सकीय परामर्श के बाद निःशुल्क डायलिसिस करा सकते हैं।

# अंचल में धूमधाम से मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व

## लोगों ने घरों में ही रहते हुए गुड्डा गुड्डी की शादी की





पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्रामीण अंचल में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसकी तैयारी बच्चे कई दिनों से कर रहे थे। इस मौके पर वर पक्ष के बच्चों ने जहां गुड्डे की गाजे.बाजे के साथ बारात निकाली। वहीं वधु पक्ष के बच्चों ने बारात स्वागतए भांवर व टिकावन का परंपरा को निभाते हुए शादी संपन्न कराई। बच्चों ने घास-फूंस का बाकायदा मंडप भी तैयार किया था। अंचल में अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही जोरों शोरों से बच्चों द्वारा मुख्य रूप से मनाया गया। बच्चे अपने अपन घरों में ही रहकर पर्व का आनंद उठाएं एवं अपने ही घर के आंगन छोटे छोटे बांस से मंडप तैयार किया गया एवं सजाया गया यहां पर गुड्डा-गुड्डी की शादी की एवं अपने परिवार जनों से ही उनके भेंट उपहार को प्राप्त किए एवं बड़ों से आशीर्वाद लेकर अक्षय तृतीया पर्व की शुभकामनाएं दी। अक्षय तृतीया का पर्व दान के लिए अत्यधिक प्रसिद्ध है इसलिए इस दिन लोग मंदिरों या ब्राह्मणों के यहां मिट्टी के घड़े को यथा सामर्थ्य अनुसार दान करते हैं एवं ग्रामीण अंचलों में इस दिन विशेष रूप से ठाकुर देव की पूजा की जाती है एवं उन्हें भेंट स्वरूप नए धान चढ़ाए जाते हैं और उसी दिन खेत में जाकर उन धान का छिड़काव कर अच्छे फसल की कामना की जाती है। अक्षय तृतीया का पर्व का अर्थ है कभी क्षय न होने वाला पर्व अर्थात शाश्वत तृतीया का दिन है जो कभी क्षय नहीं होता इस दिन किए गए कार्य कभी क्षय नहीं होते एवं इस दिन सभी प्रकार के नए कार्य जैसे विवाह गृह प्रवेश मुंडन इत्यादि कार्य बिना मुहूर्त या पंचांग देखें कर सकते हैं यह एक प्रकार का अबूझ मुहूर्त वाला दिवस है।

# के एल उद्यानिकी महा. के छात्रो ने हाईड्रो कार्बनिक विषय के फायदे के बारे में बताया



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

केएल उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह धमतरी के चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दिनों ग्राम लोहारसी मे ग्रामवासियों एवं किसानों को hydroponics के विषय प्रदर्शन के माध्यम से छात्र छात्राओं के द्वारा विधियो तथा उनसे होने वाले फायदे के बारे मे जानकारी दी। इस प्रदर्शन का संचालन चतुर्थ वर्ष के ग्रुप ए किया गया। ग्रुप के सदस्य अन्नदा ठाकुर ग्रुप के अन्य सदस्य दानिश खान, आकाश ठाकुर, अजय कुमार वर्मा, चंचल मरकाम, अपर्णा द्वारा कार्य को पूरा किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासी श्यामलाल साहू, दिनेश यादव, भगवती राम साहू, लक्ष्मी नारायण तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार पांडे तथा विषय शिक्षक गीतेश्वर पाठक के द्वारा विद्यार्थियों के इस कार्य की सराहना की गई।

# अब राहगीरों का गला तर करने में जुटी खाकी वर्दी

**गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए पुलिस ने लगाया प्याऊ**



पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिले के कई स्थानों पर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए प्याऊ घर खोले गये हैं। इसी कड़ी में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा थाना के सामने मुख्य मार्ग पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। प्याऊ में पहले दिन थाना चक्रधरनगर के पुलिकर्मियों ने राहगिरों को ठंडा पानी पिलाया। आने वाले दिनों में नवतपा को देखते हुए व्यस्तम रास्ते पर पुलिस की प्याऊ व्यवस्था को रहवासियों द्वारा पुलिस की अच्छी पहल बताया जा रहा है।

# बेलरदोना के पंच नगारची को सुनवाई हेतु उपस्थित होने कहा गया

**धमतरी ।** जनपद पंचायत मगरलोड के ग्राम पंचायत बेलरदोना स्थित वार्ड क्रमांक 10 के पंच टेकराम नगारची को अंतिम सुनवाई के लिए 15 दिवस के भीतर उपस्थित होने कहा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने पत्र जारी कर कहा कि पंच नगारची द्वारा बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें पंच पद से पृथक करने संबंधी ग्राम पंचायत का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इस संबंध में पूर्व में भी पंच को सुनवाई हेतु उपस्थित होने के संबंध में पत्राचार किया गया, किन्तु वे सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं हुए। अब उन्हें अंतिम सुनवाई के लिए 15 दिनों के भीतर उपस्थित होने सीईओ जिला पंचायत द्वारा कहा गया है।

# जामपाली खुली खदान में सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल विलासपुर के तत्वाधान में सुचेतना महिला समिति रायगढ़ क्षेत्र की टीम परहित और कल्याण को समर्पित सेवा एवं सदभाव से अर्पित पूनम मिश्रा एवं उनके सहयोगियों से प्रेरित होकर सुचेतना महिला समिति की अध्यक्षा रीना पांडे के दिशानिर्देशन मे जामपाली खुली खदान के काली मंदिर प्रांगण मे समाज के प्रति सेवा भावना से समर्पित के तहत प्याऊ स्टाल की शुभारम्भ की गयी। जिसमे, जल जीरा, रसना,आम का पन्हा तथा तरबूज की सेवा साथ शुरुवात की गयी। उक्त कार्यक्रम मे सुचेतना महिला समिति की वृंदा चौबे, स्नेहा अटल, मंजू अहिरवार, कल्याणी प्रधान, रोशनी लम्बा, भारती साहू, मधुमती बनर्जी, सरिता कश्यप एवं अनसुईया की गरिमामयी उपस्थित रहीं। सुचेतना महिला समिति रायगढ़ खदान क्षेत्र में जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहती है।

# पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित किसी भी शाला का नाम परिवर्तित नहीं होगा : विजय बघेल

## बिना तथ्यों को जाने की जा रही बयानबाजी फर्जी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के सांसद और दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी विजय बघेल ने स्वामी अत्मानंद स्कूलों के नाम बदलने को लेकर फैलाए जा रहे झूठ के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथों लिया और कहा है बिना तथ्यों को जाने की जा रही बयानबाजी फर्जी आदमी की फर्जी बातें हैं। सांसद विजय बघेल ने स्पष्ट किया कि पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित किसी भी शाला का नाम परिवर्तित नहीं होगा, चयनित विद्यालयों के इस योजना में शामिल हो जाने से केन्द्र सरकार से अतिरिक्त आर्थिक एवं तकनीकी सुविधाएँ प्राप्त होंगीं। भाजपा सांसद बघेल ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर कांग्रेस एक बार फिर 'प्रलाप-मोड' पर आ गई है। कांग्रेस इस योजना को लेकर तरह-तरह के झूठ फैलाकर प्रदेश की जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिशों में जुटी है। जिस कांग्रेस ने साधु-संतों पर गोलियाँ बरसाने और हर मौके पर उन्हें अपमानित करने में जरा भी शर्म महसूस नहीं की, कांग्रेस साधु-संतों के नाम पर घृणित राजनीति कर रही है जबकि आत्मानंद स्कूलों के लिए एक रुपए का बजट प्रावधान नहीं करके भूपेश सरकार ने खुद स्वामी आत्मानंदजी का घोर अपमान करने काम किया था, जबकि केंद्र सरकार ने पीएमश्री योजना के तहत आगामी पाँच वर्षों के लिए 27 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल में खोले गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों की दुर्दशा, अव्यवस्था से पूरा प्रदेश वाकिफ है। अब प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिहाज से अनुकरणीय पहल कर रही है तो कांग्रेस के लोग प्रलाप कर रहे हैं। दरअसल जब भी विकास और शिक्षा के उन्नयन की बात होती है, कांग्रेस भयभीत नजर आने लगती है क्योंकि जहाँ-जहाँ शिक्षा का स्तर बढेगा, कांग्रेस खत्म होती जाएगी, जहाँ-जहाँ गरीबी हटेगी, कांग्रेस समाप्त होगी। भाजपा सांसद बघेल ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने किसी भी अपनी योजना-घोषणा के लिए कोई बजट प्रावधान नहीं किया और इधर-उधर की मदों के पैसों से योजना चलाते रहे और छत्तीसगढ़ को 91 हजार करोड़ रुपए के कर्ज के दलदल में धँसा दिया और एक भी इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम नहीं किए। झूठ परोसकर जिस पीएमश्री योजना को लेकर भूपेश बघेल प्रलाप कर रहे हैं, दरअसल उस योजना के तहत केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत देशभर के 14,500 सरकारी स्कूलों अपग्रेड करने का फैसला लिया है। इन स्कूलों को पीएमश्री योजना के अंतर्गत अपग्रेड किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी इसका लाभ मिलेगा, इस योजना के तहत प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों का चयन किया गया है और दूसरे चरण में 500 से अधिक शालाओं का चयन होगा। इसमें एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल हैं। भाजपा सांसद बघेल ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना का शुभारंभ किया था। पीएमश्री योजना के पहले चरण में प्रत्येक शाला पर 2 करोड़ रुपए खर्च करके 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर अपग्रेड किया जाएगा। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार / राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकार स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से चयनित मौजूदा स्कूलों को मज़बूत करना है। इसके अलावा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक व्यापक पहुँच प्रदान करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक पीएमश्री स्कूल स्थापित करने की योजना है। भाजपा सांसद बघेल ने कहा कि पीएमश्री योजना शिक्षा जगत में क्रांति लाएगी। इस योजना का सिर्फ एक मापदंड है जिसके तहत केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार शिक्षा के उत्थान के लिए भर-भरकर पैसा और संसाधन प्रदान करने वाली है। पीएमश्री योजना हर स्कूलों के लिए पद्मश्री के समान होगा और हर स्कूलों में खुद को बेहतर बनने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी। बघेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति, जिसमें शिक्षकों स्तर को उठाने के कार्य होंगे, पीएमश्री योजना उसका प्रवेश द्वार साबित होगी। प्रधानमंत्रीश्री योजना 2024 का फायदा गिनाते हुए बघेल ने कहा कि इसमें कक्षा शिक्षकों को अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करना, उन्हें शैक्षिक प्रणाली को बढ़ाने के लिए विविध उपकरणों से परिचित कराना शामिल है। इस योजना में मापदंड पूरा करने पर देश का कोई भी स्कूल शामिल हो सकता है। चयनित होने पर, स्कूल एक आधुनिक संस्थान में बदल जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, व्यक्तियों को योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## पीएमश्री स्कूल बनाना है तो नये स्कूल खोल ले, आत्मानंद स्कूल ही क्यों : दीपक बैज



स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदले जाने का कांग्रेस हर स्तर पर विरोध करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद जी छत्तीसगढ़ में जन्में एक विद्वान संत और विश्वविख्यात आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे और इसीलिए कांग्रेस की सरकार ने इस योजना का नाम उनके नाम पर रखा था। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार उनके नाम को हटाना चाहती है। शासन की ओर से 'स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना' का नाम बदलकर 'पीएमश्री' करने का आदेश जारी किया गया है, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों की सहमति लेने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस पार्टी की ओर से हम सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपील करते हैं कि सरकार की ओर से इस तरह का कोई प्रस्ताव आता है तो इसका लिखित और मुखर विरोध करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ की धरोहर थे। भाजपा सरकार उनके नाम को सिर्फ इसलिये बदलना चाहती है कि उनके नामों को पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया था। छत्तीसगढ़ के एक विश्वविख्यात संत और आध्यात्मिक व्यक्ति के नाम पर चल रही योजना का नाम बदलने से पता चलता है कि अब भाजपा को संतों और धार्मिक व्यक्तियों से भी दिक्क त होने लगी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ की विभूति है, उनके नाम से जो स्कूल चालू किया गया था यह स्कूल एक महत्वकांक्षी योजना के तहत शुरू किया गया था। गरीबों के बच्चों को मुफ्त अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दी गयी और उसके सार्थक परिणाम भी सामने आये। 10 वी और 12 वी में 75 फीसदी से अधिक बच्चे प्रवीण्य सूची में आये। ऐसे में स्कूल का नाम दलीय दुर्भावना से बदला जाना दुर्भाग्यजनक है। भारतीय जनता पार्टी के इन स्कूलों के सामने पीएम श्री लगायेगी। प्रधानमंत्री का या केन्द्र सरकार का इन स्कूलों के स्थापना में क्या योगदान है? पिछले 5 महीनों से इन स्कूलों के शिक्षकों को वेतन क्यों नही दिया जा रहा है सीधे-सीधे इन स्कूलों को बंद करने की साजिश भारतीय जनता पार्टी कर रही है। यह छत्तीसगढ़ के गरीब, मध्यम बच्चों के साथ अन्याय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद के तहत लगभग 700 स्कूल है। उन स्कूलों पर स्टक्चर डेवलपमेंट किया जा चुका है। स्कूलों में अच्छे शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। स्कूलों में बच्चो की भर्ती शुरू हो चुकी है। परीक्षा परिणाम बेहतर आ रहे है। पीएमश्री के माध्यम से कुछ नया करता चाहते है, कुछ नया जोड़ना चाहते है तो नये स्कूलों का चयन करना चाहिये। स्वामी आत्मानंद स्कूलों को ही टारगेट किया जाना सरकार की बदनीयती को दर्शाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद आरंभ से ही मेधावी छात्र रहे और नागपुर विश्वविद्यालय में गणित में एमएससी प्रवीणता के साथ पास की थी। उनकी जीवनी में लिखा है कि वे आईएएस (तत्कालीन आईसीएस) के लिए चयनित हो गए थे पर जनसेवा के लिए उन्होंने संन्यास का रास्ता चुना। उनके ज्ञान की वजह से दुनिया भर में उन्हें प्रवचन देने के लिए बुलाया जाता था। छत्तीसगढ़ में हमेशा उन्हें गौरव के रूप से देखा जाता रहा है। इसीलिए जब वंचित वर्ग के बच्चों के लिए कांग्रेस की सरकार ने अंग्रेज़ी माध्यम के स्कूल खोलने का निर्णय लिया तो योजना को स्वामी आत्मानंद जी के नाम पर रखने का फैसला किया गया। अगर भाजपा की सरकार सिर्फ इसलिए स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलना चाहती है क्योंकि यह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरु हुई योजना है तो यह एक आध्यात्मिक विद्वान व्यक्तित्व के बारे में भाजपा के नेताओं की सोच को दर्शाता है।

## गांव-गांव तक विकास पहुंचाने हमें जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे हम उठाएंगे : गृहमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



गृहमंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बीजापुर में हुई मुठभेड़ को लेकर कहा कि बीजापुर के जंगल में एक हजार से दो हजार जवानों ने सर्च ऑपरेशन किया था। इस दौरान मारे गए 12 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी जवानों की बहादुरी के कारण ही संभव हो पाया है। बस्तर के गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए हमें जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे हम उठाएंगे। नक्सलियों से बातचीत को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने एक बार फिर कहा कि बातचीत का रास्ता बिल्कुल खुला है। सरकार बातचीत के माध्यम से ही इसको समाप्त करना चाहती है। बातचीत के माध्यम से ही सरकार बस्तर के गांव के विकास का मार्ग प्रशस्त करना चाहती है। उन्होंने बताया कि अब तक 250 से ज्यादा नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं बड़ी संख्या में नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया है। नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा सभी क्षेत्रों में समग्रता के साथ यह काम हो रहा है। पड़ोस के राज्यों से भी हमारी बातचीत हुई है।

### छोटा हाथी और ब्रेजा की टक्कर, 4 की मौत

**अंबिकापुर।** रायगढ़ मार्ग पर बतौली थाना क्षेत्र में छोटा हाथी और ब्रेजा कार में आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो जाने से वाहन में सवार चार लोगों की मौत हो गई। छोटा हाथी में सवार तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं कार में भी तीन लोग सवार थे। जिसमें से एक व्यक्ति की मौत होने की खबर निकलकर सामने आई है। दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ जाने से शव वाहन में बुरी तरह से फंसे रहे। जिसके बाद पुलिस किसी तरह से गैस कटर मशीन से वाहन को काट कर शवों को बाहर निकाला गया। कार सवार दो लोगों को गंभीर चोट आई है। देर शाम तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जा रहा है कि, कार अंबिकापुर से सीतापुर और छोटा हाथी वाहन सीतापुर के अंबिकापुर की ओर आ रही थी तभी उक्त हादसा हुआ।

## आपस में भिड़े पुलिस कर्मी, एसपी ने किया निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

तारबाहर थाने के आरक्षक वसूली के विवाद को लेकर आपस में ही मारपीट हो गई। मारपीट के बाद एसपी ने सभी आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस विभाग से जुड़े सूत्रों से मिली खबर के अनुसार एसीसीयू में पदस्थ आरक्षकों का तारबाहर थाने में पदस्थ आरक्षक दीपक उपाध्याय से वसूली को लेकर विवाद चल रहा था। दीपक भी पूर्व में एसीसीयू में पदस्थ था, फिर उसे हटा दिया गया था। वह वर्तमान में तारबाहर थाने में पदस्थ हैं। तारबाहर थाना क्षेत्र अंतर्गत व्यापार विहार में ही नकली माल पकड़ने के मामले में दीपक उपाध्याय का एसीसीयू के आरक्षकों से विवाद हो गया। पहले दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को फोन पर बहस हुई। उसके बाद एसीसीयू के आरक्षक सरफराज खान व बलबीर सिंह स्कॉर्पियो से तारबाहर थाने के पास पहुंच गए। बाइक से जा रहे आरक्षक दीपक उपाध्याय की नजर उन पर पड़ गई। दोनो पक्ष एक दूसरे को देखते ही गरम हो जाय और दोनो पक्षों के बीच वाद विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि आरक्षक दीपक उपाध्याय नशे में था और नशे की हालत में ही वह सरफराज व बलबीर से भिड़ गया। सरफराज व बलबीर ने स्कॉर्पियो से फाइबर पाइप निकाल कर दीपक की पिटाई शुरू कर दी। तारबाहर थाने से चंद कदम दूरी पर ही कानून के रक्षक वर्दी की मर्यादा को तार-तार कर गुंडे मवालियों की तरह मारपीट करने लगे। मारपीट की खबर जैसे ही अधिकारियों को लगी उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों का मुलाहिजा करवाया। जिसमें एक आरक्षक के शराब पीने की पुष्टि भी हुई। इस अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए एसपी रजनेश सिंह ने एडिशनल एसपी उमेश कश्यप को मौखिक आदेश पर निर्देशित कर एसीसीयू के आरक्षक सरफराज खान, बलबीर सिंह व तारबाहर थाने के आरक्षक दीपक उपाध्याय को लाइन अटैच कर दिया है।










"माँ की ममता और उसका प्यार,
बच्चे के लिए है सारा संसार"

"मरीजों की जो हर वक्त
फिक्र करते है, उन्हें
कभी नर्स तो कभी
सिस्टर कहते हैं"

नर्स दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ...











सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403